यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स कृत

# समीक्षा अधिकारी/ सहायक समीक्षा अधिकारी मुख्य परीक्षा

# सॉल्वड पेपर्स

## सामान्य अध्ययन, सामान्य हिन्दी, पत्र लेखन एवं निबन्ध


**प्रधान सम्पादक**

आनन्द कुमार महाजन

**सम्पादक**

अधिवक्ता अभिषेक सिंह

**कम्प्यूटर ग्राफिक्स**

बालकृष्ण, चरन सिंह

**सम्पादकीय कार्यालय**

12, चर्च लेन, प्रयागराज-211002

**मो. : 9415650134**

**Email : yctap12@gmail.com**

**website : www.yctbooks.com/www.yctfastbook.com/www.yctbooksprime.com**



**©All Right Reserved with Publisher**



**प्रकाशन घोषणा**

प्रधान सम्पादक एवं प्रकाशक आनन्द कुमार महाजन ने E:Book by APP Youth Prime BOOKS , से मुद्रित करवाकर, वाई.सी.टी. पब्लिकेशन्स प्रा. लि., 12, चर्च लेन, प्रयागराज के लिए प्रकाशित किया।


इस पुस्तक को प्रकाशित करने में सम्पादक एवं प्रकाशक द्वारा पूर्ण सावधानी बरती गई है फिर भी किसी त्रुटि के लिए आपका सुझाव एवं सहयोग सादर अपेक्षित है।

**किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा।**

# विषय-सूची

## उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी मुख्य परीक्षा

### भाग-1


■ उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (मुख्य) परीक्षा 2021
- सामान्य अध्ययन....3-20
- सामान्य हिन्दी....21-22
- सामान्य हिन्दी, आलेखन एवं निबन्ध....23-34


### भाग-2


■ उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (मुख्य) परीक्षा 2016
- सामान्य अध्ययन....3-29
- सामान्य हिन्दी....30-31
- सामान्य हिन्दी, आलेखन एवं निबन्ध....32-34


### भाग-3


■ उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (मुख्य) परीक्षा 2017
- सामान्य अध्ययन....3-19
- सामान्य हिन्दी....20-22
- सामान्य हिन्दी, आलेखन एवं निबन्ध....23-26

■ उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (मुख्य) परीक्षा 2014
- सामान्य अध्ययन....27-40
- सामान्य हिन्दी....41-43
- सामान्य हिन्दी, आलेखन एवं निबन्ध....44-47

■ उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (मुख्य) परीक्षा 2013
- सामान्य अध्ययन....48-61
- सामान्य हिन्दी....62-63
- सामान्य हिन्दी, आलेखन एवं निबन्ध....64-67

■ उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (मुख्य) परीक्षा 2010
- सामान्य अध्ययन....68-82
- सामान्य हिन्दी....83-85
- सामान्य हिन्दी, आलेखन एवं निबन्ध....86-88

■ उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी विशेष (मुख्य) परीक्षा 2010
- सामान्य अध्ययन....89-105
- सामान्य हिन्दी....106-108
- सामान्य हिन्दी, आलेखन एवं निबन्ध....109-112


## उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग समीक्षा अधिकारी/यू.डी.ए./एल.डी.ए. मुख्य परीक्षा


■ उत्तराखण्ड समीक्षा अधिकारी (मुख्य) परीक्षा 2016
- सामान्य अध्ययन....113-127
- सामान्य हिन्दी, आलेखन एवं निबन्ध....128-130

■ उत्तराखण्ड यू.डी.ए./एल.डी.ए. (मुख्य) सामान्य अध्ययन परीक्षा 2006
- सामान्य अध्ययन....131-141
- सामान्य हिन्दी, आलेखन एवं निबन्ध....142-144

# उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (मुख्य) परीक्षा 2021

# सामान्य अध्ययन

**व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र** (परीक्षा तिथि : 24 अप्रैल, 2022)

**1. During his annexation of Afghanistan, who invited Babur to invade India?**
**अफगानिस्तान पर आधिपत्य के समय बाबर को किसने भारत पर आक्रमण करने के लिए निमंत्रण दिया था?**

(a) Ustad Ali/उस्ताद अली (b) Mustafa/मुस्तफा
(c) Daulat Khan/दौलत खान (d) Hasan Khan/हसन खान

**Ans. (c) :** अफगानिस्तान पर आधिपत्य के समय बाबर को पंजाब के सूबेदार दौलत खाँ लोदी और मेवाड़ के शासक राणा सांगा ने भारत पर आक्रमण करने के लिए आमंत्रित किया था। वास्तव में दौलत खाँ की सोच यह थी कि बाबर भी तैमूर की तरह भारत को लूटकर वापस अपने देश चला जाएगा। जिससे इब्राहिम लोदी की स्थिति कमजोर होगी जिसका लाभ उठाकर वह अपनी स्थिति मजबूत कर सकता था।

**2. Who is the author of the book "Death in Banaras"?**
**''डेथ इन बनारस'' पुस्तक के लेखक कौन हैं?**

(a) Meena Kaushik/मीना कौशिक
(b) Jonathan Parry/जोनाथन पैरी
(c) B.D. Tripathi/बी.डी. त्रिपाठी
(d) Ron Barrett/रॉन बैरेट

**Ans. (b) :** 'डेथ इन बनारस' के लेखक जोनाथन पैरी हैं। इनकी अन्य पुस्तकों के नाम द पॉलिटिक्स ऑफ पैट्रोटिज्म और क्लासेस ऑफ लेबर, कास्ट एंड किनशिप इन कांगरा आदि हैं।

**3. Which one of the following pairs is not correctly matched?/निम्नलिखित युग्मों में से कौन एक सही सुमेलित नहीं है?**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | Bleaching power<br>ब्लीचिंग पाउडर | – | Calcium oxychloride<br>कैल्शियम ऑक्सीक्लोराइड |
| (b) | Plaster of Paris<br>प्लास्टर ऑफ पेरिस | – | Calcium bicarbonate<br>कैल्शियम बाइकार्बोनेट |
| (c) | Washing Powder<br>वॉशिंग पाउडर | – | Sodium carbonate<br>सोडियम कार्बोनेट |
| (d) | Baking Soda<br>बेकिंग सोडा | – | Sodium bicarbonate<br>सोडियम बाइकार्बोनेट |

**Ans. (b) :** सही सुमेलन है–
ब्लीचिंग पाउडर – कैल्शियम ऑक्सीक्लोराइड
प्लास्टर ऑफ पेरिस - कैल्शियम सल्फेट हेमी हाइड्रेट
वॉशिंग सोडा – सोडियम कार्बोनेट
बेकिंग सोडा – सोडियम बाईकार्बोनेट
अतः (b) सुमेलित नहीं है।

**4. Match List-I with List-II and select the correct answer using the code given below the lists-**
**सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए-**

| | List-I/सूची-I (Provinces of Australia ऑस्ट्रेलिया के प्रांत) | | List-II/सूची-II (Capital city राजधानी शहर) |
|---|---|---|---|
| A | New South Wales<br>न्यू साउथ वेल्स | 1 | Brisbane<br>ब्रिसबेन |
| B | Queensland/क्वींसलैंड | 2 | Sydney<br>सिडनी |
| C | Victoria/विक्टोरिया | 3 | Perth/पर्थ |
| D | Western Australia<br>पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया | 4 | Melbourne<br>मेलबॉर्न |

**Code/कूट :**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 | (b) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (c) | 2 | 1 | 4 | 3 | (d) | 2 | 1 | 3 | 4 |

**Ans. (c) :** सही सुमेल इस प्रकार है–

| (आस्ट्रेलिया के प्रांत) | | (राजधानी शहर) |
|---|---|---|
| न्यू साउथ वेल्स | – | सिडनी |
| क्वींसलैण्ड | - | ब्रिसबेन |
| विक्टोरिया | - | मेलबॉर्न |
| पश्चिमी आस्ट्रेलिया | – | पर्थ |

अतः विकल्प (c) सही है।

**5. Match List-I with List-II and select the correct answer using the code given below the lists-**
**सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए-**

| | List-I/सूची-I (Organisation/संगठन) | | List-II/सूची-II (Establishment year/स्थापना वर्ष) |
|---|---|---|---|
| A | Lalit Kala Academy<br>ललित कला अकादमी | 1 | 1954 |
| B | Sangeet Natak Academy<br>संगीत नाटक अकादमी | 2 | 1952 |
| C | National School of Drama<br>राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय | 3 | 1959 |
| D | Centre for Cultural Resources and Training/सांस्कृतिक संसाधन एवं प्रशिक्षण केंद्र | 4 | 1979 |

**Code/कूट-**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 | (b) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (c) | 4 | 3 | 2 | 1 | (d) | 3 | 2 | 4 | 1 |

**Ans. (a) :** सही सुमेल इस प्रकार है–

| सूची-I (संगठन) | सूची-II (स्थापना वर्ष) |
|---|---|
| (A) ललित कला अकादमी | 1954 |
| (B) संगीत नाटक अकादमी | 1952 |
| (C) राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय | 1959 |
| (D) सांस्कृतिक संसाधन एवं प्रशिक्षण केन्द्र | 1979 |

**6. Which of the following Tiger Reserves is not situated in Madhya Pradesh?**
**निम्नलिखित बाघ अभ्यारण्य (टाइगर रिजर्व) में से कौन-सा मध्य प्रदेश में स्थित नहीं है?**

(a) Amangarh/अमनगढ़ (b) Bandhavgarh/बांधवगढ़
(c) Kanha/कान्हा (d) Sanjay Dubri/संजय-दुबरी

**Ans. (a) :** अमनगढ़ बाघ अभयारण्य उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले में 95 वर्ग किमी. क्षेत्र में स्थित है। इसे कॉर्बेट बाघ अभयारण्य के बफर क्षेत्र के रूप में घोषित किया गया है। बांधवगढ़, कान्हा, संजय-दुबरी बाघ अभयारण्य मध्य प्रदेश में स्थित हैं।

**7. Which one of the following coal based power plant is situated in Uttar Pradesh?**
**निम्नलिखित में से कौन सा कोयला आधारित बिजली संयंत्र उत्तर प्रदेश में स्थित है?**

**1. Darlipali/डार्लीपाली 2. Dadri/दादरी**
**3. Singrauli/सिंगरौली 4. Vindhyachal/विंध्याचल**

**Select the correct answer using the code given below/नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए-**

**Code/कूट :**

(a) 1 and 3/1 और 3 (b) 2 and 3/2 और 3
(c) 2 and 4/2 और 4 (d) 3 and 4/3 और 4

**Ans. (b) :** दादरी और सिंगरौली उत्तर प्रदेश में स्थित कोयला आधारित बिजली संयंत्र हैं। डार्ली-पाली ओडिशा और विंध्याचल मध्य प्रदेश में स्थित हैं।
उत्तर प्रदेश में NTPC की कोयला आधारित बिजली संयंत्रों की संख्या 5 है जो क्रमशः सिंगरौली, दादरी, रिहंद, फिरोजगाँधी ऊँचाहार तथा टांडा में हैं। कोयला आधारित एक बिजली संयंत्र मेजा (प्रयागराज) में है जो संयुक्त क्षेत्र का संयंत्र है।

**8. Which of the following is not correctly matched?**
**निम्नलिखित में से कौन सही सुमेलित नहीं है?**

| | Animal/पशु | | Breed/नस्ल |
|---|---|---|---|
| (a) | Cow/गाय | – | Deoni/देवनी |
| (b) | Goat/बकरी | – | Barbari/बरबरी |
| (c) | Buffalo/भैंस | – | Bhadawari/भदावरी |
| (d) | Sheep/भेड़ | – | Gir/गिर |

**Ans. (d) :** सही सुमेलित है-

| सूची-I (पशु) | | सूची-II (नस्ल) |
|---|---|---|
| गाय | - | देवनी |
| बकरी | - | बरबरी |
| भैंस | - | भदावरी |
| गाय | - | गिर |

गिर नस्ल गाय की है भेड़ की नहीं। अतः उत्तर विकल्प (d) सही है।

**9. Match List-I with List-II and select the correct answer using the code given below the lists-**
**सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए-**

| | List-I/सूची-I (Books/पुस्तक) | | List-II/सूची-II (Breed/लेखक) |
|---|---|---|---|
| A | Ras Panchadhyayi रास पंचाध्यायी | 1 | Vrindavan Das वृंदावन दास |
| B | Chaitanya Bhagvata चैतन्य भागवत | 2 | Jayananda जयनंदा |
| C | Chaitanya Mangal चैतन्य मंगल | 3 | Nand Das नन्द दास |
| D | Bhakti Ratnakara भक्ति रत्नाकर | 4 | Narahari Cakravarti नरहरि चक्रवर्ती |

**Code/कूट-**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 2 | 1 | (b) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (c) | 3 | 1 | 2 | 4 | (d) | 4 | 3 | 1 | 2 |

**Ans. (c) :** सही सुमेल इस प्रकार है–

| सूची-I (पुस्तक) | सूची-II (लेखक) |
|---|---|
| रास पंचाध्यायी | नन्द दास |
| चैतन्य भागवत | वृन्दावन दास |
| चैतन्य मंगल | जयनन्दा |
| भक्तिरत्नाकर | नरहरि चक्रवर्ती |

अतः विकल्प (c) सही सुमेलित है।

**10. Which one of the following groups of diet provides maximum energy to human body?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा आहार समूह मनुष्य के शरीर को अधिकतम ऊर्जा प्रदान करता है?**

(a) Fat, Protein, Vitamin/ वसा, प्रोटीन, विटामिन
(b) Vitamin, Mineral, Water/विटामिन, लवण, जल
(c) Carbohydrate, Fat, Protein/कार्बोहाइड्रेट, वसा, प्रोटीन
(d) Carbohydrate, Protein, Vitamin
कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, विटामिन

**Ans. (c) :** दिये गये आहार समूह में से अधिकतम ऊर्जा प्रदान करने वाला समूह कार्बोहाइड्रेट, वसा और प्रोटीन है। 1 ग्राम कार्बोहाइड्रेट तथा प्रोटीन से 4 कैलोरी ऊर्जा जबकि 1 ग्राम वसा से 9 कैलोरी ऊर्जा मिलती है। जल, विटामिन और लवण से कोई ऊर्जा नहीं मिलती बल्कि ये शरीर के उपापचय को सुचारु रूप से चलाने में सहायक होते हैं।

**11. Who among the following Indian leaders participated in all the three round table conferences?/तीनों गोलमेज सम्मेलनों में भाग लेने वाले भारतीय निम्नलिखित नेताओं में कौन थे?**

(a) Mahatama Gandhi/महात्मा गांधी
(b) B.S. Munje/बी.एस. मुंजे
(c) Dr. B.R. Ambedakar/डॉ. बी.आर. अम्बेडकर
(d) C.Y. Chintamani/सी.वाई. चिन्तामणि

**Ans. (c) :** तीनों गोलमेज सम्मेलन में भाग लेने वाले भारतीय डॉ. बी.आर. अम्बेडकर थे जबकि महात्मा गाँधी ने सिर्फ द्वितीय गोल-मेज सम्मेलन में भाग लिया था। उन्होंने इस सम्मेलन में कांग्रेस के प्रतिनिधि के रूप में भाग लिया। इसके अतिरिक्त एनीबेसेण्ट तथा सरोजनी नायडू ने भारतीय महिलाओं का प्रतिनिधित्व द्वितीय गोलमेज सम्मेलन में किया था।

**12. Which one of the following countries is not situated along the coast of Baltic Sea?/निम्नलिखित में से कौन से देश बाल्टिक सागर के तट पर स्थित नहीं हैं?**

(a) Latvia and Poland/लातविया और पोलैंड
(b) Latvia and Russia/लातविया और रूस
(c) Sweden and Russia/स्वीडन और रूस
(d) Sweden and Norway/स्वीडन और नॉर्वे

**Ans. (*) :** बाल्टिक सागर के तट पर स्थित देश डेनमार्क, एस्टोनिया, फिनलैंड, लातविया, लिथुआनिया, स्वीडन, जर्मनी, पोलैंड तथा रूस हैं। नार्वे की सीमा बाल्टिक सागर से नहीं लगती है। बाल्टिक सागर अटलांटिक महासागर की एक शाखा है। अतः इसका कोई भी विकल्प सही नहीं है।

13. **Which of the following state has won maximum number of medals in India skills 2021 competition, the result of which was declared by Government of India in January 2022?**
**निम्नलिखित में से किस राज्य ने भारत कौशल 2021 प्रतियोगिता में सबसे अधिक पदक जीते थे, जिसका परिणाम भारत सरकार द्वारा जनवरी 2022 में घोषित किया गया?**

(a) Gujarat/गुजरात (b) Maharashtra/महाराष्ट्र
(c) Kerala/केरल (d) Odisha/ओडिशा

**Ans. (d) :** भारत कौशल प्रतियोगिता 2021 में सबसे अधिक पदक ओडिशा (51) ने जीता जबकि महाराष्ट्र ने 30, केरल ने 25 पदक जीते। इस प्रतियोगिता का आयोजन नई दिल्ली में तालकटोरा इंडोर स्टेडियम में किया गया।

14. **With reference to the 'Trishul Peak in Himalayas', which of the following statements is/are correct?/'हिमालय में त्रिशूल शिखर' के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?**

**(1) It is situated in Bageshwar district of Uttarakhand./यह उत्तराखण्ड के बागेश्वर जिले में स्थित है।**

**(2) The peak is more than 7500 m high. यह चोटी 7500 मीटर से भी अधिक ऊँची है।**

**Select the correct answer from the code given below/नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए-**

**Code/कूट :**

(a) Only 1/केवल 1
(b) Only 2/केवल 2
(c) Both 1 and 2/दोनों 1 और 2
(d) Neither 1 nor 2/न तो 1 और ना ही 2

**Ans. (a) :** त्रिशूल पश्चिमी कुमाऊँ की तीन हिमालय पर्वत चोटियों का एक समूह है जिसकी सबसे ऊँची चोटी (त्रिशूल I) 7120 मी. है, तीन चोटियों को त्रिशूल I, त्रिशूल II, और त्रिशूल III नाम दिया गया है। त्रिशूल समूह नंदा देवी अभयारण्य को घेरने वाली चोटियों के वलय के दक्षिण-पश्चिम कोने का निर्माण करता है। त्रिशूल शिखर उत्तराखण्ड के बागेश्वर जिले के समीप स्थित है।

15. **Which one of the following is not a sub-category of terrestrial ecosystem?/निम्नलिखित में से कौन एक स्थलीय पारिस्थितिक तंत्र का उपभाग नहीं है?**

(a) Mountain ecosystem/पर्वत पारिस्थितिक तंत्र
(b) Marine ecosystem/सागरीय पारिस्थितिक तंत्र
(c) Lowland ecosystem/निम्न स्थलीय पारिस्थितिक तंत्र
(d) Semi-arid ecosystem/अर्ध-शुष्क पारिस्थितिक तंत्र

**Ans. (b) :** पारिस्थितिक तंत्र के प्रकार जो मुख्य रूप से भूमि पर पाये जाते हैं, स्थलीय पारिस्थितिक तंत्र कहलाते हैं। ये पृथ्वी के कुल सतह क्षेत्र का लगभग 25 से 30 प्रतिशत हैं।
भूमि पर जीवों और पर्यावरण के बीच अंर्तसंबंध स्थलीय पारिस्थितिकी का निर्माण करते हैं, स्थलीय पारिस्थितिक तंत्र के सबसे महत्वपूर्ण सीमित कारक आर्द्रता और तापमान है। स्थलीय पारिस्थितिक तंत्र में सम्मिलित क्षेत्र टुंड्रा, वन पारिस्थितिकी तंत्र, घास का मैदान पारिस्थितिकी तंत्र, मरूस्थली पारिस्थितिकी तंत्र, पर्वत पारिस्थितिकी तंत्र, निम्न स्थलीय पारिस्थितिकी तंत्र, अर्द्ध-शुष्क पारिस्थितिकी तंत्र आदि हैं। सागरीय पारिस्थितिक तंत्र, सबसे स्थायी पारिस्थितिक तंत्र है।
अतः उत्तर विकल्प (b) सही है।

16. **With reference to India's Third National Water Awards declared in January 2022, which of the following statements is/are correct? जनवरी 2022 में घोषित भारत के तीसरे राष्ट्रीय जल पुरस्कार के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

**(1) Uttar Pradesh was declared winner in the 'Best State Category'./उत्तर प्रदेश को 'सर्वश्रेष्ठ राज्य श्रेणी' में विजेता घोषित किया गया।**

**(2) Muzaffarnagar in Uttar Pradesh was declared as the best district in 'North Zone Category'./उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर को 'उत्तरी जोन श्रेणी' में सर्वश्रेष्ठ जिला घोषित किया गया।**

**Select the correct answer using the code given below/नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए-**

**Code/कूट :**

(a) Only 1/केवल 1
(b) Only 2/केवल 2
(c) Both 1 and 2/दोनों 1 और 2
(d) Neither 1 nor 2/न तो 1 और न ही 2

**Ans. (c) :** जनवरी 2022 में घोषित तीसरे राष्ट्रीय जल पुरस्कार, जिसमें उत्तर प्रदेश को सर्वश्रेष्ठ राज्य श्रेणी में विजेता घोषित किया गया। उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर को उत्तरी जोन श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ जिला घोषित किया गया। वही राज्यों में दूसरा व तीसरा स्थान राजस्थान और तमिलनाडु का है। पहला राष्ट्रीय 'जल पुरस्कार 2018 में दिया गया था। चौथा राष्ट्रीय जल पुरस्कार 17 जून, 2023 को प्रदान किया गया। सर्वश्रेष्ठ राज्य मध्य प्रदेश, सर्वश्रेष्ठ जिला गंजम (ओडिशा) को पुरस्कृत किया गया।

17. **Part IX - A of the Constitution of India gave a constitutional foundation to the Local Self Government units in the gollowing areas-**
**भारत के संविधान के भाग IX-A में, निम्नलिखित क्षेत्र की स्थानीय स्वशासन की इकाईयों को संवैधानिक आधार प्रदान किया-**

**1. Rural areas/ग्रामीण क्षेत्र**
**2. Urban areas/शहरी क्षेत्र**

**Select the correct answer from the code given below the lists/नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :**

**Code/कूट-**

(a) Only 1/केवल 1
(b) Only 2/केवल 2
(c) Both 1 and 2/दोनों 1 और 2
(d) Neither 1 nor 2/न तो 1 और न ही 2

**Ans. (b) :** भारतीय संविधान के भाग IX-A में शहरी क्षेत्र की स्थानीय स्वशासन इकाईयों को वर्ष 1992 के 74वें संविधान संशोधन द्वारा संवैधानिक दर्जा दिया गया। इसे 'नगरपालिकाएं' नाम दिया गया और अनुच्छेद 243P-243ZG में इससे संबंधित उपबंध शामिल किए गये। जबकि भाग IX में 'पंचायत' शीर्षक से ग्रामीण क्षेत्र के स्थानीय स्वशासन को संवैधानिक आधार प्रदान किया गया है।

18. **Which one of the following is a bio-diesel plant? निम्नलिखित में से कौन-सा जैव-डीजल पौधा है?**

(a) Jatropha/जेट्रोफा (b) Java Grass/जावा घास
(c) Rosha Grass/रोशा घास (d) Guggul/गुग्गुल

**Ans. (a) :** जैव डीजल पौधा 'जेट्रोफा' है। इसे कई अन्य नामों से जाना जाता है जैसे- रतनजोत, जैव डीजल, जेट्रोफा करकास आदि। बायोडीजल पारंपरिक या जीवाश्म डीजल के समान एक वैकल्पिक ईंधन है। बायोडीजल का उत्पादन सीधे वनस्पति तेल, पशु वसा व अपशिष्ट खाना पकाने के तेल का उपयोग करके किया जा सकता है। इन तेलों को बायोडीजल में परिवर्तित करने के लिए ट्रांस

एस्टेरिफिकेशन किया जाता है। दिसंबर 2009 में केन्द्र सरकार ने 'नेशनल बायोडीजल मिशन (NBM) शुरू किया जिसमें पारंपरिक डीजल के साथ 20 प्रतिशत बायोडीजल मिश्रण का लक्ष्य रखा गया जिसमें जेट्रोफा की महती भूमिका हो सकती है।

**19. Mandsaur - Prashasti presents the details of the achievements of which ruler?**
**मन्दसौर-प्रशस्ति किस शासक की उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत करता है?**

(a) Skandagupta/स्कन्दगुप्त
(b) Chandragupta-II/चन्द्रगुप्त-II
(c) Ramagupta/रामगुप्त
(d) Kumaragupta-I/कुमारगुप्त-I

**Ans. (d) :** मंदसौर अभिलेख में गुप्तशासक कुमारगुप्त प्रथम की उपलब्धियों का विवरण दिया गया है। मंदसौर प्रशस्ति की रचना कवि वत्सभट्टि ने की थी। मंदसौर अभिलेख में ही सूर्य पूजा का वर्णन किया गया है तथा रेशम का काम करने वाले लोगों का भी वर्णन इसमें किया गया है। गुप्तकाल में कुमारगुप्त प्रथम ने ही सर्वाधिक अभिलेख जारी करवाया था।

**20. With reference to 'Parvati Arga' Ramsar site, which of the following statements is/are correct?**
**'पार्वती अरगा' रामसर स्थल के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

**(1) It is situated in Gonda district of Uttar Pradesh/यह उत्तर प्रदेश के गोण्डा जिले में स्थित है।**
**(2) It is a bird sanctuary./यह एक पक्षी अभ्यारण्य है।**
**Select the correct answer using the code given below/नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए-**
**Code/कूट-**

(a) Only 1/केवल 1
(b) Only 2/केवल 2
(c) Both 1 and 2/दोनों 1 और 2
(d) Neither 1 nor 2/न तो 1 और न ही 2

**Ans. (c) :** पार्वती अरगा, उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले में स्थित एक पक्षी अभ्यारण्य है। यह 722 हेक्टेयर में विस्तृत है। इसे फरवरी 2020 में रामसर साइट घोषित किया गया। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक 10 रामसर साइट हैं। देश में अगस्त, 2022 तक कुल 75 आर्द्रभूमि/रामसर साइट हैं। तमिलनाडु में रामसर स्थलों की संख्या (14) अधिकतम है।

**21. The first Krishi Vigyan Kendra was established in 1974 at which of the following place?**
**1974 में प्रथम कृषि विज्ञान केन्द्र की स्थापना निम्नलिखित में से किस स्थान पर हुई थी?**

(a) Chandigarh/चण्डीगढ़ (b) Nagpur/नागपुर
(c) Hyderabad/हैदराबाद (d) Pondicherry/पांडिचेरी

**Ans. (d) :** भारत में पहला 'कृषि विज्ञान केन्द्र' 1974 ई. में पांडिचेरी में स्थापित किया गया था। ये केन्द्र, एक स्थानीय कृषि विश्वविद्यालय से जुड़े होते हैं, जो भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् और किसानों के बीच संयोजक कड़ी के रूप में काम करते हैं। वर्तमान में कुल 725 कृषि विज्ञान केंद्र कार्यरत हैं।

**22. Uttar Pradesh has secured which place in Swachh Survekshan, 2021?/स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में, उत्तर प्रदेश ने कौन-सा स्थान प्राप्त किया था?**

(a) Fourth/चौथा (b) Third/तीसरा (c) Sixth/छठा
(d) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (c) :** स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में उत्तर प्रदेश को 6वां स्थान मिला है। वर्ष 2022 में उत्तर प्रदेश 10वें स्थान पर रहा। वर्ष 2020 में उत्तर प्रदेश सातवें स्थान पर था। इंदौर लगातार छठें वर्ष स्वच्छ सर्वेक्षण के अन्तर्गत सबसे स्वच्छ शहर होने के खिताब से सम्मानित किया गया। एक लाख से ज्यादा आबादी वाले शहरों में सूरत व विजयवाड़ा को दूसरा व तीसरा स्थान मिला है। 'वाराणसी' सर्वश्रेष्ठ 'गंगा शहर' घोषित किया गया।

**23. Which one of the following river basin is the largest in area?/निम्नलिखित में से कौन-सी नदी घाटी (बेसिन) क्षेत्रफल में सबसे बड़ी है?**

(a) Kaveri/कावेरी (b) Mahanadi/महानदी
(c) Narmada/नर्मदा (d) Tapti/ताप्ती

**Ans. (b) :** महानदी की नदी घाटी (बेसिन) 1,41,589 वर्ग किमी. के साथ उपर्युक्त नदियों में क्षेत्रफल में सबसे बड़ी है। कावेरी का बेसिन क्षेत्रफल 81,155 वर्ग किमी, नर्मदा का बेसिन क्षेत्रफल 98,796 वर्ग किमी. तथा ताप्ती का बेसिन क्षेत्रफल 65,145 वर्ग किमी. है।

**24. Match List-I with List-II and select the correct answer from the code given below the lists-**
**सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए-**

| | List-I/सूची-I (Nome of Scientist/ वैज्ञानिक का नाम) | | List-II/सूची-II (Area of work/ कार्य क्षेत्र) |
|---|---|---|---|
| A | Birbal Sahni बीरबल साहनी | 1 | Green Revolution हरित क्रान्ति |
| B | K.C. Mehta के.सी. मेहता | 2 | Embryology भ्रूण विज्ञान |
| C | P. Maheshwari पी. माहेश्वरी | 3 | Paleobotany जीवाश्म वनस्पति विज्ञान |
| D | M.S. Swaminathan एम.एस. स्वामीनाथन | 4 | Plant pathology पादप रोग विज्ञान |

**Code/कूट-**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 | (b) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (c) | 2 | 1 | 3 | 4 | (d) | 4 | 3 | 2 | 1 |

**Ans. (b) :** सही सुमेल इस प्रकार है–

| सूची-I (वैज्ञानिक का नाम) | | सूची-II (कार्य क्षेत्र) |
|---|---|---|
| (1) बीरबल साहनी | - | जीवाश्म वनस्पति विज्ञान |
| (2) के. सी. मेहता | - | पादप रोग विज्ञान |
| (3) पी. माहेश्वरी | - | भ्रूण विज्ञान |
| (4) एम.एस. स्वामीनाथन | - | हरित क्रान्ति |

**25. 'Uttar Pradesh Diversified Agriculture Support Project' (UP DASP) was sponsored in Uttar Pradesh by-/उत्तर प्रदेश में 'उत्तर प्रदेश कृषि विविधीकरण परियोजना' (यू.पी. डास्प) प्रायोजित की गई-**

(a) Government of Uttar Pradesh
उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा
(b) Central Government/केन्द्र सरकार द्वारा
(c) World Bank/विश्व बैंक द्वारा
(d) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (c) :** विविध कृषि सहायता परियोजना (डास्प) का प्रथम चरण 23 सितंबर, 1998 को विश्व बैंक की सहायता से प्रारम्भ किया गया था जो मार्च 2004 तक चला। इसका उद्देश्य किसानों की भागीदारी के माध्यम से कृषि विविधीकरण की प्रक्रिया को तेज करना था।
डास्प का द्वितीय चरण नवंबर 2007 में राज्य सरकार द्वारा प्रारम्भ किया गया जिसे आर.के.वी. वाई. (भारत सरकार) द्वारा प्रायोजित किया गया। यह चरण 31 मार्च, 2013 को पूरा हुआ।

**26. 'Krishak Samridhi Aayog' was established in Uttar Pradesh in which of the following year?**
**उत्तर प्रदेश में 'कृषक समृद्धि आयोग' की स्थापना निम्नलिखित में से किस वर्ष में हुई थी?**

(a) 2016 (b) 2017 (c) 2018 (d) None of the above

**Ans. (b) :** उत्तर प्रदेश में कृषक समृद्धि आयोग की स्थापना नवंबर 2017 में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में की गई थी। कृषक समृद्धि आयोग का उद्देश्य वर्ष 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करना है।

**27. With reference to Sher Shah Suri, which of the following statements is/are correct?**
**शेरशाह सूरी के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

**1. He was the architect of a brilliant administrative system./वह एक शानदार प्रशासनिक व्यवस्था के निर्माता थे।**

**2. However his qualities as a ruler were not more remarkable than his victories on the field of battle./हालांकि एक शासक के रूप में उनके गुण, युद्ध के मैदान पर उनकी जीत से अधिक उल्लेखनीय नहीं थे।**

**Select the correct answer from the code given below/नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए-**

**Code/कूट-**

(a) Only 1/केवल 1
(b) Only 2/केवल 2
(c) Both 1 and 2/1 और 2 दोनों
(d) Neither 1 nor 2/न तो 1 और न ही 2

**Ans. (a) :** मध्यकालीन भारतीय इतिहास में शेरशाह सूरी न सिर्फ एक शासक के रूप में प्रसिद्ध है बल्कि वह एक सुदृढ़ प्रशासनिक, आर्थिक, सैन्य व्यवस्थापक आदि के रूप में भी प्रसिद्ध है। वास्तव में उसकी प्रसिद्धि का मूल कारण युद्ध विजय से इतर उसके प्रशासनिक व्यवस्था में ही निहित था।

**28. At which one of the following places was India's first 'Open Rock Museum' inugurated in January 2022?/जनवरी 2022 में निम्नलिखित में से किस स्थान पर भारत के पहले 'ओपन रॉक संग्रहालय' का उद्घाटन किया गया?**

(a) Dehradun/देहरादून (b) Nanital/नैनीताल
(c) Hyderabad/हैदराबाद (d) Mount Abu/माउंट आबू

**Ans. (c) :** जनवरी 2022 में भारत में पहले 'ओपन रॉक संग्रहालय का उद्घाटन 'हैदराबाद' में किया गया। इसे वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद् - राष्ट्रीय भू-भौतिकीय अनुसंधान संस्थान (CSIR-NGRI) के परिसर में स्थापित किया गया है। इसमें लगभग 35 विभिन्न प्रकार की चट्टानें है जिनकी आयु 3.3 बिलियन वर्ष से लेकर लगभग 55 मिलियन वर्ष है।

**29. Who built the mosque "Qila-E Kuhna" inside Purana Qila of Delhi?**
**दिल्ली के पुराने किले के भीतर बनी मस्जिद ''किला-ए-कुहना'' का निर्माण किसने किया था?**

(a) Humayun/हुमायूँ (b) Sher Shah/शेरशाह
(c) Akbar/अकबर (d) Shah Jahan/शाहजहाँ

**Ans. (b) :** दिल्ली के पुराने किले के भीतर बनी मस्जिद ''किला-ए-कुहना'' का निर्माण शेरशाह ने कराया था। शेरशाह सूरी ने हुमायूँ को पराजित करने के बाद अपने निजी इस्तेमाल के लिए मस्जिद का निर्माण कराया जो उनकी शाही आकांक्षा का प्रतीक बन गया।

**30. As per the 'India State of Forest Report 2021', how many states/union territories have over 33% of their geographical area under forest?**
**'इंडिया स्टेट ऑफ फारेस्ट रिपोर्ट 2021' के अनुसार, कितने राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों में उनके भौगोलिक क्षेत्र का 33% से अधिक क्षेत्रफल वन आच्छादित है?**

(a) 07 (b) 13 (c) 17 (d) 23

**Ans. (c) :** 'इंडिया स्टेट ऑफ फारेस्ट रिपोर्ट 2021' के अनुसार, 17 राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों में उनके कुल भौगोलिक क्षेत्र का 33% से अधिक क्षेत्रफल वन आच्छादित है। देश का कुल वन और वृक्ष आवरण 80.9 मिलियन हेक्टेयर है, जो देश के कुल भौगोलिक क्षेत्र का 24.62 प्रतिशत है। राष्ट्रीय वन नीति 1988 के अनुसार, देश के 33 प्रतिशत भाग को वनाच्छादित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया।

**31. Who among the following athletes was declared 'Athlete of the year 2021' by the Time Magazine in December 2021?/दिसम्बर 2021 में निम्नलिखित में से किसे टाइम पत्रिका द्वारा 'एथलीट ऑफ द ईयर 2021' घोषित किया गया?**

(a) Caeleb Dressel/सेलेब ड्रेसेल
(b) Lewis Hamilton/लुईस हैमिल्टन
(c) Neeraj Chopra/नीरज चोपड़ा
(d) Simone Biles/सिमोन बाइल्स

**Ans. (d) :** दिसम्बर 2021 में टाइम पत्रिका द्वारा 'एथलीट ऑफ द ईयर 2021 'सिमोन बाइल्स' को घोषित किया गया। महानतम जिम्नास्ट में शामिल बाइल्स ने मानसिक स्वास्थ्य को तरजीह देते हुए टोक्यों ओलंपिक के चार स्पर्धाओं के फाइनल से नाम वापस ले लिया जिसका कारण, सिमोन बाइल्स 'द ट्विस्टीज' नामक बीमारी का शिकार हो गई थीं, जिसमें जगह व दिशा का सही से भान नहीं हो पाता है। बाइल्स चार बार ओलंपिक पदक विजेता रही हैं। वर्ष 2023 में टाइम पत्रिका द्वारा लियोनेल मेसी को टाइटन्स श्रेणी में पुरस्कृत किया गया।

**32. Consider the following events and arrange them into chronological order-**
**निम्नलिखित घटनाओं पर विचार कीजिए तथा उन्हें कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए-**

**(1) Establishment of NABARD**
**नाबार्ड की स्थापना**

**(2) Bank linkage programme of self help group**
**स्वयं सहायता समूह का बैंक लिंकेज कार्यक्रम**

**(3) Kisan Credit Card yojana**
**किसान क्रेडिट कार्ड योजना**

**(4) Establishment of Regional Rural Bank**
**क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की स्थापना**

**Code/कूट-**

(a) (4), (1), (2) and (3)/(4), (1), (2) और (3)
(b) (4), (2), (3) and (1)/(4), (2), (3) और (1)
(c) (1), (2), (3) and (4)/(1), (2), (3) और (4)
(d) (4), (3), (2) and (1)/(4), (3), (2) और (1)

**Ans. (a) :** निम्न संस्थाओं का क्रम इस प्रकार है–
क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की स्थापना-1975
नाबार्ड की स्थापना - 1982
स्वयं सहायता समूह का बैंक लिंकेज कार्यक्रम - 1992-93
किसान क्रेडिट कार्ड योजना - 1998

**33. With reference to the India's National Youth Festival organised in January 2022, which of the following statements is/are correct?**
**जनवरी 2022 में आयोजित भारत के राष्ट्रीय युवा महोत्सव के संदर्भ में, निम्नलिखित में कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

(1) **This was 20th edition of the National Youth Festival./यह राष्ट्रीय युवा महोत्सव का 20वाँ संस्करण था।**

(2) **It was organised at Pondicherry. इसका आयोजन पुडुचेरी में किया गया था।**

**Select the correct answer using the code given below/नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए-**

**Code/कूट-**

(a) Only 1/केवल 1

(b) Only 2/केवल 2

(c) Both 1 and 2/दोनों 1 और 2

(d) Neither 1 nor 2/न तो 1 और न ही 2

**Ans. (b) :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 12 जनवरी, 2022 को वीडियों कांफ्रेसिंग के माध्यम से 25वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव का आयोजन पुडुचेरी में किया गया। अतः कथन 1 गलत है। क्योंकि राष्ट्रीय युवा महोत्सव का यह 20वाँ संस्करण नहीं बल्कि 25वाँ संस्करण है। इस महोत्सव की इस वर्ष की थीम ''इट्स ऑल इन द माइंड'' रखी गई है। राष्ट्रीय युवा महोत्सव वर्ष 1995 में शुरू हुआ। 12 जनवरी, 2023 को 26वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव का उद्घाटन कर्नाटक के हुबली में किया गया। 'इसकी थीम विकसित युवा-विकसित भारत' है।

**34. Government of India has passed 'Protection of Plant Varieties and Farmers Right Act' in which of the following year?/भारत सरकार ने 'प्रोटेक्शन ऑफ प्लांट वेरायटीज एण्ड फार्मर्स राइट अधिनियम' निम्नलिखित में से किस वर्ष में पारित किया?**

(a) 2001 (b) 2005 (c) 2015

(d) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (a) :** भारत सरकार ने 'प्रोटेक्शन ऑफ प्लांट वेरायटीज एण्ड फार्मर्स राइट अधिनियम,' को वर्ष 2001 में पारित किया। इससे पौधों की किस्म, कृषकों और पौधों के संवर्धकों के अधिकारों के संरक्षण के लिए प्रभावी प्रणाली स्थापित करने तथा पौधों की नई किस्मों के विकास को प्रोत्साहित करने हेतु लाया गया था।

**35. Which one of the following city was not among the top three positions in the Sustainable Development Goal Urban Index and Dashboard 2021-22 declared by the NITI Aayog in Novermber 2021?/नवंबर 2021 में नीति आयोग द्वारा घोषित सतत विकास लक्ष्य शहरी सूचकांक और डैशबोर्ड 2021-22 में निम्नलिखित में से कौन सा शहर शीर्ष तीन स्थानों में शामिल नहीं था?**

(a) Coimbatore/कोयंबटूर (b) Chandigarh/चंडीगढ़

(c) Indore/इंदौर (d) Shimla/शिमला

**Ans. (c) :** नवंबर 2021 में नीति आयोग द्वारा घोषित 'सतत् विकास लक्ष्य शहरी सूचकांक और डैशबोर्ड 2021-22 में शीर्ष तीन शहर 'शिमला, कोयंबटूर, चंडीगढ़ हैं। इसमें इंदौर शामिल नहीं है। सबसे निचले पायदान पर क्रमशः (अवरोही क्रम में) धनबाद, मेरठ, ईटानगर, गुवाहाटी और पटना हैं।

**36. The National Development Council was formed in the year-**
**राष्ट्रीय विकास परिषद का गठन ............ में हुआ था।**

(a) 1950/1950 ई. (b) 1952/1952 ई. (c) 1954/1954 ई.

(d) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (b) :** राष्ट्रीय विकास परिषद् का गठन 6 अगस्त, 1952 ई. को किया गया था। यह एक संविधानेत्तर निकाय है जिसका अध्यक्ष प्रधानमंत्री होता है। केन्द्रीय मंत्रिपरिषद् के सभी सदस्य, सभी राज्यों के मुख्यमंत्री, केन्द्र शासित प्रदेशों के प्रशासक तथा योजना आयोग (वर्तमान में नीति आयोग) के सभी सदस्य इसके पदेन सदस्य होते हैं।

**37. The headquarter of Small Industries Development Bank of India (SIDBI) is located at which one of the following place?**
**भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) का मुख्यालय निम्नलिखित में से किस स्थान पर स्थित है?**

(a) Kanpur/कानपुर

(b) Lucknow/लखनऊ

(c) Ghaziabad/गाजियाबाद

(d) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (b) :** भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) का मुख्यालय 'लखनऊ में है। सिडबी 2 अप्रैल, 1990 ई. को भारतीय संसद के एक अधिनियम के तहत स्थापित किया गया। यह संस्था एमएसएमई क्षेत्र की वित्तीय और विकासात्मक जरूरतों को पूरा करने के लिए एकल खिड़की के रूप में एक प्रतिस्पर्धा ग्राहक अनुकूल संस्थान है। श्री शिवसुब्रमण्यम रमन इसके अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक हैं।

**38. 'Ringelmann Scale' is used to measure the density of the following-/'रिंगेलमैन स्केल' का प्रयोग निम्नलिखित के घनत्व मापन में होता है-**

(a) fog/कोहरा (b) noise/ध्वनि

(c) polluted water/प्रदूषित जल (d) smoke/धुआँ

**Ans. (d) :** रिंगलमैन स्केल का इस्तेमाल धुएं के मापन के लिए होता है। यह धुएं के आभासी घनत्व को मापने का एक पैमाना है। इसका विकास पेरिस के कृषि इंजीनियर प्रो. मैक्सिमिलियन रिंगलमैन द्वारा 1888 ई. में किया गया था। इस स्केल में सफेद स्तर पर काली रेखाओं के अनुमानित घनत्व के 5 स्तर होते हैं जो कि धुआं मापन करते हैं।

**39. With reference to a book, the following information are given-/एक किताब के संदर्भ में, निम्नलिखित सूचनाएं दी गई हैं-**

**(1) Introduction/प्रस्तावना**

**(2) Contents/विषय सूची**

**(3) Chapters/अध्याय**

**(4) Index/अनुक्रमणिका**

**(5) Title/शीर्षक**

**Select the correct logical arrangement from the code given below/नीचे दिए गए कूट से सही तार्किक व्यवस्था का चयन कीजिए-**

**Code/कूट-**

(a) 1, 3, 5, 2 and 4/1, 3, 5, 2 और 4

(b) 2, 4, 1, 5 and 3/2, 4, 1, 5 और 3

(c) 5, 2, 1, 3 and 4/5, 2, 1, 3 और 4

(d) 3, 5, 1, 4 and 2/3, 5, 1, 4 और 2

**Ans. (c) :** किताब के संदर्भ में, तार्किक व्यवस्था इस प्रकार संदर्भित है- शीर्षक, विषय सूची, प्रस्तावना, अध्याय एवं अनुक्रमणिका।

**40. Which one of the following Scheduled Tribes is not found in Varanasi district of Uttar Pradesh?**
**निम्नलिखित में से कौन-सी अनुसूचित जनजाति उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में नहीं पाई जाती है?**

(a) Chero/चेरो (b) Gond/गोंड

(c) Kharwar/खरवार (d) Sahariya/सहरिया

**Ans. (d) :** उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में सहरिया जनजाति नहीं पाई जाती है। सहरिया जनजाति ललितपुर जिले में पाई जाती है। वाराणसी जिले में पाई जाने वाली जनजाति-चेर, गोंड, खरवार, धुरी, ओझा, नायक आदि हैं।

**41. River Ganga enters in Uttar Pradesh from which district?/गंगा नदी, उत्तर प्रदेश में किस जनपद से प्रवेश करती है?**

(a) Bijnor/बिजनौर (b) Meerut/मेरठ

(c) Saharanpur/सहारनपुर (d) J.P. Nagar/जे.पी. नगर

**Ans. (a) :** गंगा नदी उत्तर प्रदेश में बिजनौर जनपद से प्रवेश करती है और उत्तर प्रदेश के 27 जिलों से होकर बहती है। गंगा नदी के किनारे स्थित उत्तर प्रदेश के प्रमुख शहर प्रयागराज, वाराणसी, कानपुर, कन्नौज, मिर्जापुर, गाजीपुर, बलिया आदि हैं।
भारत सरकार द्वारा नवम्बर 2008 में गंगा नदी को भारत की राष्ट्रीय नदी घोषित किया गया।

**42. The Provision of a joint sitting of both the Houses of Parliament is mentioned in the Constitution under the following Article-**
**संविधान के निम्नलिखित अनुच्छेद के अंतर्गत संसद के दोनों सदनों के संयुक्त अधिवेशन का प्रावधान है-**

(a) 100 (b) 108 (c) 110

(d) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (b) :** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 108 के अधीन किसी विधेयक पर दोनों सदनों के बीच गतिरोध की अवस्था में संयुक्त अधिवेशन का उपबंध किया गया है। संयुक्त अधिवेशन की अध्यक्षता लोक सभा अध्यक्ष द्वारा अनुच्छेद 118 के अधीन की जाती है। संविधान संशोधन तथा धन विधेयक को छोड़कर अन्य सभी मामलों में संयुक्त बैठक बुलाए जाने का प्रावधान है।

**43. Who among the following was not a great entity in the field of Hindustani music?**
**निम्नलिखित में से कौन हिन्दुस्तानी संगीत के क्षेत्र में महान विभूति नहीं था?**

(a) Raja Mansingh Tomar/राजा मानसिंह तोमर

(b) Tansen/तानसेन

(c) Sadarang - Adarang/सदारंग-अदारंग

(d) Mal Gurjari/माल गुर्जरी

**Ans. (d) :** हिन्दुस्तानी संगीत के क्षेत्र में राजा मानसिंह तोमर, तानसेन, सदारंग-अदारंग आदि महान विभूतियों का विशेष योगदान था, माल गुर्जरी एक गायन राग है। जिसका निर्माण राजा मानसिंह तोमर ने किया था।

**44. The Provision of three legislative lists is found in the following Schedule of the Constitution-**
**भारत के संविधान की निम्नलिखित अनुसूची में तीन विधा सूचियों का प्रावधान है-**

(a) VI (b) VII (c) VIII

(d) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (b) :** भारतीय संविधान में 395 अनुच्छेद, 22 भाग, तथा 12 अनुसूचियों का उपबंध किया गया है। अनुसूची VII में केन्द्रः राज्य संबंधों के आलोक में तीन सूचियों, संघ सूची, राज्य सूची तथा समवर्ती सूची का उपबंध किया गया है। (अनुच्छेद 246) वर्तमान में, संघ सूची में 99 विषय, राज्य सूची में 61 विषय तथा समवर्ती सूची में 52 विषय रखे गए हैं।

**45. Who was not the initial member of the 'Naujawan Sabha' formed in 1926?/1926 में गठित 'नौजवान सभा' का प्रारंभिक सदस्य कौन नहीं था?**

(a) Ambika Chakravarti/अम्बिका चक्रवर्ती

(b) Yashpal/यशपाल

(c) Bhagat Singh/भगतसिंह

(d) Chhabil Das/छबील दास

**Ans. (a) :** नौजवान भारत सभा की स्थापना भगत सिंह ने 1926 ई. में किया था। इसके प्रसिद्ध सदस्यों में भगत सिंह, छबील दास यशपाल, जयपाल, राजगुरु आदि थे। अम्बिका चक्रवर्ती नौजवान सभा के सदस्य नहीं थे।

**46. With reference to 'EASE-Index', which of the following statements is/are correct?**
**'सुगमता सूचकांक' के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों में कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

**(1) It is a way to measure the performance of the Public Sector Bank./यह सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रदर्शन को आकलित करने का एक तरीका है।**

**(2) It measures the ease of doing business for MSMEs in India./यह भारत में एम.एस.एम.ई. हेतु व्यापार सुगमता को आकलित करता है।**

**Select the correct answer using the code given below/नीचे दिए गए कूट, से सही उत्तर को चुनिए-**

**Code/कूट-**

(a) Only 1/केवल 1

(b) Only 2/केवल 2

(c) Both 1 and 2/दोनों 1 और 2

(d) Neither 1 nor 2/न तो 1 और ना ही 2

**Ans. (a) :** सुगमता सूचकांक सार्वजनिक क्षेत्रों के बैंको के प्रदर्शन को आकलित करने का तरीका है यह सूचकांक केन्द्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मंत्री द्वारा जारी किया गया।

**47. Which vitamin is soluble in water?**
**कौन-सा विटामिन जल में घुलनशील है?**

(a) Vitamin 'A'/विटामिन 'A'

(b) Vitamin 'B'/विटामिन 'B'

(c) Vitamin 'C'/विटामिन 'C'

(d) Vitamin 'D'/विटामिन 'D'

**Ans. (b & c) :** जल में घुलनशील विटामिन क्रमशः विटामिन 'B' और विटामिन C है। जल में घुलनशील विटामिन शरीर में जमा नहीं होते हैं। जबकि वसा में घुलनशील विटामिन A, D, E, K हैं। वसा में घुलनशील विटामिन शरीर के यकृत, वसा ऊतक और मांसपेशियों में जमा होते हैं। विटामिन का मुख्य कार्य शरीर की उपापचय की दर को सुचारु रूप से बनाये रखना है। विटामिन शब्द सी.फंक द्वारा दिया गया है। ये एक प्रकार के जटिल कार्बनिक यौगिक होते हैं।

**48. Which one among the following is measured by Dobson unit?/डॉबसन इकाई से निम्नलिखित में से क्या मापा जाता है?**

(a) Ozone concentration/ओजोन सान्द्रता

(b) Thermal conductivity/ऊष्मीय चालकता

(c) Soil moisture/भूमि नमी

(d) Radiation/विकिरण

**Ans. (a) :** डॉबसन इकाई ओजोन सान्द्रता को मापने के लिए उपयोग में लाई जाती है। डॉबसन यूनिट ओजोन के अणुओं की संख्या है जिसे शून्य डिग्री सेल्सियस के तापमान और 1 (एक) वायुमण्डल (पृथ्वी की सतह पर वायुदाब) के दबाव पर 0.01 मिलीमीटर मोटी शुद्ध ओजोन की एक परत बनाने की आवश्यकता होती है।

**49. Who among the following was the President of the 'All India Trade Union Congress' in 1929?**
**निम्नलिखित में से कौन 1929 में 'अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस' के अध्यक्ष थे?**

(a) M.N. Roy/एम.एन. रॉय

(b) Jayaprakash Narayan/जयप्रकाश नारायण

(c) Jawaharlal Nehru/जवाहरलाल नेहरू

(d) S.A. Dange/एस.ए. डांगे

**Ans. (c) :** अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस (एटक) की स्थापना 1920 ई. में बम्बई में हुई थी। जिसके प्रथम अध्यक्ष लाला लाजपत राय थे। इसी क्रम में भारत के तत्कालीन कई राष्ट्रीय नेताओं ने इस संस्था की अध्यक्षता की जिसमें 1928 ई. में जवाहरलाल नेहरू इसके अध्यक्ष बने। वर्ष 1929 के दिसम्बर में नागपुर में इसके नये अध्यक्ष सुभाष चन्द्र बोस बने।

**50. Lake Balkhash is situated in which one of the following countries?/बाल्काश झील निम्नलिखित देशों में से किस में स्थित है?**

(a) Kazakhstan/कजाखिस्तान

(b) Kyrgyzstan/किर्गिज़स्तान

(c) Russia/रूस

(d) Turkmenistan/तुर्कमेनिस्तान

**Ans. (a) :** बाल्काश झील कजाखिस्तान में स्थित है जो एक एंडोरेइक बेसिन है। कैस्पियन सागर क्षेत्रफल के आधार पर पृथ्वी का सबसे बड़ा अंतर्देशीय जल निकाय है।

**51. Arrange the following Mesolithic sites geographically in order from west to cast-
निम्नलिखित मध्यपाषाणिक स्थलों को भौगोलिक दृष्टि से पश्चिम से पूर्व के क्रम में व्यवस्थित करें-**

**1. Paisra/पैसरा  2. Lekhahia/लेखहिया**

**3. Birbhanpur/बीरभानपुर  4. Mahadaha/महदहा**

**Select the correct answer from the code given below/नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए-**

**Code/कूट :**

(a) 4, 2, 3 and 1/4, 2, 3, और 1

(b) 1, 4, 3 and 2/1, 4, 3 और 2

(c) 4, 2, 1 and 3/4, 2, 1 और 3

(d) 2, 4, 1 and 3/2, 4, 1 और 3

**Ans. (c) :** मध्य पाषाणिक स्थलों की भौगोलिक दृष्टि से पश्चिम से पूर्व की ओर क्रम महदहा (उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़), लेखहिया (उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर) पैसरा (बिहार) बीरभानपुर (पश्चिम बंगाल) है।

**52. Match List-I with List-II and select the correct answer from the code given below the lists-
सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए-**

| | List-I/सूची-I | | List-II/सूची-II |
|---|---|---|---|
| A | Vitamin/विटामिन | 1 | Pepsin/पेप्सिन |
| B | Enzyme/एंजाइम | 2 | Carotene/कैरोटीन |
| C | Hormone/हार्मोन | 3 | Keratin/केराटीन |
| D | Protein/प्रोटीन | 4 | Progesterone प्रोजेस्टेरॉन |

**Code/कूट-**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 | (b) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (c) | 2 | 1 | 3 | 4 | (d) | 2 | 1 | 4 | 3 |

**Ans. (d) :** सही सुमेल इस प्रकार है-

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| विटामिन | कैरोटिन |
| एंजाइम | पेप्सिन |
| हार्मोन | प्रोजेस्टेरॉन |
| प्रोटीन | केराटिन |

**53. Match List-I with List-II and select the correct answer using the code given below the lists-
सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए-**

| | List-I/सूची-I (Place/स्थल) | | List-II/सूची-II (Related Tirthankar/ संबंधित तीर्थंकर) |
|---|---|---|---|
| A | Shravasti श्रावस्ती | 1 | Rishbhanath ऋषभनाथ |
| B | Kakandi काकंदी | 2 | Padmaprabhu पद्मप्रभु |
| C | Ayodhya अयोध्या | 3 | Suvidhinath सुविधिनाथ |
| D | Pabhosa पभोसा | 4 | Sambhavnath संभवनाथ |

**Code/कूट-**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 1 | 2 | 4 | (b) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (c) | 4 | 3 | 1 | 2 | (d) | 3 | 2 | 4 | 1 |

**Ans. (c) :** सही सुमेल इस प्रकार है।

| सूची-I (स्थल) | सूची-II (संबंधित तीर्थंकर) |
|---|---|
| श्रावस्ती | संभवनाथ |
| काकंदी | सुविधिनाथ (पुष्पदंत) |
| अयोध्या | ऋषभनाथ |
| पभोसा | पद्मप्रभु |


**54. Which one of the following city was awarded a star rating in the 'Garbage Free Cities' category in Uttar Pradesh in Swachh Survekshan 2021?
निम्नलिखित में से किस एक शहर को स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में उत्तर प्रदेश में 'कचरा मुक्त शहर' श्रेणी में स्टार रेटिंग से सम्मानित किया गया?**

(a) Aligarh/अलीगढ़  (b) Gorakhpur/गोरखपुर

(c) Prayagraj/प्रयागराज  (d) Varansi/वाराणसी

**Ans. (a) :** आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा जारी स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 रिपोर्ट में उत्तर प्रदेश के 'कचरा मुक्त शहर' श्रेणी में स्टार रेटिंग से सम्मानित शहर क्रमशः नोएडा, अलीगढ़, गाजियाबाद, झांसी और लखनऊ हैं।

**55. Find the missing number/विलुप्त संख्या ज्ञात कीजिए-**




(a) 16  (b) 20  (c) 28  (d) 32

**Ans. (c) :** जिस प्रकार,

पहली आकृति में, $5 \times 5 + 5 = 6 \times 5$

$30 = 30$

तथा दूसरी आकृति में, $3 \times 3 + 21 = 10 \times 3$

$30 = 30$

उसी प्रकार, तीसरी आकृति में, $4 \times 4 + ? = 11 \times 4$

$16 + ? = 44$

$? = 44 - 16 = \boxed{28}$

**56. In 1809, Raja Ram Mohan Roy wrote his famous book "Gift to Monotheist" in which of the following language?/1809 में, राजा राम मोहन राय ने अपनी प्रसिद्ध पुस्तक ''गिफ्ट टू मोनोथिस्ट'' निम्नलिखित में से किस भाषा में लिखा था?**

(a) English/अंग्रेजी (b) Urdu/उर्दू
(c) Persian/फारसी (d) Bengali/बंगाली

**Ans. (c) :** राजाराम मोहन राय ने वर्ष 1809 में प्रसिद्ध पुस्तक 'गिफ्ट टू मोनोथिस्ट' ('एकेश्वरवादियों को उपहार') फारसी भाषा में लिखी। इन्होंने वर्ष 1815 में आत्मीय सभा एवं वर्ष 1828 में ब्रह्म सभा का गठन किया।

**57. Which one of the following is a plant hormone? निम्नलिखित में से कौन एक पादप हार्मोन है?**

(a) Insulin/इन्सुलिन (b) Cytokinin/साइटोकाइनिन
(c) Thyroxin/थाइरॉक्सिन (d) Oestrogen/एस्ट्रोजन

**Ans. (b) :** साइटोकाइनिन एक पादप हार्मोन है। अन्य पादप हार्मोन ऑक्सिन, एथिलीन, एबसिसिक अम्ल, जिबरेलिन्स आदि हैं। साइटोकाइनिन हार्मोन का मुख्य कार्य कोशिका विभाजन को प्रेरित करना है। जबकि इन्सुलिन, थाइरॉक्सिन और एस्ट्रोजन मानव हार्मोन हैं।

**58. Plants accepts nitrogen in which form? पौधे नाइट्रोजन को किस रूप में ग्रहण करते हैं?**

(a) Nitrogen gas/नाइट्रोजन गैस (b) Nitrite/नाइट्राइट
(c) Nitrate/नाइट्रेट (d) Ammonia/अमोनिया

**Ans. (c) :** पौधे नाइट्रोजन का अवशोषण मुख्यतः नाइट्रेट आयन ($NO_3$) के रूप में करते हैं। लेकिन कुछ मात्रा में नाइट्राइट ($NO_2$) तथा अमोनियम ($NH_4$+) के रूप में लेते हैं। नाइट्रोजन पौधों में प्रोटीन निर्माण के लिए आवश्यक है। इसकी कमी से पौधों की वृद्धि रूक जाती है।

**59. Match List-I with List-II and select the correct answer from the code given below the lists- सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए-**

| | List-I/सूची-I (Emperor/बादशाह) | | List-II/सूची-II (Diwan/दीवान) |
|---|---|---|---|
| A | Akbar/अकबर | 1 | Ghiyas Beg Itmad-ud-Daulah गियास बेग एतमाद-उद्दौला |
| B | Jahangir/जहाँगीर | 2 | Asad Khan असद खान |
| C | Shah Jahan शाहजहाँ | 3 | Muzaffar Khan मुजफ्फर खान |
| D | Aurangzeb औरंगजेब | 4 | Sadullah Khan सादुल्ला खान |

**Code/कूट-**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (b) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (c) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (d) | 3 | 1 | 4 | 2 |

**Ans. (d) :** सही सुमेल इस प्रकार है–

| सूची-I (बादशाह) | सूची-II (दीवान) |
|---|---|
| अकबर | मुजफ्फर खान |
| जहाँगीर | गियास बेग एतमाद-उद्दौला |
| शाहजहाँ | सादुल्ला खान |
| औरंगजेब | असद खान |

**60. Which one of the following is not correctly matched? निम्नलिखित में से कौन एक सही सुमेलित नहीं है?**

| | Institute/संस्थान | | Location/अवस्थिति |
|---|---|---|---|
| (a) | National Centre of Organic Farming राष्ट्रीय जैविक खेती केन्द्र | – | Ghaziabad गाजियाबाद |
| (b) | Indian Institute of Pulses Research भारतीय दलहन अनुसंधान संस्थान | – | Kanpur कानपुर |
| (c) | Indian Institute of Vegetable Research भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान | – | Gorakhpur गोरखपुर |
| (d) | Indian Institute of Sugarcane Research भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान | – | Lucknow लखनऊ |

**Ans. (c) :** सही सुमेलित है–

| संस्थान | | अवस्थिति |
|---|---|---|
| राष्ट्रीय जैविक खेती केन्द्र | - | गाजियाबाद |
| भारतीय दलहन अनुसंधान संस्थान | - | कानपुर |
| भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान | - | वाराणसी |
| भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान | - | लखनऊ |

**61. Ahmed Naser Al-Raisi, who was elected President of the Interpol in November 2021, is from which of the following country? नवंबर 2021 में इंटरपोल के अध्यक्ष चुने गए अहमद नसर अल-रईसी, निम्नलिखित में से किस देश से हैं?**

(a) Kuwait/कुवैत
(b) Saudi Arabia/सऊदी अरब
(c) Turkey/तुर्की
(d) United Arab Emirates/संयुक्त अरब अमीरात

**Ans. (d) :** 25 नवंबर, 2021 को संयुक्त अरब अमीरात के अहमद नसीर अल रईसी अन्तर्राष्ट्रीय आपराधिक पुलिस संगठन, (इंटरपोल) के नए अध्यक्ष निर्वाचित हुए। वह यूएई के गृह मंत्रालय में इंस्पेक्टर जनरल हैं। उनका कार्यकाल 4 वर्ष का होगा। यह पहला अवसर है जब मध्य पूर्व एशिया से कोई अधिकारी 'इंटरपोल' का प्रमुख बना है। ज्ञातव्य है कि 'इन्टरपोल' 195 सदस्य देशों के साथ विश्व का सबसे बड़ा पुलिस संगठन है, इसकी स्थापना वर्ष 1923 में हुई और इसका मुख्यालय लियोन, फ्रांस में है। इसके साथ ही केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (CBI) के विशेष निदेशक प्रवीण सिन्हा को इन्टरपोल की कार्यकारी समिति में एशिया के लिए प्रतिनिधि के रूप में चुना गया है। 18-21 अक्टूबर, 2022 को इंटरपोल की 90वीं महासभा की बैठक नई दिल्ली में संपन्न हुई।

**62. Which of the following crop is covered for price control under the price stabilization fund of the Government of India?/निम्नलिखित में से कौन-सी फसल मूल्य नियन्त्रण हेतु भारत सरकार के मूल्य स्थिरीकरण कोष के अन्तर्गत संरक्षित है?**

(a) Wheat/गेहूँ (b) Potato/आलू (c) Rice/चावल
(d) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (b) :** आलू की फसल मूल्य नियंत्रण हेतु भारत सरकार के मूल्य स्थिरीकरण कोष के अन्तर्गत संरक्षित है। 2014-15 में 500 करोड़ रूपये के कोष के साथ मूल्य-स्थिरीकरण निधि को मंजूरी प्रदान की गयी। राज्य सरकारों/केन्द्रशासित प्रदेशों और केंद्रीय एजेंसियों को ब्याज मुक्त ऋण प्रदान करता है। जिससे वे अस्थिर वस्तुओं, जैसे-प्याज, आलू एवं दालों पर मूल्य स्थापित कर सके। 2014-15 में प्याज, आलू और दालों जैसी आवश्यक कृषि वस्तुओं की लागत अस्थिरता को नियंत्रित करने के लिए कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग के तहत स्थिरीकरण कोष की स्थापना की गई थी। इस तरह के सामान सीधे किसान संगठनों से फार्म गेट/मंडी पर खरीदे जाएंगे और उपभोक्ताओं को अधिक किफायती मूल्य पर उपलब्ध कराए जाएंगे।

63. **With reference to Commerce, which of the following statements is/are correct?**
**वाणिज्य के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों में कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

**(1) It is the field of business that assists in the removal of all impediments to the facilitation of exchange./यह व्यवसाय का क्षेत्र है जो विनिमय की सुविधा के लिए सभी बाधाओं को दूर करने में सहायता करता है।**

**(2) It deals with the factors of delivering the products to the consumers./यह उपभोक्ताओं तक उत्पादों को वितरित करने के कारकों से सम्बन्धित है।**

**Select the correct answer using the code given below/नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए-**

**Code/कूट-**

(a) Only 1/केवल 1
(b) Only 2/केवल 2
(c) Both 1 and 2/दोनों 1 और 2
(d) Neither 1 nor 2/न तो 1 और ना ही 2

**Ans. (c) :** वाणिज्य के सन्दर्भ में दोनों कथन (I और II) सही हैं। यह व्यवसाय का क्षेत्र है जो विनिमय की सुविधा के लिए सभी बाधाओं को दूर करने में सहायता करता है। यह उपभोक्ताओं तक उत्पादों को वितरित करने से सम्बन्धित है। वाणिज्य के अन्तर्गत किसी आर्थिक महत्व की वस्तु, जैसे सामान, सेवा, सूचना या धन का दो या दो से अधिक व्यक्ति या संस्थाओं के बीच सौदा किया जाता है। धन प्राप्त करने के उद्देश्य से किया गया कार्य वाणिज्य कहलाता है।

64. **United Nations General Assembly has declared the year 2023 as the International year of-**
**संयुक्त राष्ट्र की महासभा ने वर्ष 2023 को किसके अन्तर्राष्ट्रीय वर्ष के रूप में घोषित किया है?**

(a) Oilseed crops/तिलहनी फसलें
(b) Pulse crops/दलहनी फसलें
(c) Millet crops/मोटे अनाज वाली फसलें
(d) Animal fodder crops/पशु चारे वाली फसलें

**Ans. (c) :** संयुक्त राष्ट्र की महासभा ने वर्ष 2023 को मोटे अनाज वाली फसलों का अन्तर्राष्ट्रीय वर्ष के रूप में घोषित किया है। मोटे अनाज में बाजरा, ज्वार, जौ एवं कोदो जैसी फसलें आती है। इस प्रस्ताव का 70 से अधिक देशों ने समर्थन किया है। मोटे अनाज का अन्तर्राष्ट्रीय वर्ष का उद्देश्य बदलती जलवायु परिस्थितियों के अंतर्गत अनाज के स्वास्थ्य लाभ और खेती के लिए इसकी उपयुक्तता के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।

65. **Which one of the following tree is not found in the Mediterranean forest?/निम्नलिखित में से कौन-सा वृक्ष भू-मध्यसागरीय वनों में नहीं पाया जाता है?**

(a) Teak/सागौन (सागवान) (b) Oak/ओक
(c) Chestnut/चेस्टनट (d) Olive/जैतून

**Ans. (a) :** सागौन का वृक्ष भू-मध्य सागरीय वनों में नहीं पाया जाता बल्कि उष्ण कटिबन्धीय वनों में पाया जाता है। ओक, चेस्टनट, जैतून भू-मध्यसागरीय वनों में पाए जाते हैं। भारत में उष्ण कटिबन्धीय पतझड़ वाले वन बहुतायत में पाए जाते हैं। ये वन भारत के उन भागों में पाए जाते हैं जहाँ वर्षा 100 से 200 सेमी. तक होती है। ये वन गर्मी के प्रारम्भ में ही अपनी पत्तियाँ गिरा देते हैं, इसलिए इन्हें पतझड़ वाले या मानूसनी वन भी कहते हैं। ये वृक्ष अधिक लम्बे एवं सघन नहीं होते हैं। इन वनों में साल, सागवान, शीशम, चन्दन आदि प्रकार के वृक्ष पाए जाते हैं। इस प्रकार के वनों का विस्तार हिमालय के गिरिपद, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ आदि राज्यों में है। सम्पूर्ण सागौन के क्षेत्र का 50% हिस्सा मध्य प्रदेश में पाया जाता है।

66. **Which one of the following mangrove areas is situated in the delta region of Godavari river?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा मैंग्रोव क्षेत्र गोदावरी नदी के डेल्टा पर अवस्थित है?**

(a) Coondapoor/कुण्डापुर (b) Honnavar/होन्नावार
(c) Malpe/मालपे (d) Coringa/कोरिंगा

**Ans. (d) :** कोरिंगा मैंग्रोव क्षेत्र गोदावरी नदी के डेल्टा पर अवस्थित है। यह भारत में सुन्दरवन के बाद दूसरा सबसे बड़ा मैंग्रोव क्षेत्र है। उल्लेखनीय है कि मैंग्रोव या अनूप वन ऐसे क्षेत्र होते हैं जो खारे पानी या अर्ध खारे पानी में विकसित होते हैं। यह सामान्यतया समुद्र के किनारे उगते हैं। इसके अंतर्गत राइजोफेरा प्रजाति के वृक्षों का विकास होता है। भारत वन स्थिति रिपोर्ट 2021 के अनुसार, 2019 की तुलना में मैंग्रोव आवरण में 17 वर्ग किलोमीटर की वृद्धि देखी गई है। देश में कुल मैंग्रोव आवरण 4,992 वर्ग किमी. है। मैंग्रोव आवरण में वृद्धि प्रदर्शित करने वाले शीर्ष 3 राज्य –
ओडिशा (8 वर्ग किमी.), महाराष्ट्र (4 वर्ग किमी.),
कर्नाटक (3 वर्ग किमी.)

67. **Which one of the following Ramsar Wetland sites is situated in any state of India?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा रामसर आर्द्रभूमि स्थल भारत के किसी राज्य में स्थित है?**

(a) Hokera Wetland/होकेरा आर्द्रभूमि
(b) Point Calimere Wildlife and Bird Sanctuary प्वाइंट कैलिमेरे वन्यजीव और पक्षी अभ्यारण्य
(c) Tso Moriri Lake/त्सो मोरीरी झील
(d) Wular Lake/वुलर झील

**Ans. (b) :** भारत के लुप्तप्राय और स्थानिक प्रजाति ब्लैक वक मृग के संरक्षण के लिए वर्ष 1967 में प्वाइंट कैलिमेरे वन्यजीव और पक्षी अभ्यारण्य बनाया गया था। यह अभ्यारण्य तमिलनाडु के नागपट्टिनम जिले में स्थित है। वर्ष 2002 में इसे रामसर आर्द्रभूमि में शामिल किया गया। आर्द्रभूमि में ग्रेट वेदारण्यम, दलदल, युथेपेट मैंग्रोव व पंचानडिकुलम आर्द्रभूमि का एक हिस्सा शामिल है। पूर्व में बंगाल की खाड़ी और दक्षिण में पाक जलडमरूमध्य से घिरा है। इसका कुल क्षेत्रफल 21.47 किमी. में है।

68. **In the event of vacancy in the office of both President and Vice President, who shall discharge the functions of President?**
**यदि किसी समय राष्ट्रपति एवं उपराष्ट्रपति दोनों का पद रिक्त हो जाए, तब राष्ट्रपति का कार्य कौन करेगा?**

(a) Prime Minister/प्रधानमंत्री
(b) Lok Sabha Speaker/लोकसभा अध्यक्ष
(c) Chief Justice of India/भारत के प्रधान न्यायाधीश
(d) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (c) :** यदि किसी समय राष्ट्रपति एवं उपराष्ट्रपति दोनों का पद रिक्त हो जाए, तब भारत का मुख्य न्यायाधीश कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में कार्य करेगा तथा उसके कर्त्तव्यों का निर्वहन करेगा। जब कोई व्यक्ति, जैसे उपराष्ट्रपति, भारत का मुख्य न्यायाधीश अथवा उच्चतम न्यायालय या वरिष्ठतम न्यायाधीश कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में कार्य करता है अथवा उसके कर्तव्यों का निर्वहन करता है उसे राष्ट्रपति की समस्त शक्तियाँ व उन्मुक्तियाँ प्राप्त होती हैं। वह संसद द्वारा निर्धारित सभी उपलब्धियाँ भत्ते व विशेषाधिकार भी प्राप्त करता है।

69. **The first day of the year 2020 was Wednesday. What was the last day of the year 2021?**
**वर्ष 2020 का प्रथम दिन बुधवार था। वर्ष 2021 का अंतिम दिन क्या था?**

(a) Thursday/बृहस्पतिवार (b) Friday/शुक्रवार
(c) Saturday/शनिवार (d) Sunday/रविवार

**Ans. (b) :** चूँकि 2020 लीप वर्ष है।
इसलिए 1 जनवरी, 2020 को दिन = बुधवार
1 जनवरी, 2021 को दिन = शुक्रवार
31 दिसम्बर, 2021 को दिन = शुक्रवार

**70. Consider the following events and arrange them into chronological order-**
**निम्नलिखित घटनाओं पर विचार कीजिए तथा उनको काल क्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए-**

**1. Project Elephant/प्रोजेक्ट हाथी**
**2. Biological Diversity Act**
**जैव विविधता अधिनियम**
**3. Wildlife (Protection) Act**
**वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम**
**4. Project Tiger/प्रोजेक्ट टाइगर**

**Select the correct answer using the code given below/नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए-**

**Code/कूट-**

(a) 3, 4, 1 and 2/3, 4, 1 और 2
(b) 3, 2, 4 and 1/3, 2, 4 और 1
(c) 4, 3, 2 and 1/4, 3, 2 और 1
(d) 4, 3, 1 and 2/4, 3, 1 और 2

**Ans. (a) : सही सुमेलित है–**

| | | |
|---|---|---|
| 1. वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम | – | 1972 |
| 2. प्रोजेक्ट टाइगर | - | 1973 |
| 3. प्रोजेक्ट हाथी | - | 1992 |
| 4. जैव विविधता अधिनियम | - | 2002 |

**71. Which of the following is not a part of the Middle East?/निम्नलिखित में से कौन से देश मध्य पूर्व का हिस्सा नहीं हैं?**

(a) Jordan and Israel/जॉर्डन और इजराइल
(b) Lebanon and Israel/लेबनान और इजराइल
(c) Syria and Lebanon/सीरिया और लेबनान
(d) Jordan and Turkey/जॉर्डन और तुर्की

**Ans. (*) :** प्रश्नगत कोई भी विकल्प सही नहीं है।
मध्य पूर्व में शामिल देश निम्न हैं– जार्डन, इजराइल, इराक, ईरान, लेबनान, यमन, कतर, सीरिया, तुर्की, कुवैत, ओमान, सऊदी अरब, फिलिस्तीन, संयुक्त अरब अमीरात, साइप्रस।

**72. Gwadar Port in Pakistan is situated in which of the following provinces?/पाकिस्तान में ग्वादर बंदरगाह, निम्नलिखित में से किस प्रांत में स्थित है?**

(a) Balochistan/बलूचिस्तान
(b) Khyber Pakhtunkhwa/खैबर पख्तूनख्वा
(c) Punjab/पंजाब
(d) Sindh/सिंध

**Ans. (a) :** ग्वादर बंदरगाह, पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में अरब सागर तट पर स्थित है। यह बंदरगाह चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (CPEC) की योजना में उत्कृष्ट रूप से शामिल है और इसे बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव और समुद्री सिल्क रोड परियोजना के बीच एक कड़ी माना जाता है।

**73. In 1817, the famous Hindu College was established by David Hare in-/1817 में, डेविड हेअर द्वारा प्रसिद्ध हिन्दू कॉलेज की स्थापना की गई थी-**

(a) Agra/आगरा में (b) Calcutta/कलकत्ता में
(c) Patna/पटना में (d) Varanasi/वाराणसी में

**Ans. (b) :** 1817 में डेविड हेअर द्वारा कलकत्ता में प्रसिद्ध हिन्दू कॉलेज की स्थापना की गई थी। यह एशिया का सबसे पुराना आधुनिक शैक्षणिक संस्थान है।

**74. How many times the 'date 29' will fall between January 1, 2022 and January 1, 2027?**
**1 जनवरी, 2022 से 1 जनवरी, 2027 के बीच कितनी बार 29 तारीख पड़ेगी?**

(a) 55 (b) 65 (c) 56
(d) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (c) :** प्रत्येक साधारण वर्ष में फरवरी माह में 28 तारीख होती है जबकि लीप वर्ष में फरवरी माह में 29 तारीख होती है।
इस प्रकार प्रत्येक साधारण वर्ष में 11 बार 29 तारीख पड़ेगी जबकि लीप वर्ष में 12 बार 29 तारीख पड़ेगी।
अतः 1 जनवरी, 2022 से 1 जनवरी, 2027 के बीच 29 तारीख की पुनरावृत्ति = 11+11+12+11 + 11 ($\therefore$ 2024 एक लीप वर्ष है)
= 56 बार

**75. Rocket works on which of the following principles?/निम्नलिखित में से किस सिद्धान्त पर रॉकेट काम करता है?**

(a) Avogadro's concept/आवोगाद्रो परिकल्पना
(b) Energy conservation/ऊर्जा संरक्षण
(c) Bernoulli's theorem/बरनौली प्रमेय
(d) Momentum conservation/संवेग संरक्षण

**Ans. (d) :** रॉकेट, संवेग संरक्षण के सिद्धांत पर काम करता है, न्यूटन के द्वितीय नियम के साथ-साथ न्यूटन के तृतीय नियम के संयोजन का एक बहुत ही महत्वपूर्ण परिणाम है संवेग संरक्षण का नियम। इस नियम के अनुसार यदि एक या एक से अधिक वस्तुओं के निकाय पर कोई बाहरी बल नहीं लग रहा हो, तो उस निकाय का कुल संवेग नियत रहता है, अर्थात संरक्षित रहता है। संवेग संरक्षण के अन्य उदाहरण हैं- हवा से भरे गुब्बारे, बन्दूक से निकली गोली।

**76. Match List-I with List-II and select the correct answer from the code given below the lists-**
**सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सुचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए-**

| List-I/सूची-I (Monument/ स्मारक) | List-II/सूची-II (Builder/ निर्माता) |
|---|---|
| **A Atala Devi Masjid अटाला देवी मस्जिद** | **1. Nusrat Shah नुसरत शाह** |
| **B Chhota Sona Masjid छोटा सोना मस्जिद** | **2. Ibrahim Shah Sharqi इब्राहिम शाह शर्की** |
| **C Qadam Rasul कदम रसूल** | **3. Sikandar Shah सिकंदर शाह** |
| **D Adina Masjid, Pandua अदीना मस्जिद पांडुआ** | **4. Wali Muhammad वली मुहम्मद** |

**Code/कूट-**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (c) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (d) | 1 | 3 | 4 | 2 |

**Ans. (b) : सही सुमेलित है–**

| **सूची-I (स्मारक)** | | **सूची-II (निर्माता)** |
|---|---|---|
| A. अटाला देवी मस्जिद | - | इब्राहिम शाह शर्की |
| B. छोटा सोना मस्जिद | - | वली मुहम्मद |

| | | |
|---|---|---|
| C. कदम रसूल | - | नुसरत शाह |
| D. अदीना मस्जिद पांडुआ | - | सिकंदर शाह |

**77. Find out the alternative which will replace the question mark?/उस विकल्प को ज्ञात कीजिए जो प्रश्न सूचक चिन्ह का स्थान लेगा?**

**WATCH : 110 :: TIME : ?**

(a) 54 (b) 72 (c) 94 (d) 98

**Ans. (c) :** जिस प्रकार,

W A T C H

↓ ↓ ↓ ↓ ↓

$23 + 1 + 20 + 3 + 8 = 55$

$55 \times 2 = 110$

उसी प्रकार,

T I M E

↓ ↓ ↓ ↓

$20 + 9 + 13 + 5 = 47$

$47 \times 2 = \boxed{94}$

**78. Consider the following events and arrange them into chronological order-**
**निम्नलिखित घटनाओं पर विचार कीजिए तथा उनको कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए-**

1. **Akbar marries Princess of Amber**
   **अम्बेर की राजकुमारी से अकबर का विवाह**
2. **Battle of Tukaroi/तुकारोई का युद्ध**
3. **Mughal Invasion of Orrissa**
   **मालवा पर मुगल आक्रमण**
4. **Karrani's conquest of Orissa**
   **उड़ीसा पर करानी की विजय**

**Select the correct answer using the code given below/नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए-**

**Code/कूट-**

(a) 1, 2, 3 and 4/1, 2, 3 और 4
(b) 2, 1, 4 and 3/2, 1, 4 और 3
(c) 2, 4, 3 and 1/2, 4, 3 और 1
(d) 3, 1, 4 and 2/3, 1, 4 और 2

**Ans. (d) : निम्नलिखित घटनाओं का कालक्रमानुसार है–**

| | |
|---|---|
| 1. मालवा पर मुगल आक्रमण | - 1561 ई. |
| 2. अम्बेर की राजकुमारी से अकबर का विवाह | - 1562 ई. |
| 3. उड़ीसा पर करानी की विजय | - 1567-68 ई. |
| 4. तुकारोई का युद्ध | - 1575 ई. |

**79. The Aspirational District Programme (ADP) of NITI Aayog was launched in-**
**एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम (ए.डी.पी.) नीति आयोग ने ................ में शुरू किया था**

(a) January 2016/जनवरी 2016
(b) January 2017/जनवरी 2017
(c) January 2018/जनवरी 2018
(d) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (c) :** एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट्स प्रोग्राम (आकांक्षी जिला प्रोग्राम -ए.डी.पी.) नीति आयोग ने जनवरी, 2018 में शुरू किया था। वर्ष 2018 में शुरू हुए इस कार्यक्रम का उद्देश्य देश के सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े जिलों की पहचान कर उनके समग्र विकास में सहायता करना है। इस कार्य हेतु देश के 28 राज्यों से 115 जिलों की पहचान की गई थी। गौरतलब है कि यह कार्यक्रम मुख्यतः पाँच विषयों-

(1) स्वास्थ्य एवं पोषण, (2) शिक्षा, (3) कृषि एवं जल संसाधन, (4) वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास और (5) बुनियादी आधारभूत ढाँचे पर केंद्रित है।

इस कार्यक्रम के तहत नीति आयोग द्वारा जिलों की प्रगति का मूल्यांकन किया जाता है एवं उन्हें रैंकिंग दी जाती है।

**80. Bhutan conferred the 'Order of the Druk Ghyalpo', its highest civilian honour to the Prime Minister of which one of the following country in December 2021?**
**भूटान ने दिसम्बर 2021 में, निम्नलिखित में से किस देश के प्रधानमंत्री को अपना सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ द ड्रक ग्यालपो' प्रदान किया?**

(a) India/भारत (b) Mongolia/मंगोलिया
(c) Nepal/नेपाल (d) Thailand/थाईलैंड

**Ans. (a) :** भूटान ने दिसम्बर, 2021 में भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को अपना सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'आर्ड ऑफ द ड्रक ग्यालपो' प्रदान किया। इसे नगदग पेल जी खोरलों के नाम से भी जाना जाता है। इस सम्मान की घोषणा भूटान के 114 वें राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर की गई। यह भूटान का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है तथा भूटान और वहाँ के आम लोगों की सेवा करने हेतु सम्मानित किया जाता है।

**81. As per Article 300 of the Constitution of India, the legal name of the Government of India is-**
**भारत के संविधान के अनुच्छेद 300 के अनुसार, भारत की सरकार का कानूनी नाम है-**

(a) The Union Government/द यूनियन गवर्नमेंट
(b) The Union of India/द यूनियन ऑफ इण्डिया
(c) India/इण्डिया
(d) Bharat/भारत

**Ans. (b) :** भारत के संविधान के अनुच्छेद 300 के अनुसार, भारत की सरकार का कानूनी नाम- 'द यूनियन ऑफ इण्डिया' है। भारत सरकार, भारत संघ के नाम से 'वाद' ला सकेगी या उस पर 'वाद' लाया जा सकेगा। इस संविधान के प्रारम्भ पर यदि ऐसी विधिक कार्यवाहियाँ लंबित हैं जिनमें भारत डोमिनियन एक पक्षकार है तो उन कार्यवाहियों में उस डोमिनियन के स्थान पर भारत संघ प्रतिस्थापित किया गया समझा जाएगा।

**82. Which of the following Article is related to the appointment of a Finance Commission by the President of India?**
**निम्नलिखित में से कौनसा अनुच्छेद, भारत के राष्ट्रपति द्वारा वित्त आयोग की नियुक्ति से संबंधित है?**

(a) 200 (b) 250 (c) 280
(d) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (c) :** भारतीय संविधान का अनुच्छेद 280 भारत के राष्ट्रपति द्वारा वित्त आयोग की नियुक्ति से संबंधित है। यह एक संवैधानिक निकाय है जिसका गठन राष्ट्रपति द्वारा हर पाँचवें वर्ष या आवश्यकतानुसार उससे पहले भी किया जाता है। वित्त आयोग में एक अध्यक्ष और चार अन्य सदस्य होते हैं, जिनकी नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा तथा कार्यकाल राष्ट्रपति के आदेश के तहत तय होता है।

इसका मुख्य दायित्व-संघ व राज्यों की वित्तीय स्थितियों का मूल्यांकन करना, उनके बीच करों के बटवारे की संस्तुति करना तथा राज्यों के बीच इन करों के वितरण हेतु सिद्धान्तों का निर्धारण करना है। प्रथम वित्त आयोग 1951 में गठित किया गया था। अब तक पन्द्रह वित्त आयोग गठित किये जा चुके हैं। 27 नवम्बर, 2017 को पंद्रहवें वित्त आयोग का गठन श्री एन. के. सिंह के नेतृत्व में वर्ष 2021-22 से 2025-26 तक की अवधि के लिए किया गया।

83. **The Parliament of India has the 'Power to Legislate' for the following-**
**भारत की संसद को 'कानून निर्माण की शक्ति' निम्नलिखित के लिए प्राप्त है-**
1. **Union of India/भारत का संघ**
2. **Territory of India**
**भारत का प्रदेश/उपप्रदेश (डोमिनियन)**
3. **Indian subject resident and their property situated anywhere in the world/विश्व में कहीं भी रहने वाले भारतीय नागरिक एवं उनकी संपत्ति**

**Select the correct answer from the code given below/नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए-**
**Code/कूट-**
(a) Only 1/केवल 1
(b) 1 and 2 only/केवल 1 और 2
(c) 2 and 3 only/केवल 2 और 3
(d) 1, 2 and 3/1, 2 और 3

**Ans. (d) :** भारत की संसद की भारतीय संघ तथा भारत के प्रदेश उपप्रदेश (डोमिनियन) के लिए कानून निर्माण की शक्ति प्राप्त है। संसद का प्राथमिक कार्य देश के संचालन के लिए विधियाँ बनाना है। इसके पास संघ सूची विषयों पर तथा अवशिष्ट विषयों पर विधि बनाने का विशिष्ट अधिकार है। यदि दो या दो से अधिक राज्यों के मध्य किसी विषय पर विवाद होता है तो संसद, समवर्ती सूची के विषयों पर भी विधि बना सकती है। अर्थात् इस स्थिति में संसद की विधि राज्य विधानमण्डल पर प्रभावी होगी। विश्व में कहीं भी रहने वाले भारतीय नागरिक एवं उनकी संपत्ति के लिए संसद कानून निर्माण कर सकती है।

84. **Which one of following city was not among the top three cleanest cities in more than one lakh population category in Swachh Survekshan 2021?**
**निम्नलिखित में से कौन सा शहर स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में एक लाख से अधिक जनसंख्या श्रेणी में शीर्ष तीन सबसे स्वच्छ शहरों में शामिल नहीं था?**
(a) Indore/इंदौर (b) Surat/सूरत
(c) Tirupati/तिरुपति (d) Vijayawada/विजयवाड़ा

**Ans. (c) :** स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में एक लाख से अधिक जनसंख्या श्रेणी में शीर्ष तीन सबसे स्वच्छ शहरों में तिरुपति शामिल नहीं है जबकि इंदौर प्रथम, सूरत द्वितीय तथा विजयवाड़ा तृतीय स्थान पर है। यह समारोह स्वच्छ अमृत महोत्सव के दौरान आयोजित किया गया था। जो स्वच्छ भारत अभियान शहरी पिछले सात वर्षों में शहरों की उपलब्धियों का उत्सव है और स्वच्छ भारत अभियान-शहरी 2.0 के माध्यम से स्वच्छता के अगले चरण में नये जोश के साथ आगे बढ़ने के लिए शहरों और नागरिकों की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। स्वच्छ सर्वेक्षण-2022 में इंदौर को लगातार 6वें वर्ष सबसे स्वच्छ शहर का सम्मान प्राप्त प्रदान किया गया।


85. **With reference to 'Lake Victoria in Africa'. which of the following statements is/are correct?**
**'अफ्रीका में विक्टोरिया झील' के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**
(1) **The lake is surrounded by four countries.**
**यह झील चार देशों से घिरी हुई है।**
(2) **It is situated in the African rift valley.**
**यह अफ्रीकी भ्रंश घाटी में स्थित है।**

**Select the correct answer using the code given below/नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए-**
**Code/कूट-**
(a) Only 1/केवल 1
(b) Only 2/केवल 2
(c) Both 1 and 2/दोनों 1 और 2
(d) Neither 1 nor 2/न तो 1 और न ही 2

**Ans. (b) :** विक्टोरिया झील अफ्रीका महाद्वीप की सबसे बड़ी झील है तथा यह दुनिया की सबसे बड़ी उष्णकटिबंधीय झील भी है। यह झील अफ्रीका महाद्वीप के तीन देशों, केन्या, तंजानिया और युगांडा में विस्तृत है जबकि इसका प्रसार क्षेत्र बुरुंडी और रवांडा के कुछ हिस्सों तक विस्तृत है। इसे डार्विन के ड्रीमपोंड के नाम से भी जाना जाता है। यह अफ्रीकी भ्रंश घाटी में स्थित है। नील नदी इसी झील से निकलती है। यह झील विश्व के मीठे पानी की दूसरी सबसे बड़ी झील (प्रथम-सुपीरियर झील) है।

86. **In a queue of boys, Sohan is 9th from the back Ramesh's place is 8th from the front. Rohit is standing in between the two. What could be the minimum number of boys standing in the queue?**
**लड़कों की एक पंक्ति में, सोहन पीछे से 9वें स्थान पर हैं, रमेश आगे से 8वें स्थान पर है। रोहित उन दोनों के बीच में है। पंक्ति में खड़े लड़कों की न्यूनतम संख्या क्या हो सकती है?**
(a) 10 (b) 12 (c) 14 (d) 15

**Ans. (a) :** विकल्प (a) से




अतः लड़कों की न्यूनतम संख्या 10 हो सकती है।

87. **With reference to trade, which of the following statements is/are correct?/व्यापार के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों में कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**
(1) **It represents demand and supply both.**
**यह मांग और आपूर्ति दोनों का प्रतिनिधित्व करता है।**
(2) **It deals with only the demand side.**
**यह केवल मांग पक्ष से सम्बन्धित है।**

**Select the correct answer using the code given below/नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए-**
**Code/कूट-**
(a) Only 1/केवल 1
(b) Only 2/केवल 2
(c) Both 1 and 2/दोनों 1 और 2
(d) Neither 1 nor 2/न तो 1 और ना ही 2

**Ans. (a) :** सामान्यतः व्यापार से आशय वस्तुओं के क्रय-विक्रय से होता है। व्यापार माँग और आपूर्ति दोनों का प्रतिनिधित्व करता है तथा यह माँग और आपूर्ति दोनों पक्ष से संबंधित है।

88. **Antibiotics are mostly obtained from-**
**एन्टी बायोटिक्स अधिकांशतः प्राप्त होते हैं-**
(a) Fungi/कवकों से
(b) Vinises/विषाणुओं से
(c) Bacteria/जीवाणुओं से
(d) Augiosperms/आवृतबीजियों से

**Ans. (c) :** एन्टी बायोटिक्स अधिकांशत जीवाणुओं से प्राप्त होते है। ऐसी औषधियाँ जो बीमारी पैदा करने वाले सूक्ष्म जीवों को नष्ट कर देती है या उनकी वृद्धि को रोक देती हैं वे औषधियाँ प्रतिजैविक या एंटीबायोटिक कहलाती हैं। अलेक्जेंडर फ्लेमिंग ने पहली प्राकृतिक एंटीबायोटिक्स पेनीसिलीन की खोज किया था। जैसे-स्ट्रैप्टोमाइसिन, टेट्रासाइक्लिन, एरिथ्रोमाइसिन, पेनीसिलीन आदि

**89. Which of the following is not correctly matched?**
**निम्नलिखित में से कौन सही सुमेलित नहीं है?**

(a) Maize/मक्का – Tasseling/नर मंजरी निकालना
(b) Groundnut/मूंगफली - Pegging/खूंटी बनना
(c) Chick pea/काबुली चना– Tillering/किल्ले निकालना
(d) Tobacco/तम्बाकू - Topping/शीर्ष कर्तन

**Ans. (c) : सही सुमेल इस प्रकार है–**

| | | |
|---|---|---|
| मक्का | – | नर मंजरी निकालना |
| मूँगफली | – | खूंटी बनना |
| तम्बाकू | – | शीर्ष कर्तन |

काबुली चना में किल्ले नही निकलते हैं। किल्ले निकलने वाली फसलें हैं- गेहूँ, धान, जौ, मक्का आदि।

**90. Which one of the following country was not part of exercise 'Sea Dragon 2022' that started in the Pacific Ocean in January 2022?**
**निम्नलिखित में से कौन सा देश, जनवरी 2022 में प्रशान्त महासागर में शुरू हुए युद्धाभ्यास 'सी ड्रैगन 2022' में शामिल नहीं था?**

(a) India/भारत (b) Japan/जापान
(c) Philippines/फिलीपींस (d) South Korea/दक्षिण कोरिया

**Ans. (c) :** जनवरी, 2022 में प्रशान्त महासागर के गुआम में शुरू हुए युद्धाभ्यास सी ड्रैगन 2022 में भारत, जापान, आस्ट्रेलिया कनाडा तथा दक्षिण कोरिया की नौ सेनाएँ शामिल हुई। फिलीपींस इसमें शामिल नहीं था।
सी ड्रैगन अमेरिकी नेतृत्व वाला बहुराष्ट्रीय अभ्यास है जिसे हिन्द प्रशान्त क्षेत्र में पारंपरिक और गैर पारम्परिक समुद्री सुरक्षा चुनौतियों के जवाब में एक साथ संचालित करने के लिए पनडुब्बी रोधी युद्ध रणनीति का अभ्यास व चर्चा करने हेतु डिजाइन किया गया है यह एक वार्षिक अभ्यास है।

**91. Who among the following was not nationalist poet in Pre-independent India?/निम्नलिखित में से कौन स्वाधीनता पूर्व भारत का राष्ट्रवादी कवि नहीं था?**

(a) Ranglal/रंगलाल
(b) Nabin Chandra Sen/नबीन चन्द्र सेन
(c) Hem Chandra Banerjee/हेम चन्द्र बनर्जी
(d) Shiv Kumar Batalvi/शिव कुमार बटालवी

**Ans. (d) :** शिव कुमार बटालवी स्वाधीनता पूर्व भारत के राष्ट्रवादी कवि नहीं थे। वह रोमान्टिक कवि थे। उनकी प्रमुख रचनाएँ हैं- आरती, लाजवंती, लूना, अलविदा आदि।

**92. With reference to 'Alaska' which of the following statements is/are correct?**
**'अलास्का' के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

**(1) It is oil producing state of United States of America./यह संयुक्त राज्य अमेरिका का तेल उत्पादक राज्य है।**

**(2) It was purchased from Russians in 1867. इसे 1867 में रूसियों से खरीदा गया था।**

**Select the correct answer using the code given below/नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए-**

**Code/कूट-**

(a) Only 1/केवल 1
(b) Only 2/केवल 2
(c) Both 1 and 2/दोनों 1 और 2
(d) Neither 1 nor 2/न तो 1 और ना ही 2

**Ans. (c) :** अलास्का क्षेत्रफल के आधार पर अमेरिका का सबसे बड़ा राज्य है। यहाँ तेल उत्पादन, प्राकृतिक गैस तथा मछली पकड़ना प्रमुख व्यवसाय है।
अमेरिका ने इस क्षेत्र को वर्ष 1867 में रूसी साम्राज्य से महज 7.2 मिलियन डॉलर करोड़ में खरीदा था।

**93. Who among the following was appointed as the tenth Chairman of the Indian Space Research Organisation (ISRO) in January 2022?**
**जनवरी 2022 में, निम्नलिखित में से किसे भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के दसवें अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया?**

(a) P.L.N. Raju/पी.एल.एन. राजू
(b) V. Hari Prasad/वी. हरि प्रसाद
(c) C. Jagannathan/सी. जगन्नाथन
(d) S. Somanath/एस. सोमनाथ

**Ans. (d) :** एस. सोमनाथ को जनवरी 2022 में इसरो (भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन) के 10वें अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया। एस. सोमनाथ एक एयरोस्पेस इंजीनियर और रॉकेट वैज्ञानिक हैं। इन्होंने के. सिवन का स्थान लिया है।

**94. 'Stand-up-India' scheme for promoting entrepreneurship is related to-/उद्यमिता को बढ़ावा देने हेतु योजना 'स्टैन्ड-अप-इन्डिया' सम्बंधित है-**

(a) Minorities/अल्पसंख्यक से
(b) OBC/ओ.बी.सी.
(c) Handicapped/दिव्यांग से
(d) Women, SC and ST/महिला, एस.सी. और एस.टी. से

**Ans. (d) :** 'स्टैण्ड-अप-योजना' उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वर्ष 2016 में प्रारम्भ की गयी थी। इसके अन्तर्गत बैंक की प्रत्येक शाखा से कम से कम एक अनुसूचित जाति (SC) या अनुसूचित जनजाति (ST) एवं एक महिला उद्यमी द्वारा ग्रीनफील्ड परियोजना की स्थापना करने के लिए ऋण की सुविधा प्रदान किया जाता है। यह उद्यम विनिर्माण, सेवा या व्यापार क्षेत्र से संबंधित हो सकते हैं।

**95. Which of the following countries from South Asia attended the Summit for Democracy hosted by the President of the United States, of America in December 2021?**
**दिसम्बर 2021 में संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति द्वारा आयोजित लोकतंत्र के शिखर सम्मेलन में दक्षिण एशिया के निम्नलिखित में से कौन से देश शामिल हुए?**

(a) India, Nepal and Maldives
भारत, नेपाल और मालदीव
(b) India, Pakistan and Nepal
भारत, पाकिस्तान और नेपाल
(c) India, Sri Lanka and Maldives
भारत, श्रीलंका और मालदीव
(d) India, Bhutan and Nepal/भारत, भूटान और नेपाल

**Ans. (a) :** दिसम्बर, 2021 में संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति द्वारा आयोजित लोकतंत्र के शिखर सम्मेलन में दक्षिण एशिया के 4 देशों को बुलाया गया, जिसमें भारत, नेपाल, पाकिस्तान और मालदीव शामिल हैं। हालांकि, पाकिस्तान की तत्कालीन इमरान खान सरकार ने इस वार्ता में उपस्थित होने से इन्कार कर दिया। इस सम्मेलन का उद्देश्य लोकतंत्र को नवीनीकृत करना तथा निरंकुशता का सामना करना था। इसके अन्तर्गत 'मुक्त एवं स्वतंत्र मीडिया' का समर्थन करना, भ्रष्टाचार से लड़ना, लोकतांत्रिक सुधारों को मजबूत करना जैसे लक्ष्यों को शामिल किया गया है।

**96. If MET, SET and TET are coded as 52, 76 and 80 respectively, then what will be the code for PET?/यदि MET, SET और TET को क्रमशः 52, 76 और 80 से कूट किया जाए, तो PET का कूट क्या होगा?**

(a) 48 (b) 56
(c) 64 (d) 72

**Ans. (c) :** जिस प्रकार,

M E T
↓ ↓ ↓
13 5 20

$\Rightarrow (13 + 5) \times 4 - 20 = 72 - 20 = 52$

S E T
↓ ↓ ↓
19 5 20

$\Rightarrow (19 + 5) \times 4 - 20 = 96 - 20 = 76$

T E T
↓ ↓ ↓
20 5 20

$\Rightarrow (20 + 5) \times 4 - 20 = 100 - 20 = 80$

उसी प्रकार,

P E T
↓ ↓ ↓
16 5 20

$\Rightarrow (16 + 5) \times 4 - 20 = 84 - 20 = \boxed{64}$

**97. Which among the following was the first successfully cloned animal?/निम्नलिखित में से कौनसा प्रथम सफल क्लोन्ड जानवर है?**

(a) Dog/कुत्ता (b) Rabbit/खरगोश
(c) Gibbon/गिबन (d) Sheep/भेड़

**Ans. (d) :** क्लोन से तैयार पहली स्तनपायी जानवर भेड़ है। भेड़ (डॉली) का जन्म 1996 में 5 जुलाई को हुआ था। यूनिवर्सिटी ऑफ एडिन बर्ग के रोजलिन इंस्टीट्यूट के इयान विल्मुट और कीथ कैम्पबेल द्वारा यह विकसित की गयी थी। डॉली द्वारा 6 बच्चों को जन्म दिया गया तथा 7वर्ष पूरे होने से पहले ही फेफड़े की बीमारी से इसकी मृत्यु हो गयी थी।

**98. What was the disinvestment target for Public Sector Banks and Financial Institutions in the Union Budget 2020-21?**
**सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों हेतु केन्द्रीय बजट 2020-21 में विनिवेश का लक्ष्य क्या था?**

(a) ₹ 80,000 Crores/80,000 करोड़ रु.
(b) ₹ 90,000 Crores/90,000 करोड़ रु.
(c) ₹ 100,000 Crores/100,000 करोड़ रु.
(d) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (d) :** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों हेतु केंद्रीय बजट 2020-21 में विनिवेश का लक्ष्य 2.10 लाख करोड़ रूपया रखा गया था। बजट 2023-24 में केन्द्र सरकार ने 51000 करोड़ रुपये का विनिवेश लक्ष्य निर्धारित किया है।

**99. Central Institute of Medicinal and Aromatic Plants is situated at which of the following place?/केन्द्रीय औषधीय एवं सगंध पौधा संस्थान निम्नलिखित में से किस स्थान पर स्थित है?**

(a) Lucknow/लखनऊ
(b) Varanasi/वाराणसी
(c) Gorakhpur/गोरखपुर
(d) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (a) :** केन्द्रीय औषधीय एवं सगंध पौधा संस्थान (CIMAP) लखनऊ में स्थित है। यह औषधीय एवं सुगंधित पौधों के क्षेत्र में शोध, विकास एवं प्रचार-प्रसार का कार्य करता है। यह वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद् (CSIR) की एक अग्रणी पादप अनुसंधान प्रयोगशाला है। इसके चार अन्य शोध केन्द्र बंगलुरू हैदराबाद, पंतनगर एवं पुरारा (बागेश्वर) में स्थित हैं।

**100. With reference to 'Indoneisa', which of the following statements is/are correct?**
**'इंडोनेशिया' के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

**(1) It comprises of over 15,000 islands.**
**इसमें 15,000 से अधिक द्वीप शामिल हैं।**

**(2) It has over 150 active volcanoes.**
**इसमें 150 से अधिक सक्रिय ज्वालामुखी हैं।**

**Select the correct answer using the code given below/नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए-**

**Code/कूट :**

(a) Only 1/केवल 1
(b) Only 2/केवल 2
(c) Both 1 and 2/दोनों 1 और 2
(d) Neither 1 nor 2/न तो 1 और न ही 2

**Ans. (a) :** इंडोनेशिया में 15000 से अधिक द्वीप तथा अधिक सक्रिय ज्वालामुखी हैं लेकिन सक्रिय ज्वालामुखी लगभग 100 हैं। जावा द्वीप पर सक्रिय ज्वालामुखी माउंट केलुट और माउंट मेरापी हैं। अतः दोनों कथन सत्य हैं। उल्लेखनीय है कि इंडोनेशिया गणराज्य दक्षिण पूर्व एशिया और ओशिनिया में स्थित एक विशाल देश है जिसकी राजधानी जकार्ता से नूसंतारा स्थानांतरित की जा रही है। यह दुनियां का चौथा सबसे अधिक आबादी और विश्व में सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी वाला देश है।

**101. As per the fourth edition of State Health Index released by the NITI Aayog in December 2021, which one of the following states performed best among the 'Smaller States' category?**
**दिसम्बर 2021 में नीति आयोग द्वारा जारी राज्य स्वास्थ्य सूचकांक के चौथे संस्करण में, निम्नलिखित राज्यों में से किसने 'छोटे राज्यों' की श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया?**

(a) Goa/गोवा (b) Manipur/मणिपुर
(c) Mizoram/मिजोरम (d) Sikkim/सिक्किम

**Ans. (c) :** मिजोरम ने दिसम्बर, 2021 में नीति आयोग द्वारा जारी 'राज्य स्वास्थ्य सूचकांक' के चौथे संस्करण में छोटे राज्यों की श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था। जबकि बड़े राज्यों की श्रेणी में केरल व तमिलनाडु सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाले राज्य हैं। राज्य स्वास्थ्य सूचकांक के चौथे चरण का शीर्षक 'स्वस्थ राज्य, प्रगतिशील भारत' था। इस सूचकांक के द्वारा राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों को स्वास्थ्य परिणामों में साल दर साल वृद्धिशील प्रदर्शन के साथ-साथ उनकी समग्र स्थिति के आधार पर रैंक प्रदान की जाती है।

**102. Turmeric is an example of underground stem, known as-**
**हल्दी भूमिगत तनें का उदाहरण है, जिसे कहते हैं-**

(a) Bulb/बल्ब (b) Tuber/ट्यूबर
(c) Corm/कॉर्म (d) Rhizome/राइजोम

**Ans. (d) :** हल्दी के राइजोम (प्रकंद) को भोजन में प्रयोग किया जाता है। यह एक प्रकार का भूमिगत तना है। इसका प्राकृतिक एंटीबायोटिक व एंटी सेप्टिक के रूप में जैसे कटने पर, सूजन पर तथा दर्द निवारक आदि में प्रयोग होता है, उल्लेखनीय है कि हल्दी 'जिजिबरेसी' कुल का पौधा है जिसका वानस्पतिक नाम करकुमा लौंगा (Curcuma Longa) है।

**103. What is cholesterol among the following?**
**कोलेस्ट्रॉल निम्नलिखित में से क्या है?**

(a) Steroid/स्टेरॉयड (b) Vitamin/विटामिन
(c) Enzyme/उत्प्रेरक (d) Insecticide/कीटनाशक

**Ans. (a) :** कोलेस्ट्राल (Cholesterol) एक प्रकार का स्टेरॉयड है। शरीर को सुचारु रूप से कार्य करने के लिए लीवर द्वारा उत्पन्न किया जाता है। यह मोम जैसा चिकना पदार्थ है जो ब्लड प्लाज्मा द्वारा शरीर के विभिन्न हिस्सों में पहुँचता है। कोलेस्ट्रॉल अच्छे स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण होता है। मानव शरीर को हार्मोन विटामिन-डी और खाद्य पदार्थों को पचाने में मदद करने वाले पदार्थों को बनाने के लिए कुछ कोलेस्ट्रॉल की आवश्यकता होती है।

**104. With reference to 'National Parks and Wildlife Sanctuaries in India', which of the following statements is/are correct?/ भारत में राष्ट्रीय उद्यानों एवं वन्यजीव अभ्यारण्यों' के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

**(1) Highest number of national parks are in Madhya Pradesh./राष्ट्रीय उद्यानों की सबसे अधिक संख्या मध्य प्रदेश में है।**

**(2) Highest number of wildlife sanctuaries are in the Andaman and Nicobar island.**
**वन्यजीव अभ्यारण्यों की सबसे अधिक संख्या अण्डमान एवं निकोबार द्वीप समूह में है।**

**Select the correct answer using the code given below/नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चुनाव कीजिए-**

**Code/कूट :**

(a) Only 1/केवल 1
(b) Only 2/केवल 2
(c) Both 1 and 2/दोनों 1 और 2
(d) Neither 1 nor 2/न तो 1 और ना ही 2

**Ans. (c) :** भारत में राष्ट्रीय उद्यानों के संदर्भ में मध्य प्रदेश अग्रणी राज्य है। यहाँ कुल 12 राष्ट्रीय उद्यान हैं। जबकि वन्य जीव अभ्यारण्य की संख्या के संदर्भ में अण्डमान निकोबार द्वीप समूह शीर्ष पर है यहाँ पर कुल 96 वन्य जीव अभयारण्य हैं। अतः कथन 1 एवं 2 दोनों ही सही हैं।

**105. Which of the following two states are the leading producer of bauxite in India, as per the Annual Report of the Ministry of Mines, 2020-21?**
**खान मंत्रालय की 2020-21 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन से दो राज्य भारत में बॉक्साइट के प्रमुख उत्पादक हैं?**

**1. Odisha/ओडिशा**
**2. Andhra Pradesh/आंध्र प्रदेश**
**3. Chhattisgarh/छत्तीसगढ़**
**4. Gujarat/गुजरात**

**Select the correct answer using the code given below/नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए-**

**Code/कूट :**

(a) 1 and 2/1 और 2 (b) 1 and 3/1 और 3
(c) 1 and 4/1 और 4 (d) 2 and 4/2 और 4

**Ans. (c) :** खान मंत्रालय की 2020-21 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार बॉक्साइट के प्रमुख उत्पादक राज्य ओडिशा व गुजरात है ओडिशा का कालाहांडी तथा कोरापुट जिला बॉक्साइट का प्रमुख उत्पादक क्षेत्र है। उल्लेखनीय है कि बॉक्साइट एल्युमीनियम का ऑक्साइड होता है यह सफेद गुलाबी अथवा लाल रंग का हो सकता है।

**106. To reduce the interest payment on the Electricity sector, which scheme has been launched by the Government of India?**
**ऊर्जा क्षेत्र पर ब्याज भुगतान भार कम करने हेतु भारत सरकार ने कौन सी योजना प्रारम्भ की है?**

(a) UJALA Scheme/उजाला योजना
(b) Urja Ganga Scheme/ऊर्जा गंगा योजना
(c) UDAY Scheme/उदय योजना
(d) Saubhagya Scheme/सौभाग्य योजना

**Ans. (c) :** ऊर्जा क्षेत्र पर ब्याज भुगतान भार कम करने हेतु उदय योजना अर्थात उज्जवल डिस्कॉम एश्योरेंस योजना की शुरुआत विद्युत मंत्रालय द्वारा नवम्बर, 2015 में की गयी थी। इसका लक्ष्य देश की विद्युत वितरण कम्पनियों की वित्तीय स्थिति में सुधार एवं उनका पुनरुद्धार करना तथा उनकी समस्याओं का स्थाई समाधान सुनिश्चित करना है।

**107. In the following table, the missing number 'x' is-/निम्न सारिणी में, लुप्त संख्या x है-**

| | | |
|---|---|---|
| **3** | **4** | **6** |
| **8** | **x** | **14** |
| **18** | **20** | **24** |

(a) 9 (b) 10 (c) 11 (d) 12

**Ans. (b)** प्रथम स्तम्भ से, $(3 \times 2) + 2 = 8, 8 + 10 = 18$
तृतीय स्तम्भ से, $(6 \times 2) + 2 = 14, 14 + 10 = 24$
उसी प्रकार, द्वितीय स्तम्भ से, $(4 \times 2) + 2 = 10, 10 + 10 = 20$

**108. Which one of the following gases in used in manufacturing of polythene?/पॉलीथीन बनाने में निम्नलिखित में से किस गैस का उपयोग होता है?**

(a) Ethylene/एथिलीन
(b) Carbon-di-oxide/कार्बन-डाई-ऑक्साइड
(c) Nitrogen/नाइट्रोजन
(d) Carbon monoxide/कार्बन मोनोऑक्साइड

**Ans. (a) :** पॉलीथीन बनाने में एथिलीन का उपयोग होता है। एथिलीन ($C_2H_4$) को उच्च ताप एवं उच्च दाब पर बहुलकीकरण के द्वारा इसे प्राप्त किया जाता है। इसका उपयोग पैकिंग की थैलियाँ, तार के ऊपर का आवरण बनाने में किया जाता है।

**109. According to the Constitution of India, the 'Executive Power of the Union' shall be vested in the/भारत के संविधान के अनुसार, 'केन्द्र की कार्यपालिका शक्ति' निम्नलिखित में निहित है-**

**1. President/राष्ट्रपति**
**2. Prime Minister/प्रधानमंत्री**

**Select the correct answer from the code given below the lists/नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए-**

**Code/कूट :**

(a) Only 1/केवल 1
(b) Only 2/केवल 2
(c) Both 1 and 2/दोनों 1 और 2
(d) Neither 1 not 2/न तो 1 और ना ही 2

**Ans. (a) :** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 53(1) के अनुसार केन्द्र की कार्यपालिका शक्ति राष्ट्रपति में निहित होगी और वह इसका प्रयोग संविधान के अनुसार स्वयं या अपने अधीनस्थ अधिकारियों के द्वारा करेगा। भारत में संसदीय व्यवस्था को अपनाया गया है अतः राष्ट्रपति नाममात्र की कार्यपालिका है तथा प्रधानमंत्री और उसका मंत्रिमंडल वास्तविक कार्यपालिका है।
भारतीय संविधान के भाग V के अनुच्छेद 52 से 78 तक में संघ की कार्यपालिका का वर्णन है।

**110. Match List-I with List-II and select the correct answer from the code given below the lists-**
**सूची-I को से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए-**

| | List-I/सूची-I (Minimum Qualification of Age/न्यूनतम आयु अर्हता) | | List-II/सूची-II (Office/Post ऑफिस/पद) |
|---|---|---|---|
| A | 21 years 21 वर्ष | 1. | President of India भारत के राष्ट्रपति |
| B | 25 years 25 वर्ष | 2. | Member of Panchayat पंचायत सदस्य |
| C | 30 years 30 वर्ष | 3. | Member of State Legislatvie Assembly राज्य विधानसभा सदस्य |
| D | 35 years 35 वर्ष | 4. | Member of State Legislative Council राज्य विधान परिषद सदस्य |

**Code/कूट :**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 4 | 1 | (b) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (c) | 2 | 1 | 3 | 4 | (d) | 4 | 1 | 2 | 3 |

**Ans. (a) :** सही सुमेलित है–

| सूची-I (न्यूनतम आयु अर्हता) | | सूची-II (ऑफिस/पद) |
|---|---|---|
| 21 वर्ष | - | पंचायत सदस्य |
| 25 वर्ष | - | राज्य विधानसभा सदस्य |
| 30 वर्ष | - | राज्य विधान परिषद् सदस्य |
| 35 वर्ष | - | भारत के राष्ट्रपति |

**111. With reference to the 'Galapagos Islands' situated in the Pacific Ocean, which of the following statements is/are correct?**
**प्रशांत महासागर में स्थित 'गैलापागोस द्वीपसमूह' के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

**(1) They are formed due to volcanic activity. इनकी उत्पत्ति ज्वालामुखी गतिविधि के द्वारा हुई है।**
**(2) They are part of South American nation Peru./ये दक्षिण अमेरिकी राष्ट्र पेरू का हिस्सा है।**

**Select the correct answer using the code given below/नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए-**
**Code/कूट-**
(a) Only 1/केवल 1
(b) Only 2/केवल 2
(c) Both 1 and 2/दोनों 1 और 2
(d) Neither 1 nor 2/न तो 1 और ना ही 2

**Ans. (a) :** गैलापागोस द्वीप समूह प्रशान्त महासागर में भू-मध्य रेखा के आस-पास फैले ज्वालामुखी द्वीपों का एक समूह है। यह द्वीप समूह इक्वाडोर का हिस्सा है और दक्षिण अमेरिकी महाद्वीप से लगभग 1000 किमी. दूरी पर स्थित है। वर्ष 1978 में गैलापागोस द्वीप समूह को यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर स्थल के रूप में चिह्नित किया गया था। इस द्वीप समूह पर मांटा, रे और शार्क जैसे जलीय प्रजातियाँ पाई जाती हैं। इक्वाडोर द्वारा इस द्वीप समूह के एक हिस्से को वर्ष 1935 में वन्य जीव अभ्यारण्य बना दिया गया था, इस अभ्यारण्य को वर्ष 1959 में गैलापागोस नेशनल पार्क में बदल दिया गया। अतः विकल्प (a) सही उत्तर होगा।

**112. India is the largest producer of which of the following fruits in the world as per the Annual Report of the Department of Agriculture Co-operation and Farmers Welfare, Government of India, 2020-21?/भारत सरकार के कृषि सहयोग एवं किसान कल्याण विभाग की वार्षिक रिपोर्ट 2020-21 के अनुसार भारत विश्व में, निम्नलिखित में से किन फलों का सबसे बड़ा उत्पादक है?**

**1. Grapes/अंगूर** **2. mango/आम**
**3. Orange/संतरा** **4. Papaya/पपीता**

**Select the correct answer using the code given below/नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चुनाव कीजिए-**
**Code/कूट :**
(a) 1 and 2/1 और 2 (b) 1 and 3/1 और 3
(c) 2 and 3/2 और 3 (d) 2 and 4/2 और 4

**Ans. (d) :** भारत सरकार के कृषि सहयोग एवं किसान कल्याण विभाग की वार्षिक रिपोर्ट 2020-21 के अनुसार भारत विश्व में, आम और पपीता का सबसे बड़ा उत्पादक देश है। पूरे विश्व का 41% आम भारत उत्पादित करता है, इसके अलावा चीन एवं थाईलैण्ड क्रमशः दूसरे एवं तीसरे स्थान पर हैं। पपीते के उत्पादन में भी भारत शीर्ष पर है। भारत एवं ब्राजील विश्व के कुल 50% पपीता उत्पादन करते हैं। भारत प्रतिवर्ष 5,699,000 टन उत्पादन के साथ दुनिया में सबसे बड़ा पपीता उत्पादक है। इसके अलावा ब्राजील, मैक्सिको, इंडोनेशिया क्रमशः दूसरे तीसरे एवं चौथे स्थान पर हैं।

**113. With reference to the statue of 'Nataraj the Lord of Dance', which of the following statements is/are correct?**
**'नटराज नृत्य के भगवान' की मूर्ति के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

**1. The image represents dancing Shiva having four hands./यह मूर्ति नृत्य करते हुए चार हाथों वाले शिव का प्रतिनिधित्व करती है।**
**2. In his right ear, he wears a man's earring, a women's in the left./अपने दायें कान में, वह एक पुरुष का कुंडल पहने हैं, बायें में एक महिला का।**

**Select the correct answer using the code given below/नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए**
**Code/कूट-**
(a) Only 1/केवल 1
(b) Only 2/केवल 2
(c) Both 1 and 2/दोनों 1 और 2
(d) Neither 1 nor 2/न तो 1 और ना ही 2

**Ans. (c) :** चोल कालीन 'नटराज मुद्रा में नृत्य करते भगवान शिव' की मूर्ति सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक मूर्तियों में से एक है जो नृत्य करते हुए चार हाथों वाले शिव का प्रतिनिधित्व करती है और अपने दायें कान में, वह एक पुरुष का कुंडल पहने है तथा बायें में एक महिला का यह नर और मादा के संलयन का प्रतिनिधित्व करता है और इसे अक्सर अर्धनारीश्वर के रूप में जाना जाता है।

**114. If 44 × 75 = 7454, 83 × 74 = 7348 and 55 × 48 = 4585, then 14 × 45 will be equal to-**
**यदि 44 × 75 = 7454, 83 × 74 = 7348 और 55 × 48 = 4585, तो 14 × 45 बराबर होगा-**
(a) 4145 (b) 4415 (c) 4451 (d) 4154

**Ans. (c) :** जिस प्रकार,
44 × 75 = 7 4 5 4
ab cd c b d a
83 × 74 = 7 3 4 8

ab cd c b d a
55 × 48 = 4 5 8 5
ab cd c b d a
उसी प्रकार,
14 × 45 = 4 4 5 1
ab cd c b d a

**115. As 'Part' is related to 'Whole', in the same way 'Arc' is related to, which of the following?**
**जिस प्रकार 'भाग' (Part) 'संपूर्ण' (Whole) से सम्बन्धित है, उसी प्रकार 'चाप' (Arc) निम्नलिखित में से किससे सम्बन्धित है?**

(a) Area/क्षेत्रफल (b) Chord/जीवा
(c) Circumference/परिधि (d) Segment/खण्ड

**Ans. (c) :** जिस प्रकार भाग (Part), संपूर्ण (Whole) की एक छोटी इकाई होती है। उसी प्रकार चाप (Arc), परिधि (Circumference) की एक छोटी इकाई होती है।

**116. Uttar Pradesh Council of Agricultural Research is located at which of the following place?**
**उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद निम्नलिखित में से किस स्थान पर स्थित है?**

(a) Lucknow/लखनऊ
(b) Meerut/मेरठ
(c) Gorakhpur/गोरखपुर
(d) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (a) :** उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद् लखनऊ में स्थित है। जिसकी स्थापना जुलाई 1989 ई. में की गई थी
• प्रदेश में भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान की स्थापना 1952 ई. में लखनऊ में की गयी थी।

**117. With reference to Rhine river in Europe, which of the following statements is/are correct?**
**यूरोप में राइन नदी के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

**(1) Rhine river is an important pathway for industrial activity in Northen Germany.**
**राइन नदी, उत्तरी जर्मनी की औद्योगिक गतिविधियों के लिए एक महत्वपूर्ण मार्ग है।**

**(2) Port of Rotterdam is located at the mouth of Rhine river./रॉटरडैम का बंदरगाह राइन नदी के मुहाने पर स्थित है।**

**Select the correct answer using the code given below/नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए-**

**Code/कूट :**

(a) Only 1/केवल 1
(b) Only 2/केवल 2
(c) Both 1 and 2/दोनों 1 और 2
(d) Neither 1 nor 2/न तो 1 और ना ही 2

**Ans. (c) :** जर्मनी रूर प्रदेश उत्तरी जर्मनी में शामिल क्षेत्र है। राइन नदी आल्प्स पर्वत से निकल कर उत्तरी सागर के मुहाने पर स्थित रॉटरडम बंदरगाह तक लगभग 1300 किमी. तक बहती है।

**118. With reference to the India International Trade Fair-2021, which of the following statements is/are correct?**
**भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला-2021 के सन्दर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

**(1) It was organised in November 2021 at Jaipur, Rajasthan./इसका आयोजन नवंबर 2021 में जयपुर, राजस्थान में किया गया था।**

**(2) Main theme of the event was 'Atmanirbhar Bharat'./आयोजन का मुख्य विषय 'आत्मनिर्भर भारत' था।**

**Select the correct answer from the code given below/नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए-**

**Code/कूट-**

(a) Only 1/केवल 1
(b) Only 2/केवल 2
(c) Both 1 and 2/दोनों 1 और 2
(d) Neither 1 nor 2/न तो 1 और ना ही 2

**Ans. (b) :** भारतीय अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेला 2021 का आयोजन जयपुर (राजस्थान) में नहीं बल्कि दिल्ली (प्रगति मैदान) में हुआ था। इसका मुख्य विषय "आत्मनिर्भर भारत" था। जिसमें अर्थव्यवस्था निर्यात क्षमता, अवसंरचना आपूर्ति शृंखला, मांग तथा जीवंत जनसांख्यिकी पर फोकस था। भारत व्यापार संवर्धन द्वारा 40वें संस्करण के आयोजन में बिहार को भागीदार राज्य तथा उत्तर प्रदेश और झारखण्ड को फोकस राज्य के रूप में जगह दी गयी थी। अंतराष्ट्रीय व्यापार मेला बाजरा और ऑर्गेनिक्स-2023 बंगलुरू में संपन्न हुआ।

**119. When was India's first National Action Plan on climate change released?/भारत के प्रथम जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय कार्य योजना को कब लागू किया गया?**

(a) 2012 (b) 2015 (c) 2008 (d) 2000

**Ans. (c) :** भारत के प्रथम जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय कार्य योजना 30 जून, 2008 को लागू किया गया। यह उन साधनों की पहचान करता है जो विकास के लक्ष्य को प्रोत्साहित करते हैं, साथ ही जलवायु परिवर्तन पर विमर्श के लाभों को प्रभावशाली रूप में प्रस्तुत करता है। राष्ट्रीय कार्य योजना के कोर के रूप में आठ राष्ट्रीय मिशन हैं जो जलवायु परिवर्तन अनुकूल तथा न्यूनीकरण, ऊर्जा दक्षता एवं प्राकृतिक संसाधन संरक्षण की समझ को बढ़ावा देने पर केन्द्रित हैं।

**आठ राष्ट्रीय मिशन-**
• राष्ट्रीय सौर मिशन
• राष्ट्रीय जल मिशन
• विकसित ऊर्जा दक्षता के लिए राष्ट्रीय मिशन
• सुस्थिर निवास पर राष्ट्रीय मिशन
• हरित भारत हेतु राष्ट्रीय मिशन
• सतत कृषि हेतु राष्ट्रीय मिशन
• जलवायु परिवर्तन हेतु रणनीतिक ज्ञान पर राष्ट्रीय मिशन
• सुस्थिर हिमालयी पारिस्थितिक तंत्र हेतु राष्ट्रीय मिशन

**120. Which one of the following is not correctly matched?**
**निम्नलिखित में से कौन एक सही सुमेलित नहीं है?**

| (Place/स्थान) | (Districts of Uttar Pradesh/उत्तर प्रदेश के जिले) |
|---|---|
| (a) Bateshwar/बटेश्वर | - Agra/आगरा |
| (b) Deva Sharif/देवा शरीफ | - Jaunpur/जौनपुर |
| (c) Sankisa/संकिसा | - Farrukhabad/फर्रुखाबाद |
| (d) Bithoor/बिठूर | - Kanpur/कानपुर |

**Ans. (b) : सही सुमेलित हैं-**

| स्थान | उत्तर प्रदेश के जिले |
|---|---|
| देवा शरीफ | बाराबंकी |
| बटेश्वर | आगरा |
| संकिसा | फर्रुखाबाद |
| बिठूर | कानपुर |

# उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (मुख्य) परीक्षा, 2021

# सामान्य हिन्दी

## व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र

(परीक्षा तिथि : 24 अप्रैल, 2022)

**1. निम्नलिखित में कौन सा वाक्य अशुद्ध है?**

(a) इसका तात्कालिक प्रभाव पड़ा।
(b) पत्र किसके नाम पर लिखा गया है।
(c) एक रुपये में कितने पैसे होते हैं?
(d) भारत एक समृद्धिशाली देश है।

**Ans. (b) :** 'पत्र किसके नाम पर लिखा गया है' वाक्य अशुद्ध है। इसका शुद्ध रूप - 'पत्र किसके नाम लिखा गया है' होगा। शेष वाक्य शुद्ध हैं।

**2. इनमें से विलोम शब्दों का गलत युग्म है–**

(a) आविर्भाव - विभाव (b) अपराधी - निरपराध
(c) उन्मूलन - रोपण (d) विहित - निषिद्ध

**Ans. (a) :** दिए गए विलोम शब्द युग्मों में 'आविर्भाव - विभाव' युग्म गलत है। आविर्भाव का विलोम तिरोभाव होगा न कि विभाव।

**3. तत्सम और उसके तद्भव रूप की दृष्टि से नीचे लिखे विकल्पों में कौन-सा विकल्प गलत है?**

(a) आर्द्रक - गीला (b) आदित्यवार - इतवार
(c) उद्गलन - उगलना (d) उद्घाटन - उघाड़ना

**Ans. (a) :** दिए गए तत्सम और तद्भव युग्मों में 'आर्द्रक - गीला' युग्म गलत है। 'आर्द्रक' का तद्भव 'अदरक' होगा जबकि 'गीला', 'आर्द्र' का तद्भव है।

**4. निम्नलिखित में कौन सा वाक्य शुद्ध है?**

(a) मेरे लिए ठंडी बर्फ और गर्म आग लाओ।
(b) व्यायाम करना चाहिए जिससे कि स्वस्थ रहें।
(c) एक-एक करके सभी मर गए।
(d) तुम्हारा यह कहना मेरे लिए बड़ी बात होगी।

**Ans. (*) :** दिए गए सभी वाक्य अशुद्ध है, इनका शुद्ध रूप निम्न हैं–

| अशुद्ध वाक्य | शुद्ध वाक्य |
|---|---|
| मेरे लिए ठंडी बर्फ और गर्म आग लाओ। | मेरे लिए बर्फ और आग लाओ। |
| व्यायाम करना चाहिए जिससे कि स्वस्थ रहें। | व्यायाम करना चाहिए ताकि स्वस्थ रहें। |
| एक-एक करके सभी मर गए। | एक-एक कर सभी मर गए। |
| तुम्हारा यह कहना मेरे लिए बड़ी बात होगी। | तुम्हारा यह कहना मेरे लिए बड़ी बात होगा। |

**5. निम्नलिखित में एक तथ्य गलत है–**

(a) विशेषण से संज्ञा की व्याप्ति परिमित हो जाती है।
(b) जिस विकारी शब्द से संज्ञा की व्याप्ति मर्यादित होती है, उसे विशेषण कहते हैं।
(c) प्रयोग की स्थिति के आधार पर 'अंकित' शब्द विशेषण और विशेष्य दोनों है।
(d) विशेषण शब्द सदैव विशेष्य के पहले प्रयुक्त होता है, विशेष्य के बाद कभी प्रयुक्त नहीं होता।

**Ans. (d) :** वाक्य में विशेषण का प्रयोग दो प्रकार से होता है–कभी विशेषण विशेष्य के पहले प्रयुक्त होता है और कभी विशेष्य के बाद। जब विशेषण विशेष्य से पहले प्रयुक्त होता है तो उसे उद्देश्य-विशेषण या विशेषण-विशेष्य कहते हैं और जब विशेषण विशेष्य के बाद प्रयुक्त होता है तो उसे विधेय-विशेषण कहते हैं। अतः विकल्प (d) गलत है।

**6. संख्यावाचक विशेषण 'चौगुना' इनमें से है–**

(a) क्रमवाचक विशेषण (b) आवृत्तिवाचक विशेषण
(c) गणनावचक विशेषण (d) समुदायवाचक विशेषण

**Ans. (b) :** 'चौगुना' आवृत्तिवाचक विशेषण है, जो कि संख्यावाचक विशेषण का एक प्रकार है।
**क्रमवाचक विशेषण** - पहला, दूसरा, तीसरा।
**गणनावचक विशेषण** - एक, दो, तीन।
**समुदायवाचक विशेषण** - दोनों, तीनों, चारों।

**7. निम्नलिखित शब्दों में से कौन-सा शब्द मूल रूप से विशेषण है?**

(a) पतला (b) अर्थ (c) परिवार (d) परलोक

**Ans. (a) :** 'पतला' शब्द गुणवाचक विशेषण है। जबकि अन्य सभी विशेष्य हैं, जिनका विशेषण निम्न है–
अर्थ - आर्थिक, परिवार – पारिवारिक, परलोक - पारलौकिक

**8. इनमें से विशेषण शब्द नहीं है–**

(a) अकूत (b) अकर्ण (c) अचार (d) अचंड

**Ans. (c) :** दिए गए शब्दों में 'अचार' शब्द विशेषण न होकर विशेष्य है इसका विशेषण 'अचारी' होगा।

**9. 'अनेक शब्दों के लिए एक शब्द' के नीचे लिखे विकल्पों में कौन-सा विकल्प गलत है?**

(a) जंगल की आग-दावानल (b) समुद्र की आग-बड़वानल
(c) पेट की आग-जठराग्नि (d) आदि से अन्त तक-अनंत

**Ans. (d) :** वाक्यांश 'आदि से अन्त तक' के लिए एक शब्द 'आद्योपान्त' होगा। 'अनंत' शब्द 'जिसका अन्त न हो' के स्थान पर प्रयुक्त होता है।

**10. 'अपनी विवाहिता स्त्री से उत्पन्न पुत्र' - इन अनेक शब्दों के लिए एक शब्द है–**

(a) जरायुज (b) जारज (c) दत्तक (d) औरस

**Ans. (d) :** वाक्यांश 'अपनी विवाहिता स्त्री से उत्पन्न पुत्र' के लिए एक शब्द 'औरस' होगा।
**जरायुज** - शिशु/जीव जो खेड़ी में लिपटा हुआ पैदा हो।
**जारज** - उपपति/गैर पुरुष से उत्पन्न पुत्र।
**दत्तक** - उत्तराधिकार के लिए गोद लिया गया पुत्र।

**11. 'आवाँ' का तत्सम रूप होगा–**

(a) आग (b) अग्नि (c) आव (d) आपाक

**Ans. (d) :** 'आवाँ' का तत्सम रूप 'आपाक' होगा। दिए गये शब्दों में 'अग्नि' आग का तत्सम रूप है।

**12. इनमें से 'सरल' शब्द का विलोम नहीं है–**

(a) विरल (b) वक्र (c) कुटिल (d) कठिन

**Ans. (a) :** 'विरल' शब्द 'सघन' का विलोम होता है न कि 'सरल' का, जबकि अन्य शब्द 'सरल' के विलोम हैं।

**13. 'जो ज्ञात इतिहास से पहले का हो' के लिए एक शब्द है–**

(a) अनैतिहासिक (b) ऐतिहासिक
(c) प्रागैतिहासिक (d) इनमें से कोई नहीं

**Ans. (c) :** वाक्यांश 'जो ज्ञात इतिहास से पहले का हो' के लिए एक शब्द 'प्रागैतिहासिक' होगा।
**अनैतिहासिक** - जो इतिहास से संबंधित न हो।
**ऐतिहासिक** - जो इतिहास से संबंधित हो।

14. 'जो अचानक आँखों से ओझल हो गया हो' - इन अनेक शब्दों के लिए एक शुद्ध शब्द है–
(a) अन्तर्ध्यान (b) अन्तरध्यान (c) अन्तर्धान (d) अन्तरधान

**Ans. (c) :** वाक्यांश 'जो अचानक आँखों से ओझल हो गया हो' के लिए शुद्ध शब्द 'अन्तर्धान' होगा।

15. निम्नलिखित में विलोम शब्दों का सही युग्म है–
(a) आग्रह - विग्रह (b) गणतन्त्र - लोकतन्त्र
(c) आकीर्ण - विकीर्ण (d) थोक - परचून

**Ans. (c) :** 'आकीर्ण - विकीर्ण' विलोम शब्द का सही युग्म है। जबकि अन्य शब्दों का सही विलोम युग्म इस प्रकार है–

| शब्द | विलोम | शब्द | विलोम |
|---|---|---|---|
| आग्रह | अनाग्रह | गणतन्त्र | राजतंत्र |
| थोक | फुटकर | अनुग्रह | विग्रह |

16. निम्नलिखित में से एक अशुद्ध वाक्य है–
(a) पूज्यास्पद व्यक्ति का सम्मान करना चाहिए।
(b) दक्षिण भारत के लोग हिन्दीतर भाषी हैं।
(c) सुरेखा ने गीत की दो-चार कड़ियाँ गायीं।
(d) अब परीक्षा-प्रणाली बदलनी चाहिए।

**Ans. (a) :** पूज्यास्पद व्यक्ति का सम्मान करना चाहिए में 'पूज्यास्पद' शब्द की वर्तनी अशुद्ध है इसका शुद्ध रूप 'पूजास्पद' होगा। जबकि शेष वाक्य शुद्ध हैं।

17. 'उपत्यका' का विलोम शब्द है–
(a) अनुत्यका (b) अधित्यका (c) उचत्यका (d) अपत्यका

**Ans. (b) :** 'उपत्यका' का विलोम 'अधित्यका' होगा।

18. निम्नलिखित में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द कौन-सा है?
(a) सृष्टी (b) अनधिकार (c) अभ्यंतरिक (d) समुद्रिक

**Ans. (b) :** 'अनधिकार' शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है, जबकि अन्य शब्दों की शुद्ध वर्तनी निम्नलिखित है–
सृष्टी-सृष्टि, अभ्यंतरिक-आभ्यांतरिक, समुद्रिक-सामुद्रिक।

19. 'जो बायें हाथ से सधा हुआ है' के लिए एक शब्द है–
(a) सव्यसाची (b) वामपंथी (c) वज्रपाणि (d) वीणापाणि

**Ans. (a) :** वाक्यांश 'जो बायें हाथ से सधा हुआ है' के लिए एक शब्द 'सव्यसाची' होगा।
**वामपंथी** - साम्यवादी विचारधारा का व्यक्ति।
**वज्रपाणि** - जिसके हाथ में वज्र रहता है।
**वीणापाणि** - जिसके हाथ में वीणा रहती हो।

20. इनमें से तत्सम - तद्भव का एक शब्द युग्म अशुद्ध है, वह है–
(a) इच्छिका - छाछ (b) ईख - इक्खु
(c) उद्वर्तन - उबटन (d) गोमय - गोबर

**Ans. (a&b) :** 'छाछ' का तत्सम 'छच्छिका' होता है न कि 'इच्छिका' तथा 'ईख' या तत्सम 'इक्षु' होता है न कि इक्खु। अतः दोनों ही विकल्प अशुद्ध हैं।

21. 'मसृण' का विपरीतार्थक शब्द होगा–
(a) सुकुमार (b) चिक्कण (c) रुक्ष (d) नरम

**Ans. (c) :** 'मसृण' का विपरीतार्थक शब्द 'रुक्ष' होगा। अन्य शब्दों के विलोम निम्न हैं–
सुकुमार-कमासुत, चिक्कण-खुरदुरा, नरम-कड़ा/कठोर

22. निम्नलिखित में तत्सम - तद्भव का गलत युग्म है–
(a) सुघट्ट - सुघड़ (b) ज्ञातिगृह - नैहर
(c) पण्यशालिक - पनसारी (d) प्रतिवेशी - मवेशी

**Ans. (d) :** 'प्रतिवेशी - मवेशी' तत्सम - तद्भव की दृष्टि से गलत युग्म है। 'प्रतिवेशी' का तद्भव 'पड़ोसी' होगा। जबकि अन्य युग्म सही हैं।

23. 'मोक्ष पाने की इच्छा करने वाला' इन अनेक शब्दों के लिए शुद्ध शब्द इनमें से है–
(a) तितिक्षा (b) तितीर्षु (c) तितिक्षु (d) मरजीवा

**Ans. (b) :** वाक्यांश 'मोक्ष पाने की इच्छा करने वाला' के लिए शुद्ध शब्द 'तितीर्षु' होगा।
**तितिक्षा** - सर्दी-गर्मी, दुःख आदि सहन करने की शक्ति।
**तितिक्षु** - जिसमें सहनशीलता हो।
**मरजीवा** - मर कर जीने वाला।

24. अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द है–
(a) उँगली (b) बाँस (c) पांचवां (d) दाँत

**Ans. (c) :** अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द पांचवां है, इसका शुद्ध रूप 'पाँचवाँ' होगा जबकि अन्य शब्दों की वर्तनी शुद्ध है।

25. वर्तनी की दृष्टि से निम्नलिखित में से शुद्ध शब्द है–
(a) अनुग्रहीत (b) अनूग्रहीत (c) अनुगृहीत (d) अनुगृहित

**Ans. (c) :** वर्तनी की दृष्टि से 'अनुगृहीत' शुद्ध शब्द है।

26. निम्नलिखित में तद्भव शब्द हैं–
(a) भांडार (b) कुक्कुर (c) कटुक (d) मयंद

**Ans. (a&d) :** 'भांडार' तद्भव' शब्द है जिसका तत्सम भांडागार होगा। जबकि 'मयंद' शब्द भी तद्भव है, जिसका तत्सम 'मृगेन्द्र' होगा। अन्य शब्द तत्सम है, जिनका तद्भव रूप निम्न है–
कुक्कुर-कुत्ता, कटुक-कडुआ

27. 'वह बहुत खाता है' इस वाक्य में प्रयुक्त 'बहुत' शब्द इनमें से है–
(a) अपूर्णांक बोधक विशेषण
(b) परिमाण बोधक विशेषण
(c) निश्चित संख्यावाचक विशेषण
(d) तुलनात्मक विशेषण

**Ans. (b) :** 'वह बहुत खाता है' इस वाक्य में प्रयुक्त 'बहुत' शब्द परिमाण बोधक विशेषण है।
**अपूर्णांक बोधक विशेषण–** पौने, सवा, डेढ़, ढाई।
**निश्चित संख्यावाचक विशेषण–**एक, पाँच, सात, दूसरा, तिगुना।
**तुलनात्मक विशेषण–** विशेषण की मूलावस्था में 'तर' अथवा 'तम' लगाकर उसकी उत्तरावस्था और उत्तमावस्था को तुलनात्मक दृष्टि से दिखाया जाता है। जैसे– अधिक का अधिकतर और अधिकतम।

28. इनमें से तत्सम - तद्भव का शुद्ध युग्म है–
(a) श्रेष्ठ - सेठ (b) अरहट्ट - रहट
(c) कंकती - कंघी (d) मिष्ठ - मीठा

**Ans. (c) :** 'कंकती - कंघी', तत्सम - तद्भव का शुद्ध युग्म है। जबकि अन्य तत्सम - तद्भव के शुद्ध युग्म निम्न हैं–
श्रेष्ठी-सेठ, अरघट्ट-रहट, मिष्ट-मीठा

29. निम्नलिखित में 'अनघ' का विलोम है–
(a) निरघ (b) निष्पाप (c) कृती (d) अघी

**Ans. (d) :** 'अनघ' का विलोम 'अघी' होगा। अन्य शब्दों के विलोम निम्न हैं– निरघ-अघी, निष्पाप-पापी, कृती-अकृती।

30. 'प्रविशेषण' को कामता प्रसाद गुरु ने इनमें से कहा है–
(a) अन्तर्विशेषण (b) सामान्य विशेषण
(c) बाह्य विशेषण (d) असामान्य विशेषण

**Ans. (a) :** 'प्रविशेषण' को कामता प्रसाद गुरु ने अन्तर्विशेषण कहा है। विशेषण शब्दों की विशेषता बताने वाले शब्दों को प्रविशेषण कहा जाता है। जैसे– मोहन बहुत सुन्दर है। यहाँ 'सुन्दर' विशेषण है और 'बहुत' प्रविशेषण है क्योंकि 'बहुत' 'सुन्दर' की विशेषता बता रहा है।

# उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी (मुख्य) परीक्षा, 2021
# सामान्य हिन्दी एवं आलेखन

**निर्धारित समय : 2 ½** **(परीक्षा तिथि : 24-04-2022)** **[पूर्णांक : 100**

**1. निम्नलिखित गद्य–अवतरण को ध्यान से पढ़कर उससे सम्बद्ध प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 21**

शिक्षा का अर्थ है जीना सीखने की कला। हम जीते हैं समाज में, अतः शिक्षा का मूल स्रोत है समाज। इस प्रकार शिक्षा और समाज का परस्पर घनिष्ठ संबंध है। शिक्षा व शिक्षण-संस्थाओं का समाज में विशेष महत्त्वपूर्ण स्थान है, क्योंकि यहीं से भावी नागरिक ढल कर निकलते हैं। आज समाज के मूल रूप को परिष्कृत करने हेतु नैतिक शिक्षा के प्रश्न पर विशेष बल दिया जाने लगा है। यह आवश्यकता अनुभव की गयी है कि हमारी मान्यताओं का स्खलन हो रहा है। सामाजिक जीवन में जो अनैतिकता दिनों-दिन बढ़ती जा रही है उसका मूल कारण नैतिक शिक्षा का अभाव है। आज हमने भौतिक उन्नति को एकमात्र उद्देश्य बना लिया है। हम भौतिकवादी से अति-भौतिकवादी होते जा रहे हैं और यही कारण है कि विफलताएं हमारे मार्ग को अवरुद्ध करती जा रही हैं। अपेक्षित है कि नैतिक मूल्यों की शिक्षा दी जाए अन्यथा समाज में अपराध-प्रवृत्ति निरंतर बढ़ती रहेगी। यदि हम जीवन में सामंजस्य स्थापित करना चाहते हैं, तो भौतिक प्रगति के साथ-साथ आध्यात्मिक प्रगति को भी जागरूक बनाए रखना आवश्यक है। आज विद्यार्थियों में व्याप्त अनुशासनहीनता, निराशा एवं हतोत्साह के प्रमुख कारण मानसिक एवं आध्यात्मिक अनुशासन का अभाव है। अतएव विद्यार्थियों में प्रारंभ से ही चरित्रनिर्माण एवं देशभक्ति की भावना जाग्रत करने के लिए उनमें दृढ़ संस्कारों का निर्माण करने के लिए नैतिक शिक्षा देना अति आवश्यक है। नैतिक शिक्षा के बिना स्वस्थ समाज की कल्पना असंभव है।

**(क) प्रस्तुत गद्य–अवतरण का उपयुक्त शीर्षक लिखिए। 3**

**(ख) प्रस्तुत गद्य–अवतरण का सारांश लिखिए। 6**

**(ग) प्रस्तुत गद्य–अवतरण के रेखांकित अंशों की संक्षेप में व्याख्या कीजिए। 12**

**उत्तर-1 :**

**(क)** शीर्षक - 'नैतिक शिक्षा'।

**(ख) सारांश**–शिक्षा सीखने की कला है। यह मानव संसाधन का सार तथा समाज से घनिष्ठ रूप से संबंधित है। वर्तमान भौतिकवादी संस्कृति से समाज में नैतिक मूल्यों का क्षरण हो रहा है। ऐसे में समाज में नैतिक मूल्यों की स्थापना का प्रयास यदि विद्यार्थी जीवन से किया जाता है तो विद्यार्थियों में प्रारम्भ से ही चरित्र निर्माण, अनुशासन तथा देशभक्ति की भावना जाग्रत होगी और एक स्वस्थ समाज की संकल्पना साकार होगी।

**(ग) अवतरण के रेखांकित अंशों की संक्षेप में व्याख्या**

**(1) शिक्षा का अर्थ ............ मूल स्रोत है समाज।**

**व्याख्या-** उक्त पंक्ति में लेखक का यह मत है कि शिक्षा सीखने की कला है। चूंकि व्यक्ति समाज में रहता है इसलिए वह समाज से बहुत कुछ सीखता है। व्यक्ति के आचरण, मूल्य, विचार तथा संस्कृति समाज द्वारा ही निर्मित होता है। ऐसे में समाज को शिक्षा का मूल स्रोत कहना ही उचित है।

**(2) सामाजिक जीवन ........... नैतिक शिक्षा का अभाव है।**

**व्याख्या-** उक्त पंक्ति में लेखक यह स्पष्ट करना चाहता है कि वर्तमान भौतिकवादी समाज में अनैकिता दिनों-दिन बढ़ती जा रही है। इसका मूल कारण समाज में शिक्षा का स्वरूप है। यदि शिक्षा में नैतिक शिक्षा को शामिल नहीं किया जाता तो समाज में अराजकता एवं अव्यवस्था बढ़ती जाएगी।

**(3) यदि हम .................. रखना आवश्यक है।**

**व्याख्या-** उक्त पंक्ति में लेखक का यह मंतव्य है कि यदि जीवन में सामंजस्य स्थापित कर आगे बढ़ना है, तो भौतिक एवं आध्यात्मिक प्रगति में भी संतुलन होना चाहिए। केवल भौतिक प्रगति का जीवन व्यर्थ हो जाएगा। समाज में नैतिक मूल्यों की स्थापना द्वारा ही आध्यात्मिक प्रगति की संकल्पना साकार होगी। वास्तव में प्रगति भौतिक तथा आध्यात्मिक संतुलन द्वारा ही प्राप्त की जा सकती है।

**2. निम्नलिखित सरकारी पत्र का सारिणी रूप (tabular form) में सार लिखिए– 15**

पत्रांक : 725(2)/12(क)/21-22

प्रेषक,

सचिव, शिक्षा विभाग
उत्तर प्रदेश सरकार
लखनऊ।

सेवा में,

शिक्षा निदेशक,
उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश
प्रयागराज

लखनऊ, दिनांकः 20 जनवरी, 22

विषयः अनुमोदित शिक्षकों के स्थायीकरण के संबंध में।

महोदय,

मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा अनुमोदित होने के उपरान्त विभिन्न राजकीय महाविद्यालयों में अस्थायी रूप से कार्य करते हुए जिन शिक्षकों को तीन वर्ष से अधिक हो गए हों, उनके स्थायीकरण की अविलंब कार्यवाही करें। जिन शिक्षकों की गोपनीय आख्या प्रतिकूल है, उनका स्थायीकरण अभी रोक दिया जाए।

भवदीय,
अ ब स

पृष्ठांकन सं 725(2)/12(क)/21-22ए दिनांक 20 जनवरी, 22

प्रतिलिपि सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु–

समस्त राजकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों को इस आशय से प्रेषित कि वे अपने अधीन कार्यरत ऐसे शिक्षकों की सूची शिक्षा निदेशालय को अविलंब भेजें, जो लोक सेवा आयोग द्वारा अनुमोदित हैं और जिन्हें कार्य करते हुए तीन वर्ष से अधिक हो गए हैं, परन्तु अभी तक उनके स्थायीकरण के आदेश नहीं हुए हैं।

**उत्तर-2 :** पत्र का सारिणी रूप–

| क्रम | पत्रांक | दिनांक व स्थान | प्रेषक | प्रेषिती | विषय व आशय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 725(2)/12(क)/21-22 | 20 जनवरी, 2022 लखनऊ। | सचिव, शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार, लखनऊ। | शिक्षा निदेशक, उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश प्रयागराज। | लोक सेवा आयोग द्वारा अनुमोदित ऐसे शिक्षकों जिनकी आख्या अनुकूल है तथा विभिन्न राजकीय महाविद्यालयों में अस्थायी रूप से कार्य करने तीन वर्ष से अधिक हो गए हैं, के स्थायीकरण हेतु निदेश किया गया है। उक्त संबंध में विभिन्न राजकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों को, ऐसे शिक्षकों की सूची शिक्षा निदेशालय को शीघ्र प्रेषित करने का निदेश, प्रतिलिपि के माध्यम से किया गया है। |

**3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 8×3 = 24**

**(क) अर्द्धशासकीय पत्र का अर्थ स्पष्ट करते हुए उसका लिखित प्रारूप प्रस्तुत कीजिए। 8**

**(ख) कार्यालय आदेश किसे कहते हैं? इसका एक उदाहरण प्रस्तुत कीजिए। 8**

**(ग) विज्ञप्ति का आशय स्पष्ट करते हुए इसका एक उदाहरण लिखिए। 8**

**उत्तर-3 (क) : अर्द्धशासकीय पत्र-**अर्द्धशासकीय पत्र आलेखन का वह औपचारिक प्रारूप होता है जिसके माध्यम से प्रायः समान स्तर के अधिकारियों के मध्य शासकीय प्रयोजनार्थ-विचार-विमर्श, वार्ता-बैठक, ध्यानाकर्षण वाले मामले, कतिपय गोपनीय मामले इत्यादि संदर्भित कार्य व्यवहार सम्पादित किए जाते हैं।

**लिखित प्रारूप**

मुहर अर्द्ध शा.प.सं. - 12क/2/2021-22

क.ख.ग., उत्तर प्रदेश राज्य परिवहन निगम अनुभाग-1

अध्यक्ष। दि. 30 अप्रैल, 2022, लखनऊ

विषय–परिवहन सुरक्षा सम्बन्धी कमियों को दूर करने के संदर्भ में।

प्रियश्री महोदय,

उक्त विषय में आपसे अपेक्षा है कि विगत कुछ महीनों से समाचार पत्रों के माध्यम से जिले में परिवहन असुरक्षा की खबरें सामने आ रही हैं, जिनमें यातायात के दौरान लूट-पाट, मार-पीट, महिलाओं से छेड़खानी इत्यादि घटनाएं प्रकाश में आयी हैं, जो सुरक्षा संबंधी कमियों को रेखांकित करती है।

अतः आपसे अनुरोध है कि यातायात संबंधी उक्त सुरक्षा कमियों को दूर करने का कष्ट करें, जिससे परिवहन को सुरक्षित बनाया जा सके।

सादर

संलग्नक-यथोक्त। भवनिष्ठ

सेवा में, ह. ......

श्री य.र.ल., (क.ख.ग.)

पुलिस अधीक्षक (यातायात),

प्रयागराज, उ.प्र.।

**उत्तर-3 (ख) : कार्यालय आदेश**–कार्यालय आदेश से तात्पर्य ऐसे पत्र आलेखन से है, जिसके द्वारा किसी कार्यालय के भीतर अनुशासन सम्बन्धी अथवा कर्त्तव्य-पालन सम्बन्धी विभिन्न मामलों को नियमित तौर पर नियंत्रित एवं संचालित किया जाता है।

**उदाहरण**

सिंचाई अभियन्ता कार्यालय

अनुभाग-1

सं. - 10/2(च)/2021-22

दि. 30 अप्रैल, 2022, प्रयागराज

कार्यालय आदेश

समस्त तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को यह आदेशित किया जाता है कि वे दिनांक 02/05/2022 से प्रत्येक कार्य-दिवस पर अपनी निर्धारित वेश-भूषा में ही कार्यालय में उपस्थित हों। प्रत्येक कार्मिक के वस्त्र अच्छी तरह धुले एवं साफ-सुथरे होने चाहिए।

2. उक्त कार्मिक तत्काल प्रभाव से आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करें, अन्यथा की दशा में नियमानुसार दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

आज्ञा से

ह. ........

(क.ख.ग.)

मुख्य अभियन्ता।

प्रतिलिपि सार्वजनिक सूचना पटल पर अंकन हेतु प्रेषित।

आज्ञा से

ह. ........

(क.ख.ग.)

मुख्य अभियन्ता।

**उत्तर-3 (ग) : विज्ञप्ति**–विज्ञप्तियाँ आलेखन का वह प्रारूप होती हैं, जिनके माध्यम से लोक महत्त्व के विभिन्न विषयों को सर्वसाधारण के सूचनार्थ जारी किया जाता है।

उदाहरण

लोक सेवा आयोग, उ.प्र.

सेवा अनुभाग-1

सं - 12/2(क)/2021-22

दि. 30 अप्रैल, 2022, प्रयागराज

विज्ञप्ति/प्रोन्नति

श्री क.ख.ग. कनिष्ठ लिपिक को उनके वर्तमान पद के स्थान पर वरिष्ठ लिपिक, वेतनमान ग्रेड पे 2800 पर प्रोन्नत किया जाता है। वे तत्काल प्रभाव से उक्त पद-भार ग्रहण करना सुनिश्चित करें।

2. उक्त वेतनमान के अतिरिक्त श्री क.ख.ग. को सभी अनुमन्य भत्ते भी देय होंगे।

आज्ञा से
ह. ........
(अ.ब.स.)
संयुक्त सचिव।

प्रतिलिपि सभी समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु प्रकाशन अनुभाग को प्रेषित।

आज्ञा से
ह. ........
(अ.ब.स.)
संयुक्त सचिव।

**4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 10 × 3 = 30**

**(क) निम्नलिखित अंग्रेजी शब्दों के हिन्दी रूप लिखिए-10**

(i) PROVISO (ii) BY - LAW
(iii) ABANDONMENT
(iv) CORRIGENDUM (v) CADRE

**(ख) निम्नलिखित हिन्दी शब्दों के अंग्रेजी रूप लिखिए-10**

(i) उल्लंघन (ii) अनुलग्नक (iii) लागू नहीं
(iv) विधानकारी संधि (v) प्रत्युत्तर

**(ग) निम्नलिखित मुहावरों-लोकोक्तियों का अर्थ लिखते हुए उनका वाक्यों में प्रयोग कीजिए– 10**

(i) टाट बाहर करना (ii) तालू में दांत जमना
(iii) सब्जबाग दिखाना
(iv) उतर गई लोई तो क्या करेगा कोई
(v) कै हंसा मोती चुगै, कै भूखा मर जाय

**उत्तर-4 (क) अंग्रेजी शब्दों के हिन्दी रूप–**

(i) परन्तुक (ii) उपनियम (iii) परित्याग
(iv) शुद्धि पत्र (v) संवर्ग

**उत्तर-4 (ख) हिन्दी शब्दों के अंग्रेजी रूप–**

(i) Violation (ii) Annexure (iii) Not enforced
(iv) Statutory treaty (v) Rejoinder/Reply

**उत्तर-4 (ग) मुहावरों व लोकोक्तियों का अर्थ एवं प्रयोग–**

**(i) टाट बाहर करना**

**अर्थ**–निष्कासित करना।

**वाक्य प्रयोग**–आमतौर पर ऐसे नेता जो जनता को बेवकूफ बनाकर सत्ता प्राप्त करना चाहते हैं, शिक्षित और प्रबुद्ध जनता चुनाव में उनका टाट बाहर कर देती है।

**(ii) तालू में दांत जमना**

**अर्थ**–बुरे दिन आना।

**वाक्य प्रयोग**–राष्ट्रवादी सरकार के सत्ता में आने के बाद अलगाववादियों के तालू में दांत जम गये।

**(iii) सब्जबाग दिखाना**

**अर्थ**–अप्रत्याशित लालच देकर बहकाना।

**वाक्य प्रयोग**–वर्तमान समय में बहुत सारी चिट-फण्ड कम्पनियाँ अपने ग्राहकों को सब्जबाग दिखाकर आकर्षित करने के प्रयास में लगी हैं।

**(iv) उतर गई लोई तो क्या करेगा कोई**

**अर्थ**–इज्जत चली जाने के बाद भय किसका।

**वाक्य प्रयोग**–अपनी बिरादरी से निष्काषित व्यक्ति स्वच्छंद हो जाता है। सच ही कहा गया है कि उतर गई लोई तो क्या करेगा कोई।

**(v) कै हंसा मोती चुगै, कै भूखा मर जाय**

**अर्थ**–प्रतिष्ठा के विपरीत कार्य न करना।

**वाक्य प्रयोग**–महात्मा गांधी आजीवन सत्य और अहिंसा के मूल्यों पर चलते रहे। उनके जीवन में कई ऐसे क्षण भी आए, जब उन्हें विरोध का सामना करना पड़ा परन्तु उन्होंने अपना विचार नहीं बदला। इनके संदर्भ में यही कहावत सटीक उतरती है कि कै हंसा मोती चुगै कै भूखा मर जाए।

**5. कम्प्यूटर संबंधी निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षेप में उत्तर दीजिए– 2 × 5 = 10**

**(क) ऑपरेटिंग सिस्टम से क्या अभिप्राय है? वर्तमान परिदृश्य में उपयोग किए जाने वाले लोकप्रिय ऑपरेटिंग सिस्टम कौन से हैं?**

**(ख) WWW क्या है? इसकी उपयोगिता बताइए।**

**(ग) इंटरनेट ब्राउजर क्या है? उदाहरण के साथ समझाएं।**

**(घ) कम्पयूटर में कितने प्रकार की मेमोरी होती है? RAM तथा ROM में क्या अंतर है?**

**(ङ) https क्या है? इसके उद्देश्य क्या हैं?**

**उत्तर-(क) :** ऑपरेटिंग सिस्टम प्रोग्रामों व निर्देशों का समूह है यह कम्प्यूटर का मूलभूत सॉफ्टवेयर है, जो उसे प्रारम्भ कर उसके विभिन्न अवयवों में सम्बन्ध स्थापित करता है। वर्तमान परिदृश्य में विण्डोज-9, विण्डोज-10, विण्डोज-11 तथा लाइनेक्स महत्वपूर्ण आपरेटिंग सिस्टम प्रचालन में हैं।

**उत्तर-(ख) :** WWW वर्ड वाइड वेब का संक्षिप्त रूप है। यह इंटरनेट की सर्वाधिक उपयोगी व लोकप्रिय सेवा है। इस पर लाखों वेब पेज डॉक्यूमेंट के रूप में उपलब्ध हैं। यह हाइपर लिंक के माध्यम से आपस में जुड़ी विभिन्न सूचनाओं का समूह होता है। इंटरनेट पर उपलब्ध विभिन्न सूचनाओं का आदान-प्रदान करना WWW के माध्यम से ही संभव हो पाया है।

**उत्तर-(ग) :** इंटरनेट ब्राउजर एक एप्लीकेशन प्रोग्राम है, जो वर्ड वाइड वेब पर स्थित हाइपर टैक्स्ट डाक्यूमेंट को उपयोगकर्ता के लिए उपलब्ध कराता है। यह ब्राउजर सॉफ्टवेयर हाइपर टेक्स्ट ट्रांसफर प्रोटोकाल पर कार्य करता है। वर्तमान समय में मोजिला फायर फाक्स, ओपेरा, एप्पल सफारी, गूगल क्रोम इत्यादि प्रचालित इंटरनेट ब्राउजर हैं।

**उत्तर-(घ) :** कम्पयूटर में मेमोरी दो प्रकार की होती है। पहला प्राथमिक या मुख्य मेमोरी तथा दूसरी सहायक मेमोरी। प्राथमिक मेमोरी कम्प्यूटर सी.पी.यू. से सीधे जुड़ी होती है। रैम माइक्रोचिप से निर्मित तीव्र गति सेमीकण्डक्टर मेमोरी है। रैम अस्थायी मेमोरी है अर्थात डाटा पावर सप्लाई बन्द होने पर नष्ट हो जाता है। रॉम एक स्थायी मेमोरी है अर्थात् इसमें उपलब्ध डाटा नष्ट नहीं होता चाहे पावर सप्लाई बन्द क्यों न कर दी जाए।

**उत्तर-(ड.) :** https का पूरा नाम हाइपर टेक्स्ट ट्रांसफर प्रोटोकॉल सेक्योर है। इसका प्रयोग URL के प्रारम्भ में किया जाता है। डाटा कम्यूनिकेशन में प्रयुक्त यह एक अधिक सुरक्षित एप्लीकेशन प्रोटोकाल है। इसका प्रयोग प्रायः डाटा संचरण की सुरक्षित वेबसाइटों में किया जाता है जैसे-बैंकिंग, ऑनलाइन शॉपिंग आदि।

# उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी (मुख्य) परीक्षा, 2021
# हिन्दी निबन्ध

**निर्धारित समय : 3 Hours** **(परीक्षा तिथि : 25-04-2022)** **[पूर्णांक : 120**

**नोट :** प्रत्येक खण्ड से एक-एक विषय का चयन कर तीन निबन्ध (प्रत्येक लगभग 600 शब्दों में) लिखिए।

**खण्ड-1** **40**

**प्रश्न- (क) साहित्य और संस्कृति का अंतर्संबंध**

**(ख) शिक्षा और नैतिक मूल्य**

**(ग) वर्तमान राजनीति का परिदृश्य और उसका भावी प्रभाव**

**उत्तर-(क) साहित्य और संस्कृति का अंतर्संबंध :** मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है, इसलिए एकाकीपन के बजाए सामूहिकता इसकी स्वाभाविक प्रवृत्ति है। साहित्य मानव की इसी स्वभाविक प्रवृत्ति से प्रेरित रचनाधर्मिता युक्त आयाम है। साहित्य जनता की चित्तवृत्तियों का संचित कोष होता है, ऐसे में वह समाज के विविध मूल्य, मान्यताओं व कथानकों को अपने रचनाकर्म का विषय बनाता है। संस्कृति प्रायः इन्हीं सामाजिक मूल्यों व आदर्शों की सम्यक रचना है, ऐसे में साहित्य और संस्कृति समाज के विभिन्न पहलुओं से संबंधित होकर एक दूसरे से सम्बद्ध हो जाते हैं।

संस्कृति मानव जीवन व समाज के मूल्यों की सम्यक रचना है। यह समाज में व्याप्त गुणों व आदर्शों का समग्र रूप है। यह समाज के सोचने-विचारने, खाने-पीने, कार्य करने, बोलने, नृत्य, गायन, कला आदि के रूप में प्रकट होती है। साहित्य प्रायः संस्कृति के इन्हीं अमूर्त रूपों को स्वयं में अभिव्यक्त करता है। किसी काल खण्ड का साहित्य उसकी विशेषताओं को स्वयं में समेटे रहता है। संगम काल के विभिन्न साहित्य मणिमेखले, जीवक चिन्तामणि तथा कुरल इत्यादि दक्षिण भारत की प्राचीन संस्कृति की विशिष्टताओं को स्पष्ट करते हैं।

संस्कृति का शाब्दिक अर्थ है–उत्तम या सुधरी हुई स्थिति। समाज के सद्विचार, मूल्य, मान्यताएँ व आदर्श इसी संस्कृति के विविध पक्ष हैं। चूंकि साहित्य का कार्य समाज को दिशा देना है। यह भटकी हुई मानवता को सतपथ पर लाने हेतु रचित होता है। साहित्य सही मार्गदर्शन तभी प्रदान कर सकता है, जब वह संस्कृति के मूल्यों को स्वयं में धारण करे।

साहित्य संस्कृति का एक अंग है। संस्कृति एक व्यापक अवधारणा है, जिसमें कला, धर्म, नृत्य, गायन, स्थापत्य के साथ साहित्य भी सम्मिलित होता है। प्रत्येक देश में रचित साहित्य वहां की संस्कृति का वाहक होता है। यह संस्कृति के अव्यक्त मूल्यों को व्यक्त करता है। साहित्य विविध स्वरूप काव्य, नाटक, उपन्यास, कहानी इत्यादि के रूप में संस्कृति का पोषण करता है।

प्रत्येक देश अपनी अलग संस्कृति रखता है। साहित्य उस देश की संस्कृति को जानने का अच्छा माध्यम है। अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस या किसी अन्य देश के साहित्य के अध्ययन से हमें वहां की संस्कृति की जानकारी प्राप्त हो जाती है। प्लेटो, अरस्तू, वाल्टेयर, काण्ट, हेगल के साहित्य वहां की संस्कृति को स्पष्ट रूप से व्यक्त करते हैं। विभिन्न मान्यताएँ, धर्म, दर्शन, भाषा की प्रकृति, लिपि इत्यादि की जानकारी साहित्य के माध्यम से हो पाती है। विभिन्न विषयवस्तु को समेटे हुए साहित्य किसी देश की संस्कृति को जानने का बेहतर माध्यम है।

साहित्य व संस्कृति समाज के विविध मूल्यों से जुड़े है। मानव इससे अलग नहीं रह सकता है। साहित्य मानव की अभिव्यक्ति है, तो संस्कृति उसमें अंतर्व्याप्त गुण। मानव समाज में रहते हुए विविध सांस्कृतिक मूल्यों का वहन करता है। वह समाज के इन संस्कृति मूल्यों से पृथक नहीं रह सकता है। यही मानव यदि संस्कृति व साहित्य के विविध पक्षों से विरत है, तो वह पशु तुल्य है। कहा भी गया है–

साहित्य संगीत कला विहीन
साक्षात् पशु पुच्छ विषाण हीनः।

संस्कृति एक मूल्यपरक अवधारणा है, यह व्यक्ति के आचरण को नियंत्रित एवं नियमित करती है। मानव का संस्कार संस्कृति निर्मित है। यह मूल्य समाज को गतिमान बनाते हैं। साहित्य इन्हीं मूल्यों को स्वयं में धारण कर समाज को आदर्श बनाने का प्रयास करता है। मध्यकालीन कवि गोस्वामी तुलसीदास अपने रामचरित मानस में राम के गुणों को आदर्श रूप में प्रस्तुत कर समाज को संस्कृतिवान होने के लिए प्रेरित करते हैं।

प्रातकाल उठि के रघुनाथा, मातु पिता गुरु नावहिं माथा।

संस्कृति एक नियत संस्कार है, किन्तु समय के प्रवाह क्रम में यदि संस्कृति मूल्यों में पतन होने लगता है तो साहित्य ही मूल्यों की स्थापना करने के लिए प्रकट होता है। इतिहास के विभिन्न पन्नों में देखें तो ऐसे उदाहरण मिल जाएंगे। संस्कृति मूल्यों की स्थापना तथा गतिहीन समाज को दिशा देने हेतु समय-समय पर रामायण, महाभारत, बाइबिल, कुरान, रामचरितमानस जैसे साहित्य प्रकट हुए हैं। आधुनिक काल में प्रेमचंद, जयशंकर प्रसाद, मैथिलीशरण गुप्त के साहित्य वास्तव में इन्हीं सांस्कृतिक मूल्यों की स्थापना करते दिखायी देते हैं।

मध्यकालीन भारतीय समाज विविध प्रकार की शोषण मूलक प्रथाओं परम्पराओं और रूढ़ियों से ग्रस्त था। संस्कृति को बढ़ावा देने के नाम पर जातिगत भेदभाव, महिलाओं पर अत्याचार हुआ। छूत जैसी गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा था। मध्यकाल में इन रूढ़िगत विचारों से समाज को मुक्त कराने का साहस नाम साहित्य द्वारा किया गया। कबीर, तुलसी, दादू, रैदास जैसे विभिन्न कवियों ने समाज को रास्ता दिखाया। सभी रूढ़िगत बंधन जो समाज को दिशाहीन तथा गतिहीन बना रहे थे उन्हें त्यागकर एक समतामूलक तथा कल्याणकारी समाज के निर्माण के लिए साहित्य सदैव प्रयत्नशील रहा। साहित्य ही सर्वकल्याण की मंगलकामना करता दिखायी देता है, जहां सभी प्रकार के दुखों का अंत हो जाता है।

दैहिक दैविक भौतिक तापा, राम राज्य काहुँहि नहिं व्यापा।

निष्कर्षतः यह कहा जा सकता है कि साहित्य व संस्कृति का सम्बद्ध घनिष्ठ है। दोनों एक दूसरे से पृथक न होकर पूरक हैं। संस्कृति समाज का प्रगतिशील कारक तत्व है। समय के साथ संस्कृति परिवर्तन होता रहता है, साहित्य इन्हीं परिवर्तन के विविध स्वरूपों को अपने लेखन का विषय बनाकर इसके प्रस्तुतीकरण का कार्य करता है।

वास्तव में साहित्य अपने कल्याणकारी रूप में संस्कृति का उन्नायक तथा समाज का मार्गदर्शक होता है।

**उत्तर-(ख) शिक्षा और नैतिक मूल्य :** नीतिशास्त्र की एक प्रसिद्ध उक्ति है, 'ज्ञानेन हीनाः पशुभिः समान' अर्थात् ज्ञान से हीन मनुष्य पशु के समान होता है। ज्ञान की प्राप्ति शिक्षा के द्वारा ही सम्भव है जो एक अनवरत चलने वाली प्रक्रिया है। शिक्षा मनुष्य के सम्यक विकास के लिए उसके विभिन्न ज्ञान तन्तुओं को प्रशिक्षित करने का कार्य करती है। शिक्षा का मूल उद्देश्य तथ्यों का ज्ञान नहीं बल्कि मनुष्य में नैतिक मूल्यों का विकास करना है। मूल्य आधारित शिक्षा व्यक्ति में नैतिकता-ईमानदारी, सत्यनिष्ठा इत्यादि गुणों का निर्माण करती है। किन्तु वर्तमान समय में मनुष्यों के आचरण में होने वाला अवसान चिन्ता का विषय बन गया है। आज नैतिक मूल्यों की प्रतिष्ठा की महती आवश्यकता है। ये मूल्य न केवल व्यक्तिगत उत्थान के लिए अपितु सामाजिक एवं राष्ट्रीय प्रगति तथा शांति के लिए भी परम आवश्यक हैं।

नैतिक मूल्य जीवन के आधारभूत तत्व हैं। नैतिक मूल्यों को धारण किए बिना कोई भी समाज शाश्वत नहीं रह सकता है। चूंकि मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है, अतः मनुष्य का व्यक्तिगत जीवन सामाजिक जीवन से अभिन्न रूप से जुड़ा होता है। इस प्रकार व्यक्ति और समाज को सार्थक, सकारात्मक और सृजनात्मक बनाने के लिए जीवन से जुड़े मूल्य महत्वपूर्ण हो जाते हैं। नैतिक मूल्यों का विकास समाज के अंदर होता है, परन्तु इसके निर्धारण और विकास में शिक्षा की महती भूमिका होती है। मूल्य आधारित शिक्षा के माध्यम से व्यक्ति स्वयं को निर्देशित करते हुए जीवन की चुनौतियों को स्वीकार करने में सक्षम होता है।

शिक्षा समाज रूपी व्यवस्था का एक अभिन्न अंग है। जीवन की सफलता का आधार वास्तव में शिक्षा में निहित है। शिक्षा की यहां प्रक्रिया मनुष्य के जन्म से प्रारम्भ होकर मृत्युपर्यन्त लगातार किसी न किसी रूप में सदैव चलती रहती है। उचित शिक्षा से ही समाज सशक्त बनता है तथा राष्ट्र उन्नति के शिखर पर पहुंचता है। शिक्षा के माध्यम से ही समाज अपनी भावी पीढ़ी को उच्च आदर्शों, अभीष्ट आशाओं, सनातन मूल्यों तथा प्राचीन परम्पराओं से युक्त अपनी सांस्कृतिक धरोहर को हस्तांतरित करता है। स्पष्ट है कि शिक्षा सतत रूप से चलने वाली एक ऐसी गत्यात्मक प्रक्रिया है जो मानव को अपनी भूमिका प्रभावी ढंग से अदा करने में सक्षम बनाती है। अतः यह कहा जा सकता है कि शिक्षा मानव व्यवहार का परिमार्जन करती है।

आज के बदलते परिवेश में समाज में जहां तीव्र गति से परिवर्तन हो रहा है तथा सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण व हस्तांतरण पर ध्यान दिया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर भौतिकता के आवरण में हम अपने आदर्शों और मूल्यों को भूलते जा रहे हैं। सामाजिक जीवन में जो अनैतिकता दिनों-दिन बढ़ती जा रही है, उसका मूल्य कारण नैतिक शिक्षा का अभाव है। हम भौतिकवादी से अतिभौतिकवादी होते जा रहे हैं और यही कारण है कि विफलताएँ हमारे मार्ग को अवरुद्ध करती जा रही हैं। आए दिन समाचार पत्रों में शोषण, बलात्कार, भ्रष्टाचार, हत्या, साइबर क्राइम, आतंकवाद इत्यादि की खबरें इसी ओर संकेत करती हैं कि आज मनुष्य अपने नैतिक मूल्यों को खोता जा रहा है।

नैतिक एवं आध्यात्मिक मूल्यों के पवित्र स्रोत जो हमारी सनातनी संस्कृति को ऐतिहासिक संकट की अग्नि वर्षों में भी हरा-भरा बनाये रखे थे अब भौतिकता की आंच में सूखते जा रहे हैं। परस्पर स्नेह, सहयोग, एकता, त्याग, सहनशीलता, धैर्य और साहस जैसे सद्गुणों के ताने-बाने से बुना हमारा सामाजिक जीवन ईर्ष्या, द्वेष, कलह, घृणा, स्वार्थ और लोभ जैसी दुर्भावनाओं से दिन-प्रतिदिन विषाक्त होता जा रहा है। नैतिक मूल्यों का ह्रास हमारे सामाजिक जीवन को मूल्यहीन बनाता जा रहा है। आज हम जिस स्थिति तक पहुंच गए हैं, उसके लिए हमारी सतही मानसिकता ही उत्तरदायी है, जो पश्चिमी सभ्यता की चकाचौंध की ओर हमारे झुकाव के कारण पैदा हुई है।

मूल्य विहीन शिक्षा पर्यावरण प्रदूषण का भी कारण बनती है। अर्थव्यवस्था को गति देने के क्रम में मानव ने प्राकृतिक संसाधनों का तर्कसंगत दोहन नहीं किया। बढ़ते तकनीकी विकास, प्लास्टिक उपयोग व विभिन्न प्रकार के प्रदूषणों के चलते पृथ्वी इस तरह दूषित हो गयी है कि अब मानव अस्तित्व पर ही संकट बन आया है। कोरोना महामारी भी इसी की परिणति है, जिसकी वजह से लाखों लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा। वर्तमान समय में मानव ही मानव का दुश्मन बन गया है और वह अर्जित ज्ञान का प्रयोग अपनी स्वार्थ पूर्ति के लिए ही कर रहा है। इस कष्टपूर्ण स्थिति से उबरने के लिए हमें अपनी स्वस्थ प्राचीन मान्यताओं के स्रोत से पुनः जुड़ना होगा।

उपयोगी शिक्षा प्रणाली ही किसी समाज एवं राष्ट्र की खुशहाली तथा प्रगति का मूल साधन होती है। हम अपने प्राचीन साहित्य एवं शिक्षा-दर्शनों से जितने दूर हो गए हैं, हमारी शिक्षा भी उतनी ही अर्थहीन एवं मूल्यहीन हो गयी है। ऐसी परिस्थिति में आज आवश्यकता इस बात की है कि शिक्षा को मूल्य परक बनाया जाये। मूल्य परक शिक्षा ही आज की विसंगितयों तथा विकृतियों का निराकरण कर धर्म-निरपेक्षता, सामाजिक-चेतना, विश्व-शांति और व्यक्ति की गरिमा को गौरवान्वित कर सकती है तथा मानवीय चेतना को जाग्रत कर परस्पर सद्भावना का विकास करने में समर्थ है, जिससे सभी समस्याओं का समाधान सम्भव है।

मूल्य परक शिक्षा हमारी शिक्षा प्रक्रिया का मुख्य बिन्दु होना चाहिए। यह केवल विद्यालयी छात्रों के लिए ही नहीं अपितु अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रों, अभिभावकों और सम्पूर्ण समाज के लिए भी होनी चाहिए। पाठ्यक्रम तथा शिक्षण विधियाँ ऐसी हों, जिससे उचित जीवन मूल्यों का विकास सहज रूप में हो सके। जैसा कि डॉ. राधाकृष्णन ने कहा है कि 'मानव जीवन में सुख प्राप्ति का आधार मानवीय मूल्यों का विकास है और मूल्य परक शिक्षा इसमें समर्थ है।' किन्तु हमें यह स्वीकार करना पड़ेगा कि हमारी वर्तमान शिक्षा प्रणाली मानवीय मूल्य और नैतिक चरित्र कायम करने में कहीं न कहीं नाकाम रही है। यही वजह है कि शिक्षितों के तबके में मानवीयता, संवेदना, विश्वास, सम्मान आदि नैतिक तत्वों का अभाव परिलक्षित हो रहा है।

अतः यदि हम जीवन में सामंजस्य स्थापित करना चाहते हैं तो भौतिक प्रगति के साथ-साथ चारित्रिक प्रगति तथा आध्यात्मिक उत्थान पर भी बल देना चाहिए। आज मनुष्यों में व्याप्त अनुशासनहीनता, निराशा एवं हतोत्साह का प्रमुख कारण मानसिक एवं चारित्रिक अनुशासन का अभाव है। अतएव मानव जीवन में प्रारम्भ से ही चरित्र निर्माण एवं देशभक्ति की भावना जाग्रत करने के लिए उनमें दृढ़ संस्कारों का निर्माण करने के लिए नैतिक शिक्षा देना अति आवश्यक है। नैतिक शिक्षा के बिना स्वस्थ समाज की कल्पना असंभव है।

**उत्तर-(ग) वर्तमान राजनीति का परिदृश्य और उसका भावी प्रभाव :** भारतीय समाज एक परम्परावादी और विविधतापूर्ण समाज रहा है। इस परम्परावादी और विविधतापूर्ण समाज में आधुनिक राजनीतिक संस्थाओं की स्थापना भारतीय राजनीति की एक अद्भुत विशेषता है। भारत की राजनीति संविधान के अनुसार कार्य करती है, क्योंकि भारत एक संसदीय लोकतांत्रिक गणराज्य है। भारत में आधुनिक राजनीति स्थापित होने के बाद इस अवधारणा का विकास हुआ था कि पश्चिमी शैली की राजनीति और लोकतांत्रिक मूल्यों को

अपनाने के बाद भारत की पारम्परिक राजनीतिक संस्थाओं में जाति, धर्म, भाषा एवं लिंग आधारित विविधता का अंत हो जाएगा, किन्तु स्वतंत्रता के बाद भारत की राजनीति में धर्म, जाति, भाषा इत्यादि का प्रभाव अनवरत रूप से बढ़ता गया। जहां सामाजिक क्षेत्र में इनका प्रभाव कम हुआ है, वहीं बड़े-बड़े राजनीतिज्ञों, केन्द्र एवं राज्य सरकारों ने राजनीति में इनकी भूमिका स्वीकार की है।

1947 के स्वाधीनता आंदोलन में राजनीति एक आदर्श अभियान था। लोगों ने राजनीति अपने स्वार्थ के लिए नहीं चुनी थी, बल्कि देश के लिए कुछ करने की ललक तथा अपना सर्वस्व न्योछावर करने की निष्ठा थी। वह विदेशी शासन से आजादी चाहते थे। उस समय उच्च आदर्शों वाले नेता सिर्फ भारतीय राजनीति को प्रभावित ही नहीं करते थे, वरन देश व समाज को भी प्रेरित करते थे। जैसे–महात्मा गांधी, सुभाषचंद्र बोस, भीमराव अंबेडकर, पटेल, नेहरू, अटल बिहारी बाजपेयी, अब्दुल कलाम आदि नामों को आज भी राष्ट्रीय मूल्यों के लिए याद किया जाता है। इन्होंने कभी नहीं चाहा कि देश का नेतृत्व ऐसे लोगों के हाथों में चला जाए तो सच्चरित्रता, सदाचार संयम, नैतिकता आदि गुणों के खिलाफ जीवन शैली रखते हैं। जब अपराधी प्रवृत्ति के लोग संसद में जाएंगे तो लोकतंत्र और राजनीति निश्चित रूप से प्रभावित होगी।

आज राजनीति में जाना एक तरह से व्यवसायीकरण हो गया है ये सदस्य संसद और विधानमण्डल में जाने के पश्चात् समाज व देशहित को दरकिनार करके औद्योगिक घरानों का हित साधने में लग जाते हैं। साथ ही साथ प्राप्त करने की लालसा के लिए झुण्ड-राजनीति करने से गुरेज नहीं कर रहे हैं बल्कि राष्ट्रीय हित की जगह क्षेत्रीयता, जातीयता, साम्प्रदायिकता तथा अन्य ऐसे तत्वों को उठा रहे हैं, जो संसदीय प्रक्रिया में अवरोध पैदा कर रहे हैं। भारतीय राजनीति में भौतिक संसाधनों की प्राप्ति के लिए असीमित लोभ के वशीभूत अधिकाधिक धन संग्रह की प्रवृत्ति सर्वत्र दृष्टिगोचर हो रही है। सामाजिक स्थिति ऐसी बनती जा रही है कि अनैतिक रूप से धनार्जन करने वाले व्यक्ति का क्षणिक स्वार्थवश लोग यशोगान की स्थिति में आ गए हैं। अनैतिक मूल्यों का निन्दा अथवा उसे हतोत्साहित करने की प्रवृत्ति नगण्य हो गई है।

वर्तमान में देश की सबसे बड़ी चुनौती राजनीतिक स्तर पर ही मौजूद है। स्थिरता व परिपक्वता के बावजूद हमारी राजनीतिक प्रणाली में गहरी विसंगतियां पैदा हो गई हैं। वर्तमान राजनीति धर्म, जाति, क्षेत्र, सम्प्रदाय, भ्रष्टाचार, अलगाववाद जैसे संकीर्ण मुद्दों पर आधारित हो गयी है। क्षेत्रीय दलों की जातिवादी राजनीति का जहर अब राष्ट्रीय दलों में भी फैलता दिखायी दे रहा है। जातिवाद हमारी सामाजिक व्यवस्था का अंग है लेकिन हमारे राजनेताओं ने उसका राजनीतिक उपयोग करके समाज को विघटन के कगार पर पहुंचा दिया है। राजनीति में जातिवाद का नया जोश पिछड़ावाद और अतिपिछड़ावाद के रूप में सामने आया है।

वर्तमान भारतीय राजनीतिक परिदृश्य में राजनीति और अपराध के मध्य चोली-दामन का साथ हो गया है। आज इनके मध्य स्पष्ट विभाजन रेखा खींचना बहुत कठिन हो गया है। राजनीतिक गठजोड़ों ने भी अपने स्तर पर अपराधीकरण में वृद्धि की है। गठजोड़ों की राजनीति में क्षेत्रीय एवं साम्प्रदायिक शक्तियों का ध्रुवीकरण तो हुआ ही है साथ ही लोकतांत्रिक मूल्यों एवं राष्ट्रीय भावना का क्षरण भी हुआ है। राजनीति व राजनेताओं के बीच मूल्यों का क्षरण इतनी तेज गति से हो रहा है कि पूरा राजनीतिक परिदृश्य ही उससे आच्छादित है। यह लोकतंत्र के लिए ही नहीं वरन् राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी चुनौती है।

बीते कुछ वर्षों में राजनीतिक दलों ने अपनी स्वार्थपूर्ति तथा सत्ता पर काबिज होने के उद्देश्य से धर्म को लेकर संकीर्ण राजनीति करना आरम्भ कर दिया था। इनका मुख्य ध्यान अपने वोट बैंक को खुश करने में दिखाई देता है। इनके सम्मिलित प्रभाव ने विभिन्न धर्मों के अनुयायियों को एक-दूसरे के विरोधी के रूप में देखने हेतु दुष्प्रेरित किया है जो कि भारतीय राजनीतिक व्यवस्था एवं देश की एकता हेतु अत्यन्त विघटनकारी हैं। वर्तमान में यह आवश्यकता है कि ऐतिहासिक घटनाओं से सीख लेते हुए धर्म का राजनीति में दुरुपयोग न किया जाए क्योंकि यह समाज में तनाव बढ़ाने के साथ भारत की वैश्विक छवि को भी धूमिल करता है।

बिना सिद्धांत की राजनीति के कारण ही हमारे राष्ट्रीय मूल्यों का क्षरण हुआ है, जो राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक चुनौती के रूप में सामने आ रहे हैं। यदि संसदीय लोकतंत्र की साख को बचाना है तो इसके लिए जनता को जागरूक होना पड़ेगा। राजनीति में इनकी भागीदारी के साथ ही साथ इनमें नैतिक मूल्यों का संचयन जरूरी है। जैसा कि अरस्तू ने कहा है कि एक आदर्श राज्य की स्थापना उस राज्य के नागरिकों के चरित्र से हो सकती है। आज जरूरी है कि आम जनता की राजनीति में भागीदारी बढ़े तथा अपने नेता का चुनाव ईमानदारी से देश हित के लिए करे, जिससे संसदीय प्रक्रिया प्रभावित न हो। वहीं राजनीतिक दलों को भी टिकट बंटवारे से लेकर चुनाव प्रबंधन और प्रचार में ईमानदारी बरतनी चाहिए ताकि संसदीय गरिमा को बचाया जा सके।

वस्तुतः भारतीय राजनीतिक व्यवस्था के समक्ष कई तरह की नवीन प्रवृत्तियाँ उभर कर सामने आई हैं, जिनमें क्षेत्रवाद, भाषावाद, जातिवाद भारतीय राजनीति के कुछ ऐसे मुद्दे हैं, जो कभी समाप्त नहीं हो सकते। वर्तमान समय में राष्ट्रीय हित को ध्यान में रखते हुए राजनीति में व्याप्त दुर्गुणों तथा अवरोधकों के साथ-साथ बहुदलीय राजनीतिक व्यवस्था की बनती संस्कृति को रोकना होगा और उनकी भूमिका को सीमित करना होगा, ताकि राष्ट्रीय एकता बनी रहे। वर्तमान भारतीय राजनीति के मूल्यों का क्षरण करने तथा उसकी पवित्र भावना को कुत्सित करने वाले लोगों को राजनीति से अलग रखकर भारतीय लोकतंत्र के सपने को साकार किया जा सकता है।

निष्कर्षतः वर्तमान समय में विभिन्न प्रकार की संकीर्णताओं तथा विसंगतियों के कुचक्र में फंसकर अपने मूल स्वरूप को खोती जा रही है। परिणामस्वरूप राष्ट्र का विकास और लोकतंत्र की मूल्यवादी भावना प्रतिकूल रूप से प्रभावित हो रही है। आज राजनीतिक पार्टियाँ परहित के बजाय स्वहित जैसी मान्यताओं को अपना मूल्य बना चुकी हैं, जिसके कारण परिवारवाद तथा भाई-भतीजावाद जैसी संकीर्ण अवधारणाएँ राष्ट्र के विकास में बाधक के रूप में सामने आ रही हैं। ऐसे में भारत के भूतपूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी जी का वक्तव्य महत्वपूर्ण हो जाता है कि सरकारें आएंगी, जाएंगी, पार्टियां बनेगी, बिगड़ेगी मगर ये देश रहना चाहिए।

**<u>खण्ड-2</u>** **40**

**प्रश्न- (क) समसामयिक परिप्रेक्ष्य में पर्यावरण-परिरक्षण और प्रदूषण निवारण की महत्ता।**

**(ख) गरीबी रेखा की तलाश सामाजिक समता का प्राथमिक प्रयास है**

**(ग) भारतीय जन-जीवन की विविध चुनौतियाँ**

**उत्तर- (क) समसामयिक परिप्रेक्ष्य में पर्यावरण-परिरक्षण और प्रदूषण निवारण की महत्ता :** वर्तमान संदर्भ में वैश्विक विकास मॉडल के मूल में पर्यावरणीय चिन्तन का दौर गम्भीर रूप ग्रहण कर

चुका है क्योंकि पूंजीवादी विकास मॉडल से उपजी उपभोक्तावादी संस्कृति के आयामों ने जिस जीवन शैली को गढ़ा है, उसने पर्यावरण के प्रति ममत्वभाव का परित्याग कर शोषणकारी भूमिका को ग्रहण कर लिया है। परिणामतः आज पर्यावरण से उत्पन्न जिस खतरे की आहट सुनाई दे रही है, उससे मनुष्य के साथ-साथ समस्त जीव-जन्तुओं का भविष्य अन्धकारमय लगने लगा है। पर्यावरण की शिथिल पड़ी धमनियों में पुनः प्राण-वायु का संचार करने हेतु पर्यावरण परिरक्षण और प्रदूषण निवारण पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

पर्यावरण हमारे चारों तरफ विभिन्न जैविक, अजैविक और ऊर्जा संघटकों से निर्मित ऐसा जीवनोपयोगी घेरा है, जिस पर हमारा सम्पूर्ण अस्तित्व और विकास निर्भर करता है। हमारा सम्पूर्ण जीवन इन्हीं संघटकों के चारों तरफ पुष्पित और पल्लवित होता है किन्तु अविवेकी मनुष्य ने अपने अनियोजित और दोहन मूलक गतिविधियों से पर्यावरण को इतनी क्षति पहुंचायी कि सम्पूर्ण मानव समाज व हमारा परिवेश विनाश के मुहाने पर आ खड़ा हुआ। वर्तमान समय में हमारे समक्ष पर्यावरणीय विदोहन से उत्पन्न अनेक समस्याएं सुरसा के मुंह की तरह दिखाई देने लगी हैं। जिनका प्रतिकार पर्यावरण परिरक्षण के माध्यम से ही सम्भव है। पर्यावरण परिरक्षण व्यक्तियों, संगठनों और सरकारों द्वारा प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा करने की प्रथा है। इसका उद्देश्य प्राकृतिक संसाधनों और मौजूदा प्राकृतिक पर्यावरण का संरक्षण करना और जहां तक संभव हो पर्यावरणीय क्षति की मरम्मत करना और प्रवृत्तियों को उलटना है।

पर्यावरण परिरक्षण की संकल्पना तभी साकार हो सकती है जब पर्यावरण को प्रतिकूल रूप से प्रभावित करने वाली अवांछनीय और नकारात्मक दशाओं का प्रतिकार किया जाए। ये दशाएं ही प्रदूषण का कारण बनती हैं, जो प्राकृतिक अथवा मानवीय कारणों से उत्पन्न होकर पर्यावरण के जीवनोपयोगी भौतिक घटकों में असमायोजन, असंतुलन और विकृतियाँ उत्पन्न कर मनुष्य, जीव-जन्तु और भौतिक दशाओं को प्रभावित करती है। प्रदूषण की गम्भीर समस्या वर्तमान विश्व की एक प्रमुख चुनौती है। पर्यावरण का विस्तार वैश्विक स्थितियों तक होने के कारण इसके स्वरूप में व्यापकता और स्वभाव में जटिलता आ गयी है, जिससे वैश्विक पटल पर यह एक बहुआयामी समस्या के रूप में उपस्थित होती है तथा अनेक आपदाओं और दुर्घटनाओं का प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष कारण बनती है।

अपने पर्यावरण को परिरक्षित करने के लिए हमें सबसे पहले 'जल' को प्रदूषण से बचाना होगा क्योंकि जल के बिना पृथ्वी पर जीवन की कल्पना असम्भव है। इसके लिए विभिन्न स्रोतों से निकलने वाले दूषित जल को नदियों तथा समुद्रों में जाने से रोकना होगा अन्यथा की दशा में जलचरों के जीवन को संकट का सामना करना पड़ता है। दूसरी तरफ जब उसके प्रदूषित जल का उपयोग कृषि कार्यों में किया जाता है तो मृदा के साथ-साथ उत्पादित खाद्य पदार्थ भी विषाक्त हो जाते हैं, जिसका सेवन मानव स्वास्थ्य को प्रतिकूल रूप से प्रभावित करता है। अतः यदि हम अपना तथा अपनी भावी पीढ़ी का भविष्य सुरक्षित रखना चाहते हैं, तो जल को प्रदूषित होने से बचाना होगा।

आज वायु प्रदूषण ने भी हमारे पर्यावरण को बहुत हानि पहुंचायी है। जल प्रदूषण की भांति वायु प्रदूषण भी मनुष्य के सामने एक चुनौती के रूप में व्याप्त है वर्तमान समय में मानव विकास के मार्ग पर अग्रसर है, किन्तु कल-कारखानों की चिमनियों से लगातार उठने वाला धुआं, वाहनों तथा इंजनों से निकलने वाली गैसें व धुआं, ए.सी. जेनरेटर, ईंट के भट्ठों आदि से कार्बन डाई ऑक्साइड, क्लोरोफोलोरो कार्बन, सल्फर डाई ऑक्साइड, नाइट्रस ऑक्साइड प्रतीक्षण वायुमण्डल में घुलते रहते हैं जिससे वायुमण्डल बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। परिणामस्वरूप विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याएँ जन्म ले रही हैं। वस्तुतः वायु प्रदूषण अत्यधिक व्यापक रूप ले चुका है। सही मायनों में स्वस्थ व स्वच्छ पर्यावरण पर ही हमारा भविष्य निर्भर करता है इसके लिए हमें वायु प्रदूषण से पर्यावरण को बचाना अति आवश्यक है।

इसके अतिरिक्त ध्वनि प्रदूषण, मृदा प्रदूषण, रेडियो ऐक्टिव प्रदूषण इत्यादि के द्वारा भी हमारा पर्यावरण प्रतिकूल रूप से प्रभावित हो रहा है। बढ़ते प्रदूषण के कारण पृथ्वी का अस्तित्व खतरे में पड़ता जा रहा है। वर्तमान समय में व्याप्त पर्यावरणीय समस्याओं को देखते हुए पर्यावरण परिरक्षण एवं प्रदूषण निवारण की महत्ता से इंकार नहीं किया जा सकता है। प्रदूषण की रोकथाम वित्तीय लागत और स्वास्थ्य समस्याओं तथा पर्यावरणीय क्षति को कम करने के साथ-साथ प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और संवर्द्धन के द्वारा पर्यावरण की रक्षा करती है। पर्यावरण का परिरक्षण ही हमारी भावी पीढ़ी को रहने योग्य एक स्वस्थ वातावरण प्रदान कर सकती है। पर्यावरण को लगातार नुकसान पहुंचाने के कारण अब हम ऐसी स्थिति में पहुंच गये हैं कि हम पर्यावरण संरक्षण के बिना इस नीले-हरे ग्रह पर लंबे समय तक जीवित नहीं रह सकते हैं।

पर्यावरण संरक्षण का समस्त प्राणियों के जीवन तथा धरती के समस्त प्राकृतिक परिवेश से घनिष्ठ सम्बन्ध है। प्रदूषण के कारण सम्पूर्ण पृथ्वी दूषित हो रही है और निकट भविष्य में मानव सभ्यता का अंत दिखाई दे रहा है। इस स्थिति को देखे हुए सन् 1992 में ब्राजील में विश्व के 174 देशों का पृथ्वी सम्मेलन आयोजित किया गया। इसके पश्चात् सन् 2002 में जोहॉन्सबर्ग पृथ्वी सम्मेलन आयोजित कर विश्व के सभी देशों को पर्यावरण संरक्षण पर ध्यान देने के लिए अनेक उपाय सुझाए गए। वस्तुतः पर्यावरण संरक्षण से ही धरती पर जीवन का संरक्षण सम्भव है, अन्यथा वह दिन दूर नहीं जब मनुष्य अपनी सभ्यता और पृथ्वी का विनाश अपनी आंखों से किंकर्तव्यविमूढ़ होकर देखने के लिए मजबूर होगा।

निष्कर्षतः पर्यावरण प्रदूषण आज सम्पूर्ण विश्व का सिर दर्द बन गया है। विश्व इसके प्रति गम्भीर है। अतः पर्यावरण परिरक्षण के द्वारा ही मानव व अन्य जीवों का संरक्षण सम्भव है। इसके लिए सरकारी प्रयासों के साथ जनमानस की भागीदारी भी अपेक्षित है। विश्व के प्रत्येक व्यक्ति को पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान देना चाहिए। जैसा कि गांधीजी ने कहा है कि प्रकृति के पास हमारी आवश्यकता पूर्ति के लिए बहुत है, पर लालच के लिए बहुत कम। अतः हमें अपनी लालचवश बढ़ती आवश्यकताओं को कम करना होगा जिससे अपने प्राकृतिक परिवेश को संरक्षित जा सके क्योंकि पर्यावरण संरक्षण के द्वारा ही मानव संरक्षण सम्भव है।

**उत्तर-(ख) गरीबी रेखा की तलाश सामाजिक समता का प्राथमिक प्रयास है :**

श्वानों को मिलता दूध-वस्त्र,
भूखे बालक अकुलाते हैं।

गरीबी को स्पष्ट करती दिनकरजी की उक्त पंक्तियाँ मानव जीवन की उस दशा का भयावह व दारुण चित्र प्रस्तुत करती हैं, जिसमें मनुष्य अपनी न तो जरूरतें पूर्ण कर पाता है और न ही अपने पेट की क्षुधा को। आर्थिक स्तर पर व्याप्त असमानता जहां सामाजिक अंतर का कारण बनती है वहीं सम्पन्न वर्ग द्वारा विलासिता की वस्तुओं पर अपव्यय किया जाता है। अर्थ का यह अंतर एक तरफ अमीर वर्ग को विकास व प्रगति का मौका देता है, वहीं दूसरी ओर गरीब अपनी

विपन्न स्थिति में बना रहता है। ऐसी दशा में समाज में समता व समानता की स्थिति प्राप्त करने हेतु गरीबों को आर्थिक सहायता जरूरी हो जाती है। यह तभी संभव हो पाएगा जब गरीबी रेखा का एक मानक निर्धारित किया जाए।

आदिम अवस्था में मानव अपनी आवश्यकतानुसार वस्तुओं का उपभोग करता था। वहां पर असमानता का भाव नहीं था परंतु विकास के क्रम में जब मानव कृषि तथा मृदा के अधिशेष का संयम करने लगा तब असमानता की स्थिति उत्पन्न हुई। प्रभुत्वशाली, ताकतवर व्यक्ति अपने पास धन का संकेन्द्रण करने लगा। इसी संकेन्द्रण के परिणामस्वरूप समाज में असमानता उत्पन्न हो गयी। वर्तमान समय जब लोकतंत्र, समाजवाद तथा साम्यवादी विचारधारा से मानव चिंतन परिपूर्ण हुआ, तब मानवाधिकार तथा उपभोग संतुलन की मांग उठने लगी। विभिन्न सामाजिक-राजनीतिक चिंतक, अंतर्राष्ट्रीय मंच, बुद्धिजीवी वर्ग समाज में समता की स्थापना के माध्यम सर्वकल्याण की स्थापना की वकालत करते दिखायी देते हैं और उसकी यह मांग समतामूलक समाज के निर्माण व विकास के लिए आवश्यक है।

गरीबी दीनता की वह दशा है जिसमें मानव को अपनी प्राथमिक आवश्यकता पूर्ति में बाधा उत्पन्न होती है। भोजन का अभाव, स्वास्थ्य सेवाओं की अनुपलब्धता, शिक्षा प्राप्त न कर पाना इत्यादि गरीबी के ही परिणाम हैं। छोटे-छोटे बच्चों की मौत गरीबी का वीभत्स प्रमाण है। सामाजिक परिप्रेक्ष्य में शक्तिहीनता, राजनीतिक व्यवस्था में प्रतिनिधित्व का न होना और अवसरों का अभाव गरीबी द्वारा तैयार की गयी विभिन्न अवस्थाएं हैं। शहरी व कस्बाई क्षेत्रों में बड़ी संख्या में महिलाएँ और बच्चे कचरा बीनते तथा फुटपाथ पर भीख मांगते दिखायी दे जाते हैं। यह कार्य जोखिम भरा तथा अपमानजनक है। संविधान के नीति निदेशक तत्वों के उपबंधों के अधीन सरकार द्वारा अपने कल्याणकारी दायित्व का निर्वहन करते आजादी के बाद से ही कार्य प्रारम्भ कर दिया।

भारत में लगभग 35 करोड़ लोग गरीबी रेखा के नीचे रहकर अपना जीवन गुजार रहे हैं। आजादी के पश्चात इस सीमा रेखा के निर्धारण का कार्य योजना अयोग को सौंपा गया था। योजना आयोग ने स्पष्ट किया था कि किसी व्यक्ति को अपने जीवन की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए पौष्टिक आहार, सामान्य स्तर का कपड़ा, मकान और कुछ अन्य सामग्रियों जो किसी परिवार के लिए जरूरी हैं। इसके साथ ही शिक्षा, स्वच्छ पानी व साफ पर्यावरण मानव जीवन के लिए महत्वपूर्ण आवश्यकता है। कैलोरी मान को गरीबी मापन हेतु योजना आयोग द्वारा स्वीकार किया गया, जिसके अंतर्गत शहरी क्षेत्रों में 2100 कैलोरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 2400 प्रतिव्यक्ति उपभोग को मानक माना गया।

सामाजिक समता की स्थापना हेतु गरीबी रेखा के मानकों का निर्धारण आवश्यक होता है, इसके लिए अर्थशास्त्रियों द्वारा दो तरह के प्रतिमान निर्धारित किए गए हैं पहला सापेक्ष गरीबी तथा दूसरा निरपेक्ष गरीबी। सापेक्ष गरीबी में विभिन्न आयु वर्गों में असमानता को स्पष्ट किया जाता है तथा निरपेक्ष गरीबी के अंतर्गत मानव आवश्यकताओं का निर्धारण का न्यूनतम सीमा रेखा का निर्धारण करते हैं। निर्धारित सीमा रेखा से नीचे के व्यक्तियों को गरीब माना जाता है। भारत में गरीबी मापन हेतु निरपेक्ष मानक ही स्वीकार किया गया है।

सामाजिक क्षमता की प्राप्ति किसी कल्याणकारी राज्य के लिए लक्ष्य व आदर्श होता है। भारत सरकार भी इसकी प्राप्ति हेतु प्रयासरत है। आजादी के बाद गरीबी रेखा के निर्धारण तथा वंचितों को विभिन्न प्रकार सहायता उपलब्ध कराने हेतु कई समितियों का गठन किया गया। अवध समिति, लकड़वाला समिति, तेन्दुलकर समिति तथा रंगराजन समिति गरीबी रेखा की सीमा निर्धारण हेतु गठित की गयी सरकारी समितियाँ हैं। तेंदुलकर तथा रंगराजन समिति द्वारा गरीबी रेखा निर्धारण हेतु जीवन निर्वाह लागत सूचकांक यानि प्रति व्यक्ति उपभोग व्यय को आधार बनाया गया।

वर्तमान समय में गरीबों का उत्थान पर समाज की मुख्य धारा में लाने हेतु यूनिवर्सल बेसिक इनकम प्रायः चर्चा का विषय बना है। यूरोप के कई देश इसके माध्यम से अपने देश में गरीबी निवारण में सफलता भी पायी है भारत जैसे देश में जहां गरीबी का स्तर लगभग 30% तक है। वहां यूनिवर्सल बेसिक इनकम काफी कारगर हो सकती है और नागरिक सामाजिक विकास मुख्य धारा में आ सकते हैं, किन्तु यह तभी संभव होगा जब इसके लाभार्थियों का सीमांकन कर लिया जाए।

भारत सरकार गरीबी निवारण तथा सामाजिक क्षमता की स्थापना हेतु गरीबी रेखा निर्धारण के पश्चात ही विभिन्न प्रकार की योजनाएं चला रही है। अन्नपूर्णा योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, अंत्योदय योजना, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना इत्यादि गरीबी निवारण से संबंधित योजनाएं हैं ये योजनाएं अपने सार्थक स्वरूप में तभी फलीभूत हो सकती हैं जब इसके लाभार्थियों का मानक निर्धारित कर दिया जाए। गरीबी रेखा का निर्धारण इसी मानक का एकमात्र उपाय है।

अंतर्राष्ट्रीय संगठन भी गरीबी निवारण हेतु प्रयासरत हैं। संयुक्त राष्ट्र से सम्बद्ध तथा मानव विकास सूचकांक प्रतिपादक अर्थशास्त्री महबूब-उल-हक ने मानव विकास को गरीबी के विरुद्ध लड़ाई के रूप में स्वीकार किया है। विश्व बैंक ने गरीबी रेखा का मानक 1.90 डॉलर प्रतिदिन माना है। इससे कम आय प्राप्त करने वाला व्यक्ति गरीब की श्रेणी में होगा। आर्थिक संवृद्धि का निम्न स्तर, सामाजिक असमानता में वृद्धि, भुखमरी, कुपोषण, स्वास्थ्य की समस्याएँ, अशिक्षा, निम्न जीवन स्तर इत्यादि गरीबी के उत्पन्न परिणाम हैं। ऐसे में गरीबी की समाप्ति राष्ट्र के विकास के लिए आवश्यक हो जाती है।

संवृद्धि विकास में तभी परिवर्तित होती है, जब निर्धनता का उन्मूलन हो जाए यानि लोगों को अपनी न्यूनतम आवश्यकता अर्थात भोजन, कपड़ा व मकान की प्राप्ति हो जाए। जीवन प्रत्याशा में वृद्धि तथा शैक्षणिक उन्नयन की व्यवस्था ही सामाजिक विकास का मूल है। सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि ही विकास मानक नहीं बन सकती जब तक वहां के लोग गरीबी की मार झेल रहे हों। इस संदर्भ में गरीबी रेखा का मानक निर्धारित किए बिना विकास की मुख्य धारा में आगे आने से बच गए। लोगों का उत्थान संभव नहीं हो सकता है। इसीलिए गरीबी देश की तलाश सामाजिक समता की स्थापना का प्रथम प्रयास माना गया है।

### उत्तर-(ग) भारतीय जन-जीवन की विविध चुनौतियाँ

चुनौती कोई एक समस्या नहीं है। हम आमतौर पर उन्हीं मुश्किलों को चुनौती कहते हैं, जो महत्वपूर्ण तो हैं लेकिन जिन पर जीत हासिल की जा सकती है। यदि किसी मुश्किल के भीतर ऐसी संभावना है कि उस मुश्किल से छुटकारा मिल सके तो उसे चुनौती कहते हैं। भारतीय जन-जीवन वर्तमान में कई चुनौतियों का सामना कर रहा है। चूंकि समाज एक परिवर्तनशील इकाई है और वैश्वीकरण के फलस्वरूप मानव की अकांक्षाएं भी बढ़ी हैं। ऐसे में नए मानक व लक्ष्यों के निर्धारण और उन्हें प्राप्त करने में लोग नयी-नयी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं।

परिवर्तनशील समय चक्र के सापेक्ष सामाजिक स्थितियाँ तेजी से बदल रही हैं। इस बदली दशा में मानव एक विचित्र झंझावत में फंसा हुआ है। भौतिक एवं आर्थिक प्रगति ने मानव के लिए अनेक सुख-सुविधाओं का अंबार लगा दिया है, परंतु आंतरिक दृष्टि से मानव